रायपुर, रविवार, 10 मई 2026 शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 90
पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित
दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com

आज राजधानी में टकराएंगे रोहित-कोहली के धुरंधर!

विदेशी खिलाड़ियों को पंसद आया हमारा स्टेडियम, रोहित-बुमराह ने जमकर की प्रैक्टिस

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर आईपीएल मैच के वर्ल्ड क्लास रोमांच के लिए सज चुकी है। नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आज होने वाले 'महामुकाबले' से पहले मुंबई इंडियंस के रणबांकुरों ने प्रैक्टीस मैच के दौरान मैदान पर जमकर पसीना बहाया है। एक तरफ जहाँ 'हिटमैन' रोहित शर्मा के गगनचुंबी शॉट्स ने दर्शकों की धड़कनें बढ़ा दीं, वहीं जसप्रीत बुमराह की सटीक यॉर्कर और फिटनेस ड्रिल्स ने आरसीबी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। आईपीएल 2026 का यह कारवां अब रायपुर की धरती पर इतिहास रचने को तैयार है। ट्रैफिक पुलिस ने स्टेडियम तक जाने का रूट मैप जारी किया है, जिसके मुताबिक पार्किंग से स्टेडियम तक की दूरी डेढ़ 2 किलोमीटर है, ऐसे में अब क्रिकेट प्रेमी कार पासेस को लेकर एप्रोच लगा रहे हैं।

रोहित ने पुल शॉट का जमकर किया अभ्यास

स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने नेट्स पर घंटों पसीना बहाया। उन्होंने अपने सिग्नेचर 'पुल शॉट' का जमकर अभ्यास किया, जो कल आरसीबी के गेंदबाजों के लिए चुनौती बन सकता है।

बुमराह का फिटनेस मंत्र



दुनिया के नंबर वन गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपनी फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया। लगभग एक घंटे तक उन्होंने ट्रेनिंग स्टाफके साथ रन-अप और लाइन-लेंथ की बारीकियों पर चर्चा की।

विदेशी खिलाड़ियों का जलवा

टीम के सभी 7 विदेशी खिलाड़ी अभ्यास सत्र में शामिल हुए, जहां तेज गेंदबाजों ने अपनी गति और सटिक यॉर्कर की प्रैक्टिस की।

वार्मअप और मस्ती

खिलाड़ियों ने 18 मिनट तक कैचिंग प्रैक्टिस की। गंभीर अभ्यास के बीच खिलाड़ी कुछ लाइट मोमेंट्स और वीडियो शूट करते भी नजर आए।

- **10 मई (आज):** मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु।
- **13 मई:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स।
- **समय:** दोनों ही मुकाबले शाम 7:30 बजे से शुरू होंगे।

ट्रैफिक एडवाइजरी

- प्रशासन ने दर्शकों की भारी भीड़ को देखते हुए विशेष रूट मैप जारी किया है ताकि जाम की स्थिति न बने। मुख्य पार्किंग से स्टेडियम की दूरी लगभग 1.5 से 2 किलोमीटर है, इसलिए समय से पहले घर से निकलें।
- **पार्किंग पास:** कार पास को लेकर भारी मांग देखी जा रही है, बिना पास वाले वाहनों के लिए अलग पार्किंग व्यवस्था की गई है। पुलिस ने अपील की है कि दर्शक ट्रैफिक नियमों का पालन करें और निर्धारित रूट का ही उपयोग करें ताकि स्टेडियम समय पर पहुंच सकें।

आज बेबाक

बंगाल और असम में जिस तरह हिंदुओं ने एकजुट होकर हिन्दू धर्म का मजाक उड़ाने वाली पार्टियों को फूंक मारकर उड़ाया है उससे तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली तमाम राजनीतिक पार्टियों के कर्णधारों के होश उड़ गए हैं। कल तक भगवान श्री राम को काल्पनिक बताने वाले धर्मद्रोही अब राम राम जपने लगे हैं। उन्हें यह डर सता रहा है कि सारे हिन्दू मिलकर उनकी पार्टी का राम नाम सत है, सबकी यही गत है न कर दें। बहुत जल्द ये सारे कालनेमि जनेऊ और तिलकधारी बन सकते हैं और मंदिरों में घंटा बजाते और भंडारा कराते नजर आ सकते हैं।

तापमान	
अधिकतम 44°	न्यूनतम 27°

बाजार भाव	
गोल्ड 1,51,140	सिल्वर 2,54,798

शेयर बाजार	
सेंसेक्स 77,328.19	निफ्टी 24,176.15

विश्व जनसंख्या	भारत जनसंख्या
8,291,743,121	1,474,975,253

ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्रोफाइल बदला

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बदलते ही पूर्व सीएम ममता बनर्जी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्रोफाइल बदल दिया। उन्होंने बायो में लिखा, 'फाउंडर चेयरपर्सन ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस और 15वीं,16वीं,17वीं विधानसभा की मुख्यमंत्री। इससे पहले उनके बायो में फाउंडर चेयरपर्सन ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस, ऑनरेबल चीफ मिनिस्टर,वेस्ट बंगाल लिखा था। बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बावजूद ममता ने मुख्यमंत्री पद छोड़ने के इनकार कर दिया। ममता ने इस्तीफा नहीं दिया।

गरमा-गरम

पीएम मोदी ने घुटनों के बल बैठकर जनता को किया प्रणाम, दिलीप घोष समेत 5 मंत्री बने

सुवेंदु बंगाल में भाजपा के पहले सीएम

कोलकाता/ए.। सुवेंदु अधिकारी शनिवार को पश्चिम बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। सुवेंदु ने बांग्ला में ईश्वर के नाम की शपथ ली। शपथ के बाद सुवेंदु, पीएम के पास गए और उन्हें झुककर प्रणाम किया। बंगाल के गवर्नर आरएन रवि ने सुवेंदु के अलावा 5 और विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई।

इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू और निषिथ प्रमाणिक शामिल रहे। शपथ में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, एनडीए और बीजेपी शासित राज्यों के 20 मुख्यमंत्री मौजूद रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले मोदी ने मंच पर रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पीएम ने भाजपा के 98 साल के कार्यकर्ता माखनलाल सरकार का सम्मान किया। मंच पर आते ही प्रधानमंत्री ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शपथ ग्रहण के साक्षी बने सीएम साय और दोनों डिप्टी सीएम

बंगाल में 'कमल' राज: शपथ ग्रहण के साक्षी बने सीएम साय, शुवेंदु को दी बधाई

रायपुर/कोलकाता। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्रियों और कैबिनेट मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री शनिवार सुबह शुवेंदु अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए शुवेंदु अधिकारी ने शनिवार सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बंगाल की यह ऐतिहासिक जीत विकास की नई इबारत लिखेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि शुवेंदु अधिकारी के समृद्ध राजनीतिक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

2016 में पहली बार खाता खोला, 2026 में भाजपा का पहला सीएम

बीजेपी के गठन के बाद 1982 में पार्टी ने बंगाल में पहला विधानसभा चुनाव लड़ा था। पार्टी को खाता खोलने में 34 साल लगे और 2016 में उसने 3 सीटें जीतें। तब पार्टी का वोट शेयर 10.3% था। 2021 में भाजपा ने 38.4% वोट शेयर के साथ 77 सीटें हासिल कीं। इस बार पार्टी ने 45.84% वोट शेयर के साथ 207 सीटें हासिल कीं।

5 मंत्रियों ने ली शपथ

1. दिलीप घोष
2. अग्निमित्रा पॉल
3. अशोक कीर्तनिया
4. खुदीराम टूडू
5. निषिथ प्रमाणिक

विजय आज लेंगे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ

बहुमत का आंकड़ा पार हुआ, कांग्रेस ने 5 विधायक हैदराबाद भेजे

चेन्नई/ए.। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के 5 दिन बाद भी एक्टर विजय के सरकार बनाने को लेकर सस्पेंस बरकरार है। विजय की टीवीके पार्टी के पास अभी 116 विधायकों का समर्थन है। उन्हें सरकार बनाने के लिए कुल 118 विधायक चाहिए।

दो सीटें जीतने वाली वीसीके थोड़ी देर में टीवीके को समर्थन देने पर अपने फैसले का ऐलान करेगी। इसके अलावा इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के पास भी दो विधायक हैं। किसी एक पार्टी ने भी समर्थन दिया तो विजय के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार बन सकती है। इस बीच कांग्रेस ने हॉर्स ट्रेडिंग के डर से अपने पांच विधायकों को हैदराबाद भेज दिया है। पार्टी सूत्रों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

वीसीके ने दिन में समर्थन की बात कही, रात तक कोई एक्शन नहीं

वीसीके के समर्थन की अटकलें पिछले 5 दिन से चल रही है। वीसीके चीफथिरुमावलवन ने शुक्रवार सुबह सार्वजनिक रूप से कहा था कि उनकी पार्टी टीवीके को समर्थन देगी। लेकिन देर रात तक समर्थन का औपचारिक पत्र नहीं सौंपा। इसके कारण विजय के सीएम पद की शपथ फिर से टालनी पड़ी।

राजनांदगांव की सुष्मिता सिंह बनी आईएफएस, देश भर में 32वीं रैंक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के लिए गर्व का क्षण है। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी भारतीय वन सेवा परीक्षा 2025 के अंतिम परिणामों में शहर की सुष्मिता सिंह ने अपनी मेधा का परचम लहराया है। सुष्मिता ने देशभर में 32वां रैंक प्राप्त कर भारतीय वन सेवा के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया है।

शिक्षा और करियर का सफर: सुष्मिता की प्रारंभिक शिक्षा राजनांदगांव के जेएमजे नवजीवन स्कूल और रॉयल किड्स स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने जैन इंटरनेशनल स्कूल, बिलासपुर से

पढ़ाई की और डीपीएस भिलाई से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। उच्च शिक्षा के लिए वे देहरादून गईं, जहाँ यूपीईएस से कंप्यूटर साइंस में बीटेक की डिग्री हासिल की। बीटेक के बाद उन्होंने एक साल तक निजी क्षेत्र में नौकरी भी की, लेकिन देश सेवा के जुनून के चलते उन्होंने इस्तीफा दे दिया और सिविल सेवा की तैयारी में जुट गईं।

पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

यूपी में बने सिस्टम से प्रदेश में आंधी-तुफान बिजली गिरने का अलर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। यूपी से ओडिशा तक बनी ट्रफ लाइन के असर से छत्तीसगढ़ में मौसम बदला हुआ है। शनिवार शाम रायपुर, दुर्ग और अंबिकापुर में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई है। राजधानी के कई इलाकों में इस दौरान अंधेरा भी छाया रहा। भिलाई में आंधी तुफान के बाद छींटे पड़े। मौसम विभाग ने गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की है। प्रदेश में अगले 2 दिनों तक कुछ जगहों पर 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। हालांकि 11 मई के बाद आंधी-तूफान की गतिविधियों में धीरे-धीरे कमी आने के संकेत हैं।

खुलासा: खाद्य अधिकारी, एजेंसी संचालक और दलाल ने रची 1.5 करोड़ की एलपीजी गैस गबन की साजिश

90 मीट्रिक टन गैस 'हजम' सिस्टम को बना दिया ठिकाना!

फर्जी पंचनामा बनाकर पुलिस को उलझाने की थी कोशिश

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में सामने आए एलपीजी गैस गबन मामले ने प्रशासनिक और कारोबारी गठजोड़ की परतें खोल दी हैं। करीब डेढ़ करोड़ रुपये मूल्य की गैस के गबन, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के आरोप में पुलिस ने तत्कालीन खाद्य अधिकारी अजय यादव, गौरव गैस एजेंसी संचालक पंकज चंद्राकर और रायपुर के व्यवसायी मनीष चौधरी के खिलाफ गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया है। जांच में खुलासा हुआ है कि जब्त किए गए छह एलपीजी कैप्सूलों में मौजूद करीब 92 मीट्रिक टन गैस को चोरी-छिपे निकालकर बेच दिया गया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जब्त कैप्सूलों पर पड़ी थी करोड़ों की नजर

पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 24 दिसंबर 2025 को जब्त किए गए छह गैस कैप्सूल सिंघोड़ा थाना परिसर में सुरक्षित रखे गए थे। 26 मार्च 2026 को तत्कालीन खाद्य अधिकारी अजय यादव और गैस एजेंसी संचालक पंकज चंद्राकर गैस की मात्रा का आकलन करने थाना पहुंचे। जांच में सामने आया कि छह कैप्सूलों में लगभग 105 मीट्रिक टन गैस मौजूद थी। इतनी बड़ी मात्रा देखकर दोनों के मन में करोड़ों रुपये कमाने की योजना बन गई। पुलिस के मुताबिक यहीं से पूरे गबन की पटकथा लिखी गई।

योजना का लाभ : 7 मई से लागू हुई नई व्यवस्था, 4% के बजाय अब लग रहा मात्र 2% पंजीयन शुल्क

रायपुर में रिकॉर्ड : 48 घंटे में 91 महिलाओं के नाम हुई प्रॉपर्टी

सैनिकों को भी स्टाम्प ड्यूटी में राहत

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को संपत्ति के मालिकाना हक में सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई '50 प्रतिशत विशेष छूट' योजना का असर दिखने लगा है। योजना लागू होने के महज 48 घंटों के भीतर अकेले रायपुर जिले में 91 महिलाओं ने अपने नाम पर जमीन और मकान की रजिस्ट्री कराई है। सॉफ्टवेयर अपडेट होने के बाद पंजीयन कार्यालयों में महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्री कराने वालों

की संख्या में 5 गुना तक का उछाल देखा गया है।

राज्य सरकार ने 7 मई से महिलाओं के लिए पंजीयन शुल्क में भारी कटौती की है। अब महिलाओं को संपत्ति पंजीयन के लिए 4 प्रतिशत के स्थान पर केवल 2 प्रतिशत शुल्क देना पड़ रहा है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, योजना के पहले दिन यानी 7 मई को रायपुर जिले में 116 में से 15 रजिस्ट्री महिलाओं के नाम हुईं। लेकिन दूसरे ही दिन, 8 मई को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रजिस्ट्री में महिलाओं को मिली बड़ी राहत

बचत का आंकड़ा: योजना के शुरुआती 2 दिनों में ही 91 महिलाओं ने रजिस्ट्री कराई, जिससे उन्हें कुल 34.51 लाख रुपये की सीधी बचत हुई।
शुल्क में कटौती: महिलाओं के लिए पंजीयन शुल्क को 4% से घटाकर 2% कर दिया गया है (50% की छूट)।
सॉफ्टवेयर अपडेट: राज्य सरकार के निर्देश पर 7 मई से पंजीयन विभाग ने नए सॉफ्टवेयर के साथ काम शुरू कर दिया है।
रुझान में उछाल: 7 मई को जहां केवल 15 महिलाओं ने रजिस्ट्री कराई थी, वहीं 8 मई को यह संख्या बढ़कर 76 हो गई (लगभग 5 गुना की वृद्धि)।
5 गुना बढ़ोतरी: एक ही दिन में महिला रजिस्ट्री का आंकड़ा 15 से बढ़कर 76 पहुंचा।
कुल बचत: दो दिनों में महिलाओं ने कुल 34 लाख 51 हजार 587 रुपए बचाए।
सैनिकों को भी तोहफा: सेवारत और भूतपूर्व सैनिकों को 25 लाख तक की रजिस्ट्री पर स्टाम्प शुल्क में 25% की छूट।
शर्तें: सैनिकों के लिए छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना और संबंधित दस्तावेज अनिवार्य।

सुब्रमणि होंगे अगले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ

31 मई को संभालेंगे कार्यभार

नई दिल्ली/वार्ता। केंद्र सरकार ने भारतीय सेना के अनुभवी अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल एन. एस. राजा सुब्रमणि (रिटायर्ड) को देश का नया चीफऑफडिफेंस स्टाफ नियुक्त किया है। वह 31 मई, 2026 को कार्यभार ग्रहण करेंगे। सुब्रमणि मौजूदा सीडीएस जनरल अनिल चौहान का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 मई को समाप्त हो रहा है।

थिएटर कमांड को मिलेगी गति: लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि की नियुक्ति सैन्य जगत में बेहद अहम मानी जा रही है। उनके कंधों पर सेना के तीनों अंगों (थल, जल और नभ) के एकीकरण और बहुप्रतीक्षित 'थिएटर कमांड' की प्रक्रिया को धरातल पर उतारने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। सीडीएस के साथ-साथ वे सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में भी अपनी सेवाएं देंगे।

शानदार रहा है सैन्य सफर: दिसंबर 1986 में 'गढ़वाल राइफल्स' से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भारत सरकार
सोमनाथ
सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत्॥
सोमनाथ
विरासत के 75 साल
सोमनाथ भारत की अजेय सभ्यता का प्रतीक है। 1000 वर्षों के विनाशकारी प्रहारों के बाद भी, सोमनाथ आज हमारे आत्म-सम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है। 75 वर्ष पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से आधुनिक सोमनाथ का मार्ग प्रशस्त हुआ।
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, आज यह पावन भूमि भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उद्घोष कर रही है।
S-47772
"सोमनाथ आशा का वह गीत है जो हमें सिखाता है कि सृजन की शक्ति विनाश से कहीं अधिक प्रबल होती है।"
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी
(अध्यक्ष, श्री सोमनाथ ट्रस्ट)
इस स्वर्णिम अवसर के साक्षी बनें
मुख्य गतिविधियां
कलश यात्रा | भजन संध्या | ॐकार मंत्र का जाप
सोमनाथ पुस्तिका में मंत्र लेखन | सोमनाथ से जुड़ी कथाओं का वाचन
श्री सोमनाथ मंदिर परिसर
प्रभास पाटन
8 से 11 मई, 2026
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
सोमनाथ की दिव्यता व भव्यता में दें योगदान और बनें गौरवशाली इतिहास का हिस्सा।
स्कैन करें।
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

रायपुर नगर निगम जोन-1 में लोक अदालत, 9 प्रकरणों का त्वरित निराकरण

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक-1 कार्यालय में शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायमूर्ति ऋषि कुमार बर्मन विशेष रूप से उपस्थित रहे। लोक अदालत में जोन-1 क्षेत्र से जुड़े 9 प्रकरणों की सुनवाई कर उनका त्वरित निराकरण किया गया।

लोक अदालत में पहुंचने पर नोडल अधिकारी एवं नगर निगम जोन-4 की जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी तथा नगर निगम जोन-1 के जोन कमिश्नर श्री अंशुल शर्मा ने न्यायमूर्ति ऋषि कुमार बर्मन का बुके भेंट कर स्वागत किया।

इस दौरान नगर निगम जोन-1 के लाइनमैनों ने गोगांव और पुरानी भनपुरी पानी टंकी परिसर में असामाजिक तत्वों के जमावड़े की शिकायत न्यायमूर्ति के समक्ष रखी। इस पर न्यायमूर्ति ने संबंधित थाना प्रभारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश देने की बात कही। जोन कमिश्नर श्री अंशुल शर्मा ने न्यायमूर्ति को जोन-1 में संचालित विभिन्न जनसुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत जोन कार्यालय में आरआरआर (रियूज, रिड्यूस, रिसायकल) सेंटर संचालित किया जा रहा है, जहां नागरिक अपने घरों की पुरानी उपयोगी वस्तुएं जमा कर रहे हैं, जिन्हें जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

इसके अलावा जोन में फूड बैंक की भी व्यवस्था की गई है, जहां दो किलोग्राम पॉलीथिन जमा करने पर लोगों को पानी की बोतल अथवा नाश्ता उपलब्ध कराया जाता है। गर्मी के मौसम को देखते हुए राहगीरों के लिए सार्वजनिक प्याऊघर भी संचालित किया जा रहा है, जहां ठंडे पेयजल की व्यवस्था की गई है।

न्यायमूर्ति ऋषि कुमार बर्मन ने आरआरआर सेंटर, फूड बैंक और सार्वजनिक प्याऊघर का प्रत्यक्ष अवलोकन कर जनसुविधाओं की सराहना की। लोक अदालत के दौरान जोन कार्यपालन अभियंता श्री द्रोणी कुमार पैकरा, सहायक अभियंता श्री शरद देशमुख, उपअभियंता श्री गोपाल प्रधान सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

28 करोड़ के बैंक घोटाले की अब ईडी करेगी जांच

■ मंत्री रामविचार नेताम ने किया ऐलान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम ने किसानों के हितों की रक्षा और भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी 'जीरो टॉलरेंस' नीति का परिचय देते हुए सरगुजा संभाग के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, अंबिकापुर की शंकरगढ़ और कुसमी शाखाओं में हुए करीब 28 करोड़ रुपये के वित्तीय घोटाले के मामले में बड़ी कार्रवाई की पहल की है। अब इस पूरे मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की जाएगी। बताया जा रहा है कि बैंक कर्मचारियों ने मनरेगा और जनपद पंचायत के नाम पर फर्जी खाते खोलकर बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के किसानों और शासकीय राशि से जुड़ी रकम में बड़े पैमाने पर हेराफेरी की।

संगठन सुदृढ़ीकरण पर जोर

रायपुर भाजपा की बैठक में बूथ से लेकर जिला तक कार्ययोजना तय

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी रायपुर शहर जिला की आवश्यक बैठक शनिवार को जिला कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, ÷पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026÷ के तहत आयोजित होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग तथा मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर नियमित बैठकों के प्रभावी संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा को मिली सफलता पर कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं के समर्पण, मेहनत और संगठन के प्रति निष्ठा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी कार्यकर्ताओं ने विचारधारा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखी और अंततः विजय प्राप्त की। बस्तर क्षेत्र का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन के दम पर बड़े परिवर्तन संभव हैं।

बैठक में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी तथा रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने, नियमित बैठकों के आयोजन और 'मन की बात' कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। प्रदेश कार्यालय मंत्री एवं जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी अशोक बजाज ने 23 एवं 24 मई को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग की जानकारी देते हुए सभी अपेक्षित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की। जिला संगठन प्रभारी राजेंद्र शर्मा ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार अब संगठनात्मक कार्यों को योजनाबद्ध, समयबद्ध और परिणाममुखी तरीके से किया जाएगा। उन्होंने मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर नियमित बैठक, रजिस्टर संधारण, एजेंडा आधारित कार्यवाही और समीक्षा व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू करने पर बल दिया।

जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति बूथ स्तर पर निहित है। उन्होंने बताया कि जिले में बूथों की संख्या बढ़कर 1479 हो गई है। ऐसे में प्रत्येक बूथ पर 25 सदस्यीय समिति का गठन, पुरानी समितियों का शुद्धिकरण और नवीनीकरण आवश्यक है। उन्होंने प्रत्येक माह मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर नियमित बैठक तथा ÷मन की बात÷ कार्यक्रम के सामूहिक श्रवण के निर्देश दिए। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अमित शाह मैशेरी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष नवीन शर्मा ने किया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, प्रदेश मंत्री जयंती पटेल, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर सहित निगम-मंडल और बोर्ड के पदाधिकारी, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भीषण गर्मी में संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को मिला स्वच्छ पेयजल

■ सुशासन तिहार में मिले आवेदन पर पीएचई की त्वरित कार्यवाही, खोदा नया ट्यूबवेल

रायपुर/नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने सुशासन तिहार में पेयजल समस्या और नए नलकूप खनन की मांग पर तत्काल कार्यवाही करते हुए ग्राम मोहतरा में ट्यूबवेल खनन कराकर पेयजल की समस्या दूर की। मुंगेली जिले के मोहतरा के ग्रामीण भीषण गर्मी और लगातार गिरते भू-जल स्तर के बीच लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे थे। हैंडपंपों के सूख जाने से लोगों को दूर-दराज और दुर्गम स्थानों से पानी लाना पड़ता था।

सुरेठा ग्राम पंचायत के आश्रित गांव मोहतरा में सुशासन तिहार के तहत आयोजित शिविर में पेयजल समस्या को लेकर आवेदन मिलने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने तत्काल गांव का सर्वे कराया। सर्वे में पता चला कि भीषण गर्मी के कारण करीब 100 ग्रामीण गंभीर पेयजल संकट से प्रभावित हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने त्वरित कार्यवाही कर गांव में नया ट्यूबवेल स्थापित किया। अब नए ट्यूबवेल से ग्रामीणों को आसानी से स्वच्छ पेयजल मिल है। राज्य शासन का सुशासन तिहार वास्तव में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने वाला अभियान साबित हो रहा है।

बारिश पूर्व नाला सफाई को लेकर निगम जोन-8 में मंथन

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे के निर्देशानुसार नगर निगम जोन-8 की जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल ने बारिश पूर्व नालों की सफाई व्यवस्था को लेकर जोन कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जोन-8 क्षेत्र के सभी नालों की समय पर और प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में जोन अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह ठाकुर, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, पार्षद श्री भगतराम हरबंश, श्री अर्जुन यादव, कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता श्री अनुराग पाटकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद देवांगन तथा स्वच्छता निरीक्षक श्री रितेश झा उपस्थित रहे।बैठक के दौरान जोन-8 के अंतर्गत आने वाले सात वार्डों में बारिश पूर्व नाला सफाई की स्थिति पर चर्चा की गई।

पारिवारिक विवाद में पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। थाना कोतवाली पुलिस ने पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान ललित साहू उर्फ विक्की के रूप में हुई है, जिसने घरेलू विवाद के दौरान अपनी पत्नी पार्वती साहू की गला घोंटकर हत्या कर दी थी।

पुलिस के अनुसार 28 अप्रैल 2026 को सूचक रवि बुंदेल ने सूचना दी थी कि छुईया तालाब के पास स्थित किराये के मकान में रहने वाली पार्वती साहू अपने घर में अचेत अवस्था में पड़ी हुई है। उसे उपचार के लिए मेकाहारा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मामले में 8 मई 2026 को प्राप्त पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टरों ने मौत का कारण गला घोंटने से दम घुटना बताया। इसके आधार पर थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 234/26 के तहत धारा 103(1) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने सूचक, मकान मालिक और आसपास के लोगों से पूछताछ की। इसी दौरान जानकारी मिली कि घटना वाले दिन मृतका के पति ललित कुमार उर्फविक्की को आखिरी बार घर में देखा गया था। इसके बाद पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश कर उसे हिरासत में लिया और पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतका पार्वती साहू उसकी पत्नी थी और दोनों के बीच लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन भी विवाद और हाथापाई हुई, जिसके बाद गुस्से में आकर उसने कपड़े से पत्नी का गला घोंट दिया और मौके से फरार हो गया। आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसके कब्जे से मृतका का मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

महाराष्ट्र मंडल के शंकर नगर केंद्र ने राहगीरों को वितरित किया मठा

रायपुर/नवप्रदेश। भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच महाराष्ट्र मंडल के शंकर नगर केंद्र द्वारा शनिवार, 9 मई को शंकर नगर एक्सप्रेस वे के पास राहगीरों को मठा (छाछ) वितरित किया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोगों को मठा पिलाने की व्यवस्था की गई, जिससे राहगीरों को गर्मी से राहत मिली। लोगों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए केंद्र की महिलाओं का आभार जताया। मठा वितरण कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र मंडल के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन, उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल तथा महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले विशेष रूप से उपस्थित रहीं और महिलाओं का उत्साहवर्धन किया।

विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा: विधायक मूणत

■ तीन घंटे तक किया विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने शनिवार को क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का करीब तीन घंटे तक सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण की शुरुआत सरोना क्षेत्र में 16 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन 100 बेड अस्पताल से हुई। यहां फाउंडेशन और फूटिंग कार्य का निरीक्षण करते समय गुणवत्ता मानकों में कमी पाए जाने पर विधायक मूणत ने छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों और तराई (क्योरिंग) की अनदेखी गंभीर लापरवाही मानी जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं होगा।

इसके बाद विधायक मूणत विप्र नगर पहुंचे, जहां 40 लाख रुपये की लागत से बन रहे महिला योग भवन तथा एक करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन महतारी सदन का निरीक्षण किया। यहां कार्य की प्रगति और गुणवत्ता संतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने नगर निगम अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण से जुड़े इन प्रोजेक्ट्स को तय समय सीमा में पूरा किया जाना चाहिए।

शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के समीप 21 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन नालंदा लाइब्रेरी पार्ट-2 के निरीक्षण के दौरान विधायक ने निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि यदि गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने में असमर्थता है, तो एजेंसी तत्काल काम छोड़ दे।



धरती पर ईश्वर का साक्षात स्वरूप : मां

मां केवल एक शब्द नहीं ब्लकि पूरे जीवन की सबसे बड़ी भावना है। कहते हैं कि भगवान हर जगह नहीं पहुंच सकते हैं, इसलिए उन्होंने मां को बनाया है। मां का प्यार निस्वार्थ होता है जो हमे जीवन की हर कठिनाई से लड़ने की शक्ति देता है। वैसे तो मां के लिए आभार व्यक्त करने के लिए हर दिन होता है लेकिन हर साल मई में मां के सम्मान के लिए मदर्स डे का आयोजन होता है। 2026 में मदर्स डे (मातृ दिवस) 10 मई रविवार को मनाया जाएगा। यह ऐसा खास अवसर होता है जब हम अपनी मां के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त करते हैं। इस दिन बच्चे भी अपनी मां के त्याग, प्रेम और देखभाल पर निबंध लिखकर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हैं। इसलिए यहां दिल छू लेने वाली लाइनों के साथ मदर्स डे पर निबंध आसान शब्दों में दिया जा रहा है। हर साल मई महीने के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। यह दिन मां के प्रति सम्मान, प्रेम और आभार व्यक्त करने के लिए होता है। इसकी शुरुआत अमेरिका में हुई थी। धीरे-धीरे यह दुनिया के अन्य देशों में मनाया जाने लगा। मदर्स डे इसलिए मनाया जाता है ताकि हम अपनी मां के निःस्वार्थ प्रेम, त्याग और देखभाल को याद कर सकें और उन्हें विशेष महसूस करा सकें। यह दिन मां के महत्व को समझने और उन्हें धन्यवाद देने का अवसर देता है।

••• इतिहास: एक बेटी की अपनी माँ को श्रद्धांजलि •••

'माँ'—यह सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि पूरी कायनात का सार है। संसार की सबसे निस्वार्थ भावना और प्रेम की अंतिम सीमा का नाम ही माँ है। अक्सर कहा जाता है कि ईश्वर हर जगह मौजूद नहीं रह सकते थे, इसलिए उन्होंने माँ की रचना की। माँ वह शक्ति है, जो खुद जलकर हमारे जीवन को रोशन करती है और जिसका प्यार किसी तारीख या दिन का मोहताज नहीं होता। मदर्स डे की शुरुआत के पीछे एक भावुक कहानी छिपी है। अमेरिका की एना जार्विस ने अपनी माँ की याद में इस दिन की नींव रखी थी। उनकी माँ एक समाज सेविका थीं। एना चाहती थीं कि दुनिया की हर माँ को उनके जीते-जी वह सम्मान मिले जिसकी वे हकदार हैं। 1908 में शुरू हुआ यह सिलसिला 1914 में आधिकारिक बना और आज यह हर घर के उत्सव का हिस्सा है।

मां, मम्मी, अम्मी, आई और मॉम
इन शब्दों को देती वो सच्चा अर्थ है।
जो कर न सकूं मैं तेरी बंदगी तो मां
मेरा ये जन्म लेना ही व्यर्थ है।
हैप्पी मदर्स डे

10 मई 2026 : कृतज्ञता का रविवार

यूं तो माँ के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए साल के 365 दिन भी कम हैं, लेकिन हर साल मई महीने का दूसरा रविवार पूरी दुनिया को यह याद दिलाने आता है कि हम उस हस्ती को शुक्रिया कहें जिसने हमें यह दुनिया दिखाई। इस बार 10 मई 2026 को 'मदर्स डे' मनाया जाएगा। यह दिन उस निस्वार्थ त्याग को सलाम करने का है, जो एक माँ खामोशी से हर दिन करती है।

अपनी भूख त्याग कर हमारा पेट भरती है मां

माँ का अर्थ ही 'त्याग' है। वह घर की वह धुरी है जिसके इर्द-गिर्द पूरा परिवार घूमता है। एक माँ की दिनचर्या कभी खत्म नहीं होती। वह सबसे पहले जागती है और सबसे अंत में सोती है। वह बिना किसी वेतन या छुट्टी के काम करती है, और उसका एकमात्र 'रिवॉर्ड' उसके बच्चों की एक मुस्कान होती है। जैसा कि लेख की दिल छू लेने वाली पंक्तियाँ कहती हैं– "उसकी गोद में सिर रखते ही हर दर्द कहीं खो जाता है।"

बदलते दौर में मदर्स डे का स्वरूप

आज के डिजिटल युग में भले ही हम कार्ड्स, चॉकलेट और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए माँ को विश करते हों, लेकिन इस दिन का असली उद्देश्य उनकी भावनाओं को समझना है। स्कूलों में बच्चे कविताएं पढ़ते हैं, तो कहीं घर पर बच्चे माँ के लिए खाना बनाकर उन्हें आराम देने की कोशिश करते हैं। यह दिन हमें सिखाता है कि माँ के योगदान का मोल किसी उपहार से नहीं, बल्कि उन्हें दिए गए समय और सम्मान से चुकाया जा सकता है।

मां के सम्मान का प्रतीक मदर्स डे

मदर्स डे सिर्फ एक त्योहार नहीं बल्कि मां के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर है। इस दिन बच्चे अपनी मां को गिफ्ट देते हैं, कार्ड बनाते हैं और उनके साथ समय बिताते हैं। कई लोग अपनी मां के लिए खास खाना बनाते हैं या उन्हें घूमाने भी ले जाते हैं। यह दिन मां के त्याग और निस्वार्थ प्रेम को याद करने का मौका देता है। आज के डिजिटल दौर में मदर्स डे सोशल मीडिया पर भी खूब ट्रेंड करता है। लोग अपनी मां के साथ तस्वीरें और इमोशनल मैसेज शेयर करते हैं। यही वजह है कि यह दिन दुनियाभर में भावनाओं और प्यार का प्रतीक बन चुका है।

व्यंग्य रचना : एक और एक तीन

डॉ. किशोर अग्रवाल

बैसाखियों पर चढ़कर ऊपर आये एक उम्मीदवार का कमाल देखें। इसने पाँच सौ अंकों में से ग्यारह नंबर अर्जित किये, लगभग दो प्रतिशत अंक और अब यह स्कूल के मेधावी छात्रों को गणित पढ़ाने के लिये चयनित हो गया। स्वर्ग में बैठे रामानुजाचार्य के दिल की धड़कनें दोबारा बंद हो गयी होंगी। यह अपने दो प्रतिशत अंकों तक तो शायद पढ़ा भी ले पर आगे यह एक और एक तीन ही पढ़ाएगा। इसके पढ़ाए छात्रों को अब आगे कौन पढ़ाएगा। आरक्षण अवसरों से वंचित लोगों को अवसर देने के लिये था या नालायकों को दामाद बनाने के लिये, यदि ऐसा कोई प्रावधान किया गया हो तो कोई समझा दे। नयी पीढ़ी की नींव में मट्ठा डालने के लिये इनको रखने की जगह इन्हें ऐसी चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होने की बधाई का एक प्रमाणपत्र और फूलों का हार पहनाकर सरकारी रोल पर 'संरक्षण भत्ता' का पात्र बना लेना चाहिए; कम से कम वास्तव में अध्ययन हेतु स्कूल में बैठा छात्र एक और एक तीन पढ़ने से बच जाएगा। सब तरफ से घेर घार कर विकास के मचान के नीचे लाया गया यह जीव स्कूल में पढ़ाने तो आया नहीं है। पढ़ने से तो इसका दूर का भी नाता नहीं है। यह आया है वेतन लेने, इसे सिर्फ सरकारी रुपया चाहिए। तो इनके लिए शुरू करनी चाहिए ÷लाड़ले गुरुजी योजना÷, जिसमें सिर्फ फॉर्म भरने के कारण ही चयन हो जाना चाहिए और ये संतों की तरह ही अपने स्थान पर पूजे जाने चाहिए, अर्थात इनका वेतन घर बैठे इन्हें पहुँचा देना चाहिए। जिन बच्चों को बिना आरक्षण अपने प्रयास से इस संसार में जगह बनानी है उन्हें कोई अच्छा गुरुजी दे देना चाहिए जो दो जमा दो को चार कहता हो पाँच नहीं। ये वहाँ बेइज्जती से भी बचेंगे क्योंकि अभी के बच्चे जो 98-99 प्रतिशत अंक ला रहे हैं, वे इन्हीं को कहीं पढ़ाकर घर वापस न भेज दें। इसलिए इन लाड़लों को घर पर ही शासकीय वजीफा दे दिया जाना चाहिए जो इस एवज में दिया जाए कि न पढ़ाकर इन्होंने अगली पीढ़ी को नष्ट होने से बचा लिया। इस उपकार से प्रसन्न राष्ट्र इनकी इन सेवाओं के लिये वजीफा देता है तो वह हर तरह से उचित होगा। यह अपने समय का उपयोग अपने घर के बच्चों को पढ़ाने में करें। उन्हें इधर उधर किताबें व छात्रवृत्तियाँ देकर पढ़ाने के बजाय इस पितृ गुरुकुल में वे पढ़ें- क्योंकि दो प्रतिशत अंक तो वे ऐसे भी ले ही आएँगे और पीढ़ी दर पीढ़ी जब आरक्षण देना ही है तो दिखावटी आडंबर की जगह इन लाड़ले गुरुजियों के लाड़ले छात्रों को भी चयन परीक्षाओं में सम्मिलित होने की पात्रता दे देनी चाहिए। सरकारें पिछड़ों को ऊपर उठाना चाहती हैं, यह भले का काम है। पर अपने स्कूल जाकर पढ़कर तो ये ऊपर उठे नहीं , तब पढ़ाकर क्या तो ये ऊपर उठेंगे और क्या ही ये किसी को उठाएंगे। इनसे पढ़ा हुआ छात्र एकदम ही ऊपर न उठ जाए कहीं। इन्हें ऊपर उठने को वेतन चाहिए वह वैसे ही दे देना चाहिए। छात्रों के सिर पर बैठाकर उन्हें कुंद होने से बचा लेना बच्चों पर एक उपकार होगा। चलो यहाँ तक तो ठीक है कि बच्चे पढ़ें, कम पढ़ें या ना भी पढ़ें, मूढ़ रह जाएं पर जिंदा तो रहेंगे। पर माइनस दो नंबर लाने वाला डॉक्टर जब नीट पीजी में आगे शिक्षा के लिये पात्र हो जाए और पंजीयन करा ले तो मरीजों का भगवान भी मालिक नहीं है। क्रांति विश्व भर में हो रही है। अमेरिका ए.आई. बना रहा है। रूस कैंसर की दवा बना रहा है। चीन सबसे बड़ा हाइवे बना रहा है। पर हम माइनस चालीस अंक पाने वालों को डॉक्टर बना रहे हैं। इस चमत्कार के आगे विश्व नतमस्तक और हतप्रभ है। अगर आप के बुजुर्गों का आशीर्वाद आप पर है तो आप कभी वकील और डॉक्टर न ढूँढें। पुलिस आपको न ढूँढें और माइनस अंक पाये पीजी डॉक्टर तो आपको कभी भी न मिलें। शरीर की जटिल संरचना बहुत नाजुक होती है! बुद्धिमान से बुद्धिमान डॉक्टर जटिल बीमारियों के इलाज में दस बार सोचते हैं। यहाँ सौ प्रतिशत पा जाने पर भी शरीर की जटिलता को समझ पाना आसान नहीं। जितना पढ़ने में चूके उतना ही मरीज के सिर पर कफन की आशंका बढ़ जाती है, पर माइनस नम्बर पाने वाला भी बना बैठा है डॉक्टर, ये हो क्या रहा है देश में। कोई डॉक्टरी पास किया व्यक्ति यदि पी.जी. की नीट परीक्षा में माइनस नंबर लाता है और अगर वह पहले डॉक्टरी कर रहा था तो उसका मतलब यही था कि यदि वह किडनी को स्प्लीन और धमनी को शिरा समझ रहा था तो यह उसका दोष नहीं। कॉलेज ने पढ़ाया और विश्वविद्यालय ने डिग्री संभलवा दी। अब वह पीजी भी करेगा, विशेषज्ञ भी बनेगा , आखिर माइनस में नंबर जो लाया है। आर.टी.ओ. के सारे टेस्ट पास किये बिना तो ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं मिलता पर माइनस मार्क लेकर डॉक्टर मरीज को चाकू घोंपने का लाइसेंस पा जाता है। ये वीआईपी लोगों के स्वास्थ्य व क्षेम की भी रक्षा करते हैं।अस्पताल में अपना विभाग चलाते हैं और इनके नीचे पी.एच.डी. करने वाले यमदूत बनकर निकलते हैं। भगवान न करे आपके साथ दुर्घटना हो जाए या किसी कारण सरकारी अस्पताल में जाना पड़ जाए तो दुर्घटना की चोटों से आप बच भी जाएं इन माइनस मार्किया डॉक्टरों के इलाज से कदापि नहीं बच सकेंगे! सेना में बहादुरी की जगहों पर, फाइटर पायलट बनाने की परीक्षाओं में, राष्ट्रीय सुरक्षा यूनिटों के गठन में वी.आई.पी. के अंगरक्षकों में तब क्यों काबिल लोगों की तलाश होती है? क्या हुआ जो बंदूक चलाना नहीं आता, निशाना नहीं लगा सकता, देश का गौरव तो बढ़ा सकता है। क्योंकि इनका विकास ही तो परम लक्ष्य है! पर वहां शत प्रतिशत चाहिए।

" जनगणना "

रोशन साहू

जनगणना होही दू चरण म, नीति-नियम बर हावय खास।
देस राज बर हावय जरूरी, होय सपूरन सबके आस।।
सूची बनही घर के पहिली, जनगणना हा होही बाद।
माह फरवरी चरण दूसरा, रखिहव संगी येला याद।।
काकर बर का लेना- देना, हम करथन पहिली अंताज।
लोगन मन के हित खातिर हे, उहि किसम सरकार ला आज।।
सीमित हावय सब संसाधन, देस राज कस घर परिवार।
होय सरोखा सबो बात के, उन्नति के बनथे इहि अधार।।
जनगणना हे डिजिटल संगी, स्वगणना मोबाइल ऐप।
बात गोपनीय रहही सबो, झन शरमाबे झन तँय झेंप।।
के झन हावय घर मा मनखे, जाति लिंग मुखिया के नाम।
जरे मंझनिया झांझ-झोला, सँहरावव प्रगणक के काम।।
घर- घर के पंजीकरण फेर , काय जिनिस के बने मकान।
गुजर-बसर मनखे मन करथें, या वोमा हे खुले दुकान।।
काय जिनिस के छानी-परवा,का जिनिस के फर्श दीवार।
लगे हवे का टाइल्स मार्बल, साँची बात बतावव यार।।
कोठा-कुरिया के ठन हावय, अउ कइसे हे घर के हाल।
बर-बिहाव अउ पढ़ई-लिखई, प्रगणन के तैंतीस सवाल।।
रँधनी कुरिया पानी-कांजी, हवे येकर कइसन निस्तार।
कम्प्यूटर मोबाइल हावय, काय हावय फटफटी कार।।
झटक-पुदक नइ लेगे कोनो, हावय तेला साँच बताव।
हवे जरूरी सब जानकारी,कोनो जिनिस ला झन छिपाव।।
गैस,बिजली, रेडियो, टी. वी, अउ चलथे का इंटरनेट।
सबो बात ला जाने खातिर, रोज करत हें प्रगणक भेंट।।
यहू बात ला घलो बतावव, खाथव संगी काय अनाज।
अउ मोबाइल नंबर देवव, येकरे ले अब सबो काज।।

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आपमे धार्मिक भावनाए जागृत होंगी पूजा पाठ के लिए समय तो निकालेंगे लेकिन मन टोन टोटको पर ज्यादा विश्वाश करेगा।

वृष: आज का दिन पिछले दिनो की अपेक्षा बेहतर रहेगा सेहत में सुधार अनुभव करेंगे। प्रातः काल से ही व्यवसाय अथवा किसी आवश्यक घरेलू कार्य में विलंब होने की चिंता रहेगी लेकिन दोपहर बाद सही कार्य स्वतः ही व्यवस्थित होने लगेंगे।

मिथुन: आज के दिन परिस्थितियां उलझन में डालने वाली बन रही है। आज कोई भी कार्य करने से पहले उसकी रूप रेखा अवश्य बना कर चले साथ ही हानि लाभ की समीक्षा भी पहले ही कर ले अन्यथा समय और धन की बर्बादी हो सकती है।

कर्क: **आज के दिन आपका मन काल्पनिक** दुनिया की सैर करेगा मन मे खयाली पुलाव पकाएंगे लेकिन कर्म करने में लचीले रहेंगे। कमर से नीचे के भाग में कोई नया रोग उभरने की संभावना है।

सिंह: आज के दिन से आप काफी आशाएं लगा कर रहेंगे परन्तु एक समय मे अधिक कार्य करने पर मतिभ्रम का शिकार बनेंगे। कार्य व्यवसाय सामान्य रहेगा लेकिन आकस्मिक कार्य आने पर उचित समय नही दे पाएंगे।

कन्या: आज के दिन आप पिछली गलतियों से सीख लेकर ही सभी क्षेत्र पर व्यवहार करेंगे इससे मान सम्मान में वृद्धि के साथ ही नुकसान में भी कमी आएगी।

तुला: आज के दिन भी शांति से बिताने की आवश्यकता है आज आप स्थित को भांप कर ही व्यवहार करेंगे परन्तु सामने वाला आपकी परिस्थिति का खयाल नही करेगा।

वृश्चिक: आज के दिन परिस्थितियां पहले से बेहतर बनेगी। आज आप किसी भी हालत में समझौता करने के पक्ष ने नही रहेंगे चाहे नुकसान ही क्यो ना हो।

धनु: आज का दिन पहले की तुलना में सुधार वाला रहेगा लेकिन आज धन की प्राप्ति केवल जोखिम लेकर ही हो सकेगी। सेहत में कुछ ना कुछ नुक्स लगा रहेगा।

मकर: आज के दिन आप सुनेंगे सबकी लेकिन करेंगे अपने ही मन की फिर भी आज व्यवसाय से आकस्मिक लाभ होने पर स्थिति बिगड़ने नही पाएगी।

कुंभ: आज भी आपका हठीला स्वभाव बनते कार्यो में विलंब करेगा लोग आपसे व्यवहार तो करेंगे लेकिन केवल स्वार्थ पूर्ति के लिए ही अंदर से आदर का भाव नही रहेगा।

मीन: आज का दिन बीते कल की तुलना में बेहतर रहेगा। समाज से सम्मान तो मिलेगा इसके लिए व्यस्तता से समय भी निकालना पड़ेगा।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारत के किस राज्य में गाँवों की संख्या सर्वाधिक है?

2) दृष्टिबाधितों के लिए पहली ब्रेल लाइब्रेरी किस राज्य में खोली गई?

3) युद्ध अनाथों का विश्व दिवस कब मनाया जाता है?

4) 2025 में किस भारतीय राज्य ने अब तक का सबसे ज्यादा अंगदान किया?

5) संगीत कलानिधि पुरस्कार 2026 किस वायलिन वादक को मिला?

उत्तरमाला- (1) उत्तरप्रदेश , 106747 (2) उत्तरप्रदेश (3) 06 जनवरी (4) कर्नाटक (5) आर. के. श्रीरामकुमार

पहेली

शब्द सामर्थ्य -033

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं: [illegible]

ऊपर से नीचे: [illegible]

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 032 का हल

सिम्पलेक्स कास्टिंग की डायरेक्टर संगीता केतन शाह पर एफआईआर, 10 लाख लेकर नहीं की रजिस्ट्री, उसी जमीन पर लिया 4.50 करोड़ का लोन

भिलाई/नवप्रदेश। सुपेला थाने में सिम्पलेक्स कास्टिंग लिमिटेड की डायरेक्टर संगीता केतन शाह और उनके पति केतन शाह के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार आरोपियों ने कोहका की विवादित जमीन को विवाद मुक्त बताकर 50 लाख में सौदा किया। 10 लाख रुपए एडवांस भी ले लिया। इसके बाद रजिस्ट्री करने से मना कर दिया। उसी जमीन पर 4.5 करोड़ रुपए का लोन ले लिया।

पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद शाह दंपति के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया है। मामले की जांच चल रही है। पीड़ित सुनील कुमार सोमन ने बताया कि 13 मार्च 2023 को ग्राम कोहका की जमीन का इकरारनामा (एग्रीमेंट) हुआ था। आरोपी पक्ष ने ग्राम कोहका स्थित करीब 0.10 हेक्टेयर जमीन को पूरी तरह साफ और विवाद मुक्त बताकर 50 लाख में सौदा किया।

10 लाख एडवांस लेने के बाद न तो जमीन की रजिस्ट्री की गई और न रकम लौटाई गई। बाद में पता चला कि जिस जमीन को बेचने के लिये इकरारनामा किया गया था, वह पहले से किराए और लीज विवाद में फंसी थी। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि कई महीनों तक शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद अब कार्रवाई की गई है।

शिकायत में कहा गया है कि इसी जमीन के दस्तावेजों को गिरवी रखकर एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड से करीब 4 करोड़ 50 लाख रुपए का लोन लिया गया था। अगर जमीन पहले से बैंक में मॉर्गेज थी, तो इसकी जानकारी उसे दी जानी चाहिए थी। कोर्ट ने दस्तावेजों की जांच के बाद पहली नजर में धोखाधड़ी का मामला मानते हुए एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

संगीता शाह पिछले विधानसभा चुनाव में वैशाली नगर सीट से चुनाव भी लड़ चुकी हैं। शिकायतकर्ता सुनील सोमन ने कहा कि रसूखदार होने की वजह से उन्हें कई महीनों तक भटकना पड़ा। पुलिस का सहयोग नहीं मिला। मुख्यमंत्री तक भी आवेदन लेकर गए, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। परेशान होने के बाद कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

मालिक के मोबाइल से केयर टेकर ने ट्रांसफर किये 1.67 लाख

■ यूपीआई ट्रांजेक्शन कर अपने खाते में डाली रकम

■ पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन और बैंक ट्रांजेक्शन से जुड़े दस्तावेज जब्त किए

भिलाई/नवप्रदेश। घर पर केयर टेकर का काम करने वाले युवक ने मालिक के मोबाइल फोन और यूपीआई सुविधा का दुरुपयोग कर 1 लाख 67 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिये। भिलाई नगर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 8 मई को प्रार्थिया डॉ. पूर्णिमा राज कछवाहा, निवासी तालपुरी ए-ब्लॉक भिलाई ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। तीरथ चौधरी उर्फ अन्नू (20 वर्ष) निवासी मनोहर मेडिकल के पीछे, अस्पताल सेक्टर उनके घर पर केयर टेकर का काम करता था। अन्नू उनके पति के मोबाइल फोन का उपयोग करता था। उसने बिना जानकारी दिए यूपीआई के माध्यम से अलग-अलग ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर कुल 1 लाख 67 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। थाना भिलाई नगर में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने बैंक ट्रांजेक्शन और तकनीकी साक्ष्यों की जांच की, जिसके आधार पर आरोपी की पहचान की गई। पूछताछ में आरोपी ने रकम ट्रांसफर करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन और बैंक ट्रांजेक्शन से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं।

न्यूज गैलरी

आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कमिश्नर के पीए गौतम साहू की सेवा समाप्त

दुर्ग। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर वायरल व्हाट्सएप चैट मामले को गंभीरता से लेते हुए प्लेसमेंट कर्मचारी गौतम साहू को सेवा से पृथक करने की कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए चैट में हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई थी। शिकायत मिलने पर निगम आयुक्त ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की। निगम प्रशासन ने स्पष्ट कहा है कि किसी भी धर्म, आस्था और सामाजिक भावनाओं को आहत करने वाली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासकीय कार्य में अनुशासन व मर्यादा बनाए रखना सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर संबंधित कर्मचारी गौतम साहू को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर सेवा से पृथक कर दिया।

पार्किंग से सायकल चुराने वाले को नपा कर्मचारियों ने पकड़ा

कुम्हारी। पिछले कुछ महीनों में नगर पालिका कार्यालय के पार्किंग से 7 साइकिलें और एक बाइक चोरी हो चुकी है। नगर पालिका के कर्मचारियों ने शनिवार को पार्किंग से साइकिल चोर को रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी संतोष साहू को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। सायकल चोर नशे की हालत में पकड़ा गया। 6 मई को आयोजित जन समस्या निवारण शिविर के दौरान एक कर्मचारी की साइकिल स्टैंड से चोरी हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर सुबह 9:45 बजे एक अज्ञात व्यक्ति साइकिल ले जाते हुए दिखाई दिया। फुटेज के आधार पर नगर पालिका के कर्मचारी सतर्कता बरत रहे थे। आज सुबह जैसे ही सायकल चोर दोबारा पार्किंग क्षेत्र में दाखिल हुआ, वहां मौजूद कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया। पार्किंग क्षेत्र से पिछले कुछ महीनों में कुल 7 साइकिलें और 1 बाइक चोरी होने की जानकारी सामने आई है। बाइक पहले ही बरामद कर ली गई थी, लेकिन साइकिलों की चोरी का सिलसिला थम नहीं रहा था। आरोपी के पास से कुछ औजार बरामद किये गए हैं। इनका उपयोग वह साइकिलों के ताले तोड़ने और चोरी करने के लिए करता था।

कमलेश को मिला राष्ट्रीय बाल साहित्यकार सम्मान

भिलाई। बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केंद्र भोपाल के तत्वावधान में सत्रहवां वार्षिक आयोजन व बाल साहित्यकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में पन्नालाल शर्मा बाल साहित्यकार सम्मान दुर्ग छत्तीसगढ़ के कवि व बहुचर्चित बाल साहित्यकार कमलेश चंद्राकर को प्रदान किया गया। कमलेश चंद्राकर के सचित्र व रंगीन पांच बालगीत संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। प्रत्येक कृति में साहित्य के विद्वानों के मानीखेज विचार व विश्लेषण भी समादृत हैं। कई कृतियां अभी प्रकाशनाधीन हैं। राष्ट्रीय स्तर के बाल साहित्य सम्मान समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ बाल साहित्यकार डॉ. कुमकुम गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति मनोहर मतलानी थे। सारस्वत अतिथि योग, आयोग के अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र शर्मा व विशेष अतिथि प्रो. सौरभ प्रकाश की उपस्थिति में संपन्न कार्यक्रम का संचालन मधुलता शर्मा ने किया।

जनसमस्याओं का निराकरण शिविर कल

दुर्ग। सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों की कड़ी में आगामी 11 मई को जिले के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत जनपद पंचायत पाटन के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, ढौर में शिविर लगाया जाएगा। क्षेत्रीय नागरिक अपनी समस्याओं और मांगों के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के अंतर्गत मंगल भवन भिलाई-3 में शिविर आयोजित होगा। नगर पंचायत धमधा के अंतर्गत बजरंग चौक स्थित मंगल भवन में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण होगा।

रिसाली में सुशासन तिहार : 368 आवेदन मिले, शिविर में 71 प्रकरणों का समाधान

■ कलेक्टर की पहल पर एक ऑख से दृष्टि बाधित 29 साल के युवक का बना आधार कार्ड

■ विधायक ललित ने युवाओं को दिया लर्निंग लाइसेंस

रिसाली/नवप्रदेश। नगर निगम रिसाली के पुरैना में सुशासन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कलेक्टर अभिजीत सिंह के प्रयास से 29 साल के युवक देवेन्द्र कौशल का आधार कार्ड बन गया। युवक एक ऑख से दृष्टि बाधित है। कई बार प्रयास करने के बाद भी तकनीकी कारणों से आधार कार्ड नहीं बन पा रहा था। शिविर में हितग्राही के अनुरोध पर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आधार कार्ड बनाने अधिकृत एजेंसी से बातचीत कर शिविर स्थल पर ही दो बच्चों के पिता देवेन्द्र का आधार कार्ड बनवाया। शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पुरैना के 26 युवाओं को लर्निंग लाइसेंस सौंपा।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शिविर में समस्या से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे लोगों से चर्चा की। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाए स्टॉल का निरीक्षण करते हुए महतारी वंदन योजना के तहत केवाईसी कराने वाले हितग्राहियों से चर्चा की। परिवहन विभाग के स्टॉल में 26 युवाओं को शिविर में बनाए गए लर्निंग लाइसेंस का वितरण विधायक ने किया। गोद भराई रस्म में भी विधायक शामिल हुए। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बालिकाओं को स्वच्छता किट का वितरण किया। शिविर में निगम सभापति केशव बंछोर, एमआईसी मेंबर रंजीता बेनुआ, सनीर साहू, पार्षद पार्वती महानंद, खिलेन्द्र चंद्राकर, मरोदा पुरैना मण्डल भाजपा अध्यक्ष राजू जंघेल उपस्थित थे। शिविर में कुल 368 आवेदन दिये गए। पुरैना शिविर में मांग से संबंधित 330 आवेदन मिले जबकि शिकायत से संबंधित 38 आवेदन दिये गए।

कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

शिविर में कलेक्टर अभिजीत सिंह न केवल स्टॉलों तक पहुंचे, बल्कि समस्या मूलक आवेदन लेकर स्थल तक पहुंचने वाले नागरिकों से चर्चा भी की। उन्होंने पेयजल, पट्टा और अतिक्रमण से संबंधित आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। अधिकारियों से कहा गया कि आवेदन की गंभीरता को समझे और उसका निराकरण करे। शिविर में कलेक्टर ने मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर तत्काल आवेदन कर्ता को उपलब्ध कराया।

अव्यवस्थित पार्किंग : वाहन चालकों से वसूला चालान

नंदिनी अहिवारा/नवप्रदेश। नगर पालिका अहिवारा के बस स्टैंड क्षेत्र में अव्यवस्थित पार्किंग और यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक अभियान चलाया। नंदिनी थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी दानेश्वर प्रसाद साहू और सीएमओ प्रवीण गहलोत के निर्देशन में संयुक्त टीम ने सड़क किनारे लापरवाही से खड़े वाहनों को हटवाया। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के तहत राजा खान और लल्ला यादव, दीपक साहू से एक-एक हजार रुपए, अरुण दास से 500 रुपए का चालान वसूल किया गया। विशेष अभियान चलाते हुए कई ई-रिक्शा चालकों से सौ सौ रुपए का चालान वसूल किया गया। बेरला चौक क्षेत्र में भी सख्ती बरतते हुए कार्रवाई की गई। कार्रवाई के बाद इन इलाकों में यातायात व्यवस्था में सुधार देखा गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान जगह-जगह लगे अवैध बैनर-पोस्टर को हटाए गए।

पालिका अध्यक्ष ने किया सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन

कुम्हारी/नवप्रदेश। वार्ड 22 सत्यनगर कुगदा में नारायण महिलांग के घर से शुक्लू डहरिया, जैतखाम तक सतनाम चौक में सीसी रोड का निर्माण करने नगरपालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने भूमिपूजन किया। पार्षद ओंकार मार्कण्डेय ने कहा कि काफी समय से रोड जर्जर अवस्था में होने के कारण लोग निर्माण की मांग कर रहे थे। रोड निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद आज भूमिपूजन किया जा रहा है। जल्द ही रोड बनने से बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। इस मौके पर वार्ड 11 की पार्षद रीतिका यादव, मिथिलेश यादव, माखन लाल कोसरिया, इंदिरा कोसरिया, दिलेश्वर मार्कण्डेय व साधना स्वर्णकार सहित वार्ड के लोग उपस्थित थे।

ट्रेड अप्रेंटिस हेतु प्रथम बीएमडीसी प्राइड कॉम्पिटीशन का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के भिलाई मैनेजमेंट डेवलपमेंट सेंटर द्वारा ट्रेड अप्रेंटिस के बीच सीखने, नवाचार, आत्मविश्वास और व्यावसायिक विकास को प्रोत्साहित करने बीएमडीसी प्राइड कॉम्पिटीशन के प्रथम संस्करण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षुओं को बीएमडीसी में अपने प्रशिक्षण अवधि के दौरान अर्जित अनुभव, कार्य निष्पादन, सीख व योगदान को प्रस्तुत करने प्रभावी मंच प्रदान करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है।

प्रतियोगिता में वैभव लक्ष्मी दुबे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम बीएमडीसी प्राइड उपाधि प्राप्त करने का गौरव अर्जित किया।

पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान विभागाध्यक्ष महाप्रबंधक प्रभारी (मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास) संजीव श्रीवास्तव ने ट्रेड अप्रेंटिस के समग्र विकास में प्रतिस्पर्धात्मक व सहभागितापूर्ण पहल के महत्व पर बल दिया।

प्रतियोगिता की परिकल्पना महाप्रबंधक (मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास), बीएमडीसी सौरभ वार्ष्णेय द्वारा की गई, जिसमें विभागाध्यक्ष व महाप्रबंधक प्रभारी संजीव श्रीवास्तव द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रबंधक (मानव संसाधन) अवंती वचुला और उप प्रबंधक सुष्मिता पाटला के निर्णायक मंडल ने किया।

मूल्यांकन नवाचार, अधिगम, कार्य निष्पादन, ज्ञान साझाकरण, प्रस्तुतीकरण कौशल और आत्मविश्वास जैसे विभिन्न मानकों के आधार पर किया गया।

बारिश से पहले जलभराव रोकने निगम अमला सक्रिय

दुर्ग/नवप्रदेश। महापौर अलका बाघमार के निर्देश पर शहर में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान तलाशने निगम प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। आज लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और निगम अधिकारियों के साथ जेल तिराहा से मालवीय नगर जाने वाले मुख्य नाले का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्षद संजय अग्रवाल, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, उप अभियंता करण यादव, गुडडू यादव, रामलाल भट्ट मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान नाले की सफाई व्यवस्था, जल निकासी की स्थिति और बरसात के समय पानी के बहाव को लेकर चर्चा की गई। चन्द्राकर ने बताया कि वार्ड 29, 40 और 45 के कई क्षेत्रों में हर साल बारिश में जलभराव की स्थिति रहती है। समस्या का समाधान करने जेसीबी से नालों की विशेष सफाई कर मलबा हटाने और जल निकासी व्यवस्था बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। गौरव पथ क्षेत्र में हर साल जलभराव की समस्या पर का निराकरण करने यहां के जल प्रवाह को मालवीय नगर नाले की दिशा में व्यवस्थित रूप से मोड़ा जा रहा है, ताकि, बारिश के समय पानी की निकासी तेजी से हो सके।

रायपुर नाका क्षेत्र के नागरिकों ने महापौर का माना आभार

अंडरब्रिज निर्माण की मांग को प्रमुखता से उठाए जाने पर वार्ड 47 क्षेत्र के पार्षद समेत नागरिकों ने महापौर अलका बाघमार के प्रति आभार व्यक्त किया। नागरिकों ने कहा कि आवागमन की समस्या को लेकर महापौर द्वारा अंडरब्रिज की मांग नगरीय प्रशासन मंत्री से किये जाने से क्षेत्रवासियों में सकारात्मक माहौल है।

नेशनल लोक अदालत में 7,92,401 मामले निराकृत

दुर्ग/नवप्रदेश। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति एवं मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा जिला मुंगेली से किया गया। मुख्य न्यायाधिपति ने लोक अदालत को न्याय सुलभ कराने का प्रभावी माध्यम बताते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु सभी न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और संबंधित विभागों से समन्वयपूर्वक कार्य करने का आव्हान किया।

प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के निर्देशन में जिला न्यायालय एवं तहसील व्यवहार न्यायालय में वर्ष 2026 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश दुर्ग द्वारा किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के अलावा जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रमेश शर्मा व सचिव रविशंकर सिंह व अन्य पदाधिकारीगण, न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण और विभिन्न बैंक के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत के अवसर पर कार्यालय सीएमएचओ, जिला चिकित्सालय, दुर्ग के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर में आने वाले पक्षकारों के स्वास्थ्य जॉच / परीक्षण किया गया। डॉ निवेदिता गार्डिया चिकित्सा अधिकारी व अन्य सहायक कर्मचारियों द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। गुरुद्वारा शहीद बाबादीप सिंह व श्री गुरूसिंह सभा गुरूद्वारा के सहयोग से परिसर में निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई।

केन्द्रीय जेल दुर्ग द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों द्वारा निर्मित जेल उत्पाद की प्रदर्शनी विक्रय हेतु लगाई गई थी जिसे उपस्थितजनों ने काफी सराहा। वर्ष 2026 के द्वितीय नेशनल लोक अदालत में कुल 17906 न्यायालयीन प्रकरण तथा कुल 775129 प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए, जिनमें कुल समझौता राशि 521467009. 16 रुपए रहा। बैंक के प्रीलिटिगेशन के कुल 4971, विद्युत के कुल 2887 और दूरभाष के 355 मामले निराकृत हुए। कुल समझौता राशि लगभग 7078899 रुपए रही।

भारतीय ज्ञान परंपरा को रेखांकित करती है आचार्य महेश की पुस्तक : रावत

भिलाई/नवप्रदेश। तुलसी मानस प्रतिष्ठान भोपाल की मुखपत्रिका मानस भारती के सम्पादक और विचारक देवेंद्र कुमार रावत के अनुसार इस्पात नगरी भिलाई के प्रसिद्ध साहित्याचार्य एवं लेखक डॉ.महेश चन्द्र शर्मा की कृति साहित्य और समाज राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारतीय ज्ञान परंपरा को रेखांकित करती है। यह विविध शिक्षाओं से सारगर्भित 126 लघु ललित निबंधों का संग्रह है। इसमें बताया गया है कि साहित्य समाज का दर्पण है और संस्कृति साहित्य की आत्मा है। साहित्यिक संस्था आरम्भ के मुख्य सलाहकार आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा देश-विदेश के अनेक सफल शैक्षणिक और साहित्यिक भ्रमण कर चुके हैं। उनकी दस से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हैं। विगत दिनों आरम्भ के राज्य स्तरीय काव्य संवाद समारोह की पुस्तक प्रदर्शनी में भी साहित्य प्रेमियों ने डॉ. महेश शर्मा की पुस्तकों का भी अवलोकन किया।

छत्तीसगढ़ के बाहर भी डॉ. शर्मा पुस्तकें लोकप्रिय हैं। भोपाल के देवेन्द्र कुमार रावत ने बताया कि साहित्य और समाज से पाठक के चरित्र सेतु का निर्माण होता है और सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। आचार्य ने बताया है कि ज्ञान-विज्ञान में लगा हुआ भारत इसकी भूमण्डलीय वर्षा करता है। प्रगति और आत्मोन्नति के लिये ऋषि मुनियों ने शोध करके निष्कर्ष निकाले, उन सूक्तियों के मोतियों की माला के रूप में आचार्य शर्मा ने इस पुस्तक की रचना की है।

रूंगटा में दो नए कोर्स का आगाज : सीएसआर को देश भर में पहचान दिलाने वाले पूर्व आईएएस डॉ. चटर्जी भिलाई पहुंचे

एआई और डिजिटाइजेशन से होगी कंपनी सीएसआर प्रोजेक्ट्स की मॉनिटरिंग : डॉ. चटर्जी

भिलाई/नवप्रदेश। रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में इस साल से दो नए कोर्स का आगाज होने जा रहा है। यह कोर्स कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पर आधारित होंगे। पहला कोर्स बीबीए इन सस्टेनेबिलिटी सीएसआर एंड ईएसजी होगा। इस विषय में इंडस्ट्री की डिमांड को देखते हुए एग्जीक्यूटिव एमबीए की शुरुआत भी होगी। शनिवार को रूंगटा यूनिवर्सिटी में हुए 18 वें राष्ट्रीय सीएसआर सम्मेलन में सीएसआर एक्ट के पॉलिसी मेकर कहे जाने वाले भूतपूर्व आईएएस डॉ. भास्कर चटर्जी ने इन दोनों कोर्स की विधिवत शुरुआत कराई। दो नए कोर्स के साथ रूंगटा यूनिवर्सिटी का इंडिया सीएसआर अकादमी से अनुबंध भी किया गया। इस सम्मेलन में देश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के सीएसआर प्रमुख के साथ प्रसिद्ध एनजीओ के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी के अग्रदूत कहे जाने वाले डॉ. भास्कर चटर्जी ने इस मौके पर भारतीय कंपनियों में सीएसआर की शुरुआत करने की सोच साझा की। उन्होंने कहा कि, ब्यूरोक्रेट रहते हुए 59 साल की आयु में उनकी सेवानिवृत्ति को महज दो वर्ष शेष थे, तब उन्होंने इस पॉलिसी पर काम शुरू किया। देश के गरीब और पिछड़े लोगों की चिंता उनके मन में लगातार बढ़ती गई। डॉ. चटर्जी ने बताया कि 1 अप्रैल 2014 को देश में कंपनी सीएसआर एक्ट लागू हुआ और भारत ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बना। उस समय सिर्फ 7 हजार कंपनियां इससे जुड़ी थीं और कुल सीएसआर फंड करीब 8 हजार करोड़ रुपए था, जो आज बढ़कर 36 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। लगभग 28 हजार कंपनियां सीएसआर से जुड़ चुकी हैं। पहले बड़े कारोबारी अपने निजी पैसों से लोगों की मदद करते थे, लेकिन कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी ने इसका दायरा बहुत बड़ा कर दिया।

डॉ. चटर्जी ने कहा कि सीएसआर में सबसे जरूरी चीज इंपैक्ट है। अगर असर ही नहीं दिखेगा तो 36 हजार करोड़ रुपए का हिसाब कौन देगा?

सम्मेलन में इंडिया सीएसआर के फाउंडर रुसेन कुमार के साथ सेवानिवृत आईएएस व वर्तमान में टीवीएस श्रीनिवास ट्रस्ट के चेयरमैन एंड सीईओ स्वरन सिंह ने भी सीएसआर की जरूरत पर चर्चा की। रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने कहा कि सीएसआर मद का सही उपयोग किया जाए तो समाज के पिछड़े व गरीब वर्ग को बड़ी मदद मिल सकती है। कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने सीएसआर की अवधारणा समझाई। इस दौरान प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा और सीईओ सोनल रूंगटा भी मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

पद्मश्री भी सुरक्षित नहीं! छत्तीसगढ़ में 'जंगलराज' हावी : विधायक द्वारिकाधीश

महासमुंद / नवप्रदेश। खल्लारी विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब ÷कानून का राज नहीं, बल्कि अपराधियों का जंगलराज÷ चल रहा है। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि अब आम जनता ही नहीं, बल्कि पद्मश्री से सम्मानित समाजसेविकाएं भी सुरक्षित नहीं हैं।विधायक यादव ने हाल ही में फुलबासन बाई यादव के साथ राजनांदगांव में हुई अपहरण की कोशिश को प्रदेश की कानून व्यवस्था की सबसे शर्मनाक घटनाओं में से एक बताया। उन्होंने कहा कि अपराधियों ने बेहद दुस्साहस दिखाते हुए एक प्रतिष्ठित महिला को उनके घर से धोखे से उठाकर ले जाने की कोशिश की। यदि समय रहते ट्रैफिक पुलिस सक्रियता नहीं दिखाती, तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी।उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराधियों के मन से पुलिस और कानून का डर पूरी तरह खत्म हो चुका है। हत्या, लूट, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि सरकार केवल विज्ञापनों में ÷सुशासन÷ का ढिंढोरा पीट रही है।जनता में भय, प्रशासन पूरी तरह पंगु - विधायक यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता आज असुरक्षा और भय के माहौल में जीने को मजबूर है। प्रशासनिक मशीनरी पूरी तरह निष्क्रिय हो चुकी है और अपराधी बेखौफहोकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द कठोर कदम नहीं उठाए और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की, तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। उन्होंने मांग की कि फुलबासन बाई यादव मामले में शामिल सभी मास्टरमाइंड्स पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

पीएचई विभाग कई जगहों पर गढ्डे खोदकर छोड़ा

खरोरा/नवप्रदेश। पी एच ई विभाग द्वारा कुछ काम एसे भी चल रहे है जहाँ गड्ढे खोद कर छोड़ दिए है , और जहाँ गड्ढे पैक किए है वहाँ की हालत कुछ ऐसी है , अभी तो पानी की फुहार ही पड़ी है की हालत ऐसी है , कहीं भारी बारिसाश हुआ तब तो भगवान ही मालिक है , कृपया संबंधित विभाग को उचित जानकारी दिशा निर्देश दें , कार्य में गुणवत्ता की मानवी ख्याल रखा जाय , ना की गुणवत्ता विहीन कार्य किया जाय केवल थूक पालिश से कम नहीं चलेगा , जहाँ शासन के कार्य के टेंडर जब लिए है तो पूरा होने के बाद पैसा भी पूरा लेंगे , तो फिर कार्य में कोताही क्यों ? समझ से परे है ! वेस ही खरोड़ा नगर के मुख्य मार्ग जहाँ दिन भर में हजारों की संख्या में गाड़ी चलती है , जो तिगड्डा चौक से पुराने थाने वाली रॉड पर है जिसे भी खोद कर रख दिए है , धूल और मिट्टी इतनी ज़्यादा उड़ रही है की आम जानता का धूल के करण चलना मुश्किल हो गया है , अभी दी दिनों से बारिश हुआ तो कीचड़ से लोग परेशान हो गए है , क्या संबंधित विभाग को आम जानता के परेशानियों की कोई चिंता नहीं है , या गड्ढे किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे है , ऐसे लापरवाही कार्य में जनप्रतिनिधि की नजर नहीं है या और कोई बात है , खरौरा नगर के कई गालियाँ ऐसे भी है जहाँ महीनों से गड्ढे खोद कर पड़े है जहाँ किसी का कोई ध्यान नहीं है !

नए पाइप लाइन का विस्तार कार्य शुरू

खरोरा/नवप्रदेश। नायकतांड पम्प हाऊस जहाँ से पूरे खरोरा मे पानी सप्लाई होता जहां पर सप्लाई हेतु बिछा हुआ पाइप लाइन अत्यधिक पुराना एवं जर्ज़र स्थिति मे होने के कारण काफी कमजोर हो चुका था कई जगह लीकेज था आधा पानी वहीं वेस्ट हो जाता है और आधा पानी हि टंकी तक पहुंच पाता है और आये दिन पाइप फट जाने से नगर खरोरा मे पानी का अत्यधिक समस्या बना रहता है कम पानी के कारण अभी भी खरोरा के बहुत से इलाकों मे पानी सप्लाई ठीक से नही हो पाता,इस समस्या को देखते हुए इसके समाधान हेतु हमारे नगर अध्यक्षा श्रीमती सुनीता अनिल सोनी जी उपाध्यक्ष भाई सुमित सेन जी समस्त पार्षद गण एवं एसडीएम साहब के पहल से नए पाइप लाइन विस्तार का कार्य आज प्रारम्भ कर दिया गया है , इस पाइप को बनाने वाली कंपनी का कहना है की ये पाइप इतना मजबूत है की 100 साल तक कही पर भी टूटने फूटने का चांस हि नही है।

हिंछापुर में नशे के खिलाफ सबसे बड़ा कदम, अवैध शराब की बिक्री रोकने पूरा गांव एकजुट

■ 50000 रु शराब बनाने जुर्माना एवं बताने वाले को 25000 पुरस्कार ग्राम सभा में प्रस्तावित किया गया है

नगरी/नवप्रदेश। नगरी ब्लॉक का छोटा सा गांव हिंछापुर इन दिनों अपने एक ऐतिहासिक फैसले को लेकर चर्चा में है। वर्षों से अवैध कच्ची शराब के कारोबार से जूझ रहे इस गांव ने अब नशे के खिलाफ खुली लड़ाई का ऐलान कर दिया है। गांव के लोगों ने एकजुट होकर ऐसा संकल्प लिया है, जिसकी पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है।

गांव में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कच्ची शराब बनाकर बेचने का काम लंबे समय से किया जा रहा था। इसका असर गांव के माहौल पर साफ दिखाई देने लगा था। युवा पीढ़ी नशे की ओर बढ़ रही थी और छोटी-छोटी बातों पर विवाद व झगड़े आम हो गए थे। आबकारी और पुलिस विभाग की ओर से समय-समय पर कार्रवाई भी हुई, लेकिन हालात में कोई बड़ा बदलाव नहीं आ पा रहा था।इसी बीच नगरी एसडीओपी विपिन रंगारी ने मामले को गंभीरता से लिया और पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में सीधे गांव पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने गांव में विशेष बैठक आयोजित करने की पहल की। बैठक में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली।बैठक में एसडीओपी विपिन रंगारी ने नशे से होने वाले सामाजिक और पारिवारिक नुकसान पर विस्तार से चर्चा की। उनकी बातों का असर ऐसा हुआ कि पूरे गांव ने एक सुर में हिंछापुर को ÷नशामुक्त गांव÷ बनाने का संकल्प ले लिया।

ग्रामीणों ने बैठक में कड़ा फैसला लेते हुए प्रस्ताव पारित किया कि गांव में यदि कोई व्यक्ति शराब बनाते या बेचते पाया गया, तो उससे 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा। इतना ही नहीं, ऐसे लोगों को शासन की योजनाओं के लाभ से भी वंचित किया जाएगा। वहीं, शराब कारोबार की सूचना देने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में गांव के सरपंच, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष मौजूद रहे। हिंछापुर का यह कदम अब आसपास के गांवों के लिए भी एक नई मिसाल बनता नजर आ रहा है। क्षेत्र में एसडीओपी विपिन रंगारी की इस पहल की जमकर प्रशंसा हो रही है।

आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण ग्रामीणों की आजीविका जंगलों पर निर्भर

तेंदूपत्ता तुड़ाई कार्य में जुटे ग्रामीण, बड़ी संख्या में पहुंचे संग्रहण केंद्र

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कल्लेमेटा सहित नगरी अंचल के गांवों में इन दिनों तेंदूपत्ता तुड़ाई का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। तेंदूपत्ता सीजन शुरू होते ही ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं, पुरुष और गर्मी की छुट्टियों के कारण बच्चे भी बड़ी संख्या में सुबह से ही जंगलों की ओर निकल पड़ते हैं और तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में जुट जाते हैं। तुड़ाई के बाद संग्रहित पत्तों को फड़ एवं संग्रहण केंद्रों तक पहुंचाया जा रहा है।

नगरी अंचल आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण यहां के ग्रामीणों की आजीविका काफी हद तक जंगलों पर निर्भर रहती है। मौसम और सीजन के अनुसार ग्रामीण महुआ, तेंदूपत्ता तथा अन्य वन उपज संग्रहण का कार्य करते हैं। महुआ सीजन समाप्त होने के बाद अब तेंदूपत्ता संग्रहण ग्रामीणों के लिए आय का प्रमुख साधन बन गया है।

विशेष रूप से गर्मी के इस मौसम में तेंदूपत्ता संग्रहण से ग्रामीण परिवारों को अतिरिक्त आय प्राप्त होती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलती है। महिलाएं, पुरुष और युवा मिलकर इस कार्य में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं, जिससे गांवों में रोजगार का वातावरण भी बना हुआ है।

तेंदूपत्ता तोड़ने के बाद ग्रामीण बड़ी संख्या में तुरई गांव स्थित संग्रहण केंद्र में पत्तों को जमा करने पहुंच रहे हैं। यहां विभागीय कर्मचारियों की निगरानी में तेंदूपत्तों की गिनती, जांच और सुरक्षित भंडारण का कार्य किया जा रहा है। संग्रहण केंद्र में व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम भी किए गए हैं।

ग्रामीणों सरपंच रूपेश मरकाम ,विजय कुमार, दया नेताम का कहना है कि तेंदूपत्ता सीजन हर वर्ष उनके लिए रोजगार का एक बड़ा अवसर लेकर आता है।

केसीजी पुलिस की बड़ी कार्रवाई : अवैध शराब बिक्री करते 4 आरोपी गिरफ्तार

■ 63 हजार रुपए का सामान जब्त

छुईखदान/नवप्रदेश। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना खैरागढ़, थाना छुईखदान एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने तीन अलग-अलग प्रकरणों में कार्रवाई कर लगभग 55 लीटर अवैध शराब, नगदी रकम एवं एक मोटरसाइकिल सहित कुल 63 हजार रुपये से अधिक का सामान जब्त किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 08 मई 2026 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बैहाटोला में दबिश देकर आरोपी प्रकाश राजपूत को उसके किराना दुकान में अवैध रूप से शराब बिक्री करते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 137 पौवा देशी प्लेन शोले शराब, जिसकी कुल मात्रा 24.160 लीटर एवं कीमत लगभग 10,960 रुपये बताई गई है, साथ ही बिक्री रकम 1,270 रुपये जब्त किए गए। आरोपी के खिलाफ थाना खैरागढ़ में आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया।इसी क्रम में ग्राम बैहाटोला निवासी आरोपी चन्द्रकुमार वर्मा के घर पर छापेमारी कर 127 पौवा देशी शराब एवं 24 पौवा गोवा स्पेशल व्हिस्की बरामद की गई। जब्त शराब की कुल मात्रा 27.180 लीटर एवं कीमत लगभग 13,000 रुपये बताई गई है।

विश्व रेड क्रॉस दिवस : साल्हेकला में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, ग्रामीणों को मिली राहत

खैरागढ़/छुईखदान/गंडई/नवप्रदेश। विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर ग्राम साल्हेकला, विकासखंड छुईखदान में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर में कुल 52 ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान मोतियाबिंद से पीड़ित 6 मरीजों की पहचान कर उन्हें ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया। चयनित मरीजों का निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण कराया जाएगा। इसके अलावा जरूरतमंद लोगों को पढ़ने के लिए नजदीक का चश्मा, आई ड्रॉप तथा आवश्यक दवाइयों का भी वितरण किया गया।

शिविर में नेत्र सहायक अधिकारी डॉ. विनय कुमार रामटेके ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने साइट सेवर्स संस्था की टीम के सहयोग से ग्रामीणों का सूक्ष्म नेत्र परीक्षण किया और मरीजों को आंखों की देखभाल, समय पर उपचार तथा नियमित जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी। डॉ. रामटेके ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर नेत्र जांच और जागरूकता के अभाव में कई लोग गंभीर नेत्र रोगों का शिकार हो जाते हैं, जबकि सही समय पर उपचार मिलने से दृष्टि को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने लोगों से नेत्रदान के प्रति जागरूक होने की भी अपील की।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। लोगों से अपील की गई कि वे नेत्रदान के लिए आगे आएं, ताकि नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में फिर से उजाला लाया जा सके।

छत्तीसगढ़ शासन की खाद वितरण की गलत नीति से किसान परेशान : धनेन्द्र साहू

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री छ ग़ शासन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार की गलत नीति के कारण आज फिर से किसान वर्ग पूरी तरह से परेशान हो रहा है। किसानों को खाद के लिए सोसाइटियों की चक्कर काट काटकर भटकना पड़ रहा है, परंतु उन्हें कहीं भी खाद नही मिल रहा है। आज किसानों को इस बात की चिंता सताने लगी है कि सरकार के इस फैसले से उन्हें इस साल की खेती के लिए क्या पर्याप्त रूप से रासायनिक खाद की उपलब्धता उन्हें हो पाएगी या नहीं हो पाएगी और यदि खाद नहीं मिला तो आज हम खेती किसानी नहीं कर सकेंगे। आज सरकार लगातार अपनी नीतियों को और नियमों को जानबूझकर जटिलता पैदा कर रही है ताकि किसानों को समय पर खाद न मिले और जिसका फायदा मुनाफाखोर लोग उठावें।

पिछले वर्ष 2024-25 में शासन के द्वार किसानों को प्रति एकड खाद प्रदान करने की जो सुविधा थी वह निम्नुसार थी - 1.डीएपी 2 बोरी 50 किलो की भरती वाली दी जाती थी साथ ही (2) यूरिया तीन बोरी तक 45 किलो की भरती वाली दी जाती थी साथ ही सुपर फॉस्फेट को किसानों की आवश्यकता अनुसार बिना कोई लिमिट की दी जाती थी। परंतु इस वर्ष शासन के निर्देशन अनुसार प्रत्येक सोसाइटी में जो आदेश गया हुआ है उसके अनुसार डीएपी प्रति एकड़ मात्र एक बोरी दी जाएगी 50 किलो की भर्ती वाली, दूसरा यूरिया मात्र एक बोरी 45 किलो की भर्ती वाली दी जाएगी तथा सुपर फास्फेट प्रत्येक एकड़ जो पहले अनलिमिटेड था अब सिर्फएक बोरी 50 किलो की भर्ती वाली दी जाएगी। इसी तरह से पोटाश को भी मात्र एक बोरी 50 किलो भर्ती वाली दिए जाने का प्रावधान किया गया है और वह भी अभी किसी भी सोसाइटी में उपलब्ध नहीं है।

पवन सिंह के परिवार का होगा नया सर्वेक्षण

पात्रतानुसार मिलेगा आवास एवं अन्य योजनाओं का लाभ

गरियाबंद/ देवभोग विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सुकलीभाटा (नवीन) के आश्रित ग्राम बरही निवासी विशेष पिछड़ी जनजाति के श्री पवन सिंह कमार के परिवार के संबंध में प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया है कि वे लोग उस समय गांव में निवासरत नहीं थे। इस कारण उनके परिवार का नाम वर्ष 2011 एवं वर्ष 2018 में हुए आवास सर्वेक्षण की सूची में शामिल नहीं हो पाया था। प्रशासन ने बताया कि वर्ष 2024 में कराए गए नवीन सर्वेक्षण के दौरान भी संबंधित परिवार ग्राम में निवासरत नहीं पाया गया। उनका परिवार पिछले कई वर्षों से उड़ीसा राज्य में निवास कर रहा था तथा कुछ समय पूर्व ही गरियाबंद जिले में वापस आए है। लेकिन अब भी छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत सर्वेक्षण कराया जा रहा है।

मोहतरा शिविर में 18 गांव के लोगों ने 5 सौ आवेदन सौंपे

■ मौके पर 225 आवेदनों का किया गया निराकरण, विभिन्न योजना के हितग्राहियों को सामग्री वितरित

कसडोल/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं क़ी उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत शनिवार को विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत मोहतरा (क) में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में मोहतरा (क)सहित 18 ग्राम पंचायत के लोगों क़ी समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में प्राप्त 500 आवेदनों में से 225 का मौक़े पर ही निराकरण किया गया।

शिविर में कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजना के तहत हितग्राहियों को सामग्री, चेक और सम्मान पत्र दिया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने दिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में छह जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

■ बेटियां समाज की शान हैं – जि.पं. अध्यक्ष किरण वैष्णव

छुरिया/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले के जनपद पंचायत छुरिया क्षेत्र में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम सामाजिक एकता, भारतीय संस्कृति और जनकल्याणकारी सोच का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आया। पूरे क्षेत्र में उत्साह, उल्लास और पारिवारिक वातावरण के बीच आयोजित इस भव्य समारोह में छह जोड़ों का विवाह पूरे विधि-विधान, वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य रूप से शामिल हुईं। साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्री संजय सिन्हा ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत राजनांदगांव सभापति श्रीमती बिरम मंडावी व जनपद पंचायत सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती भेषबाई साहू भी उपस्थित रहे। अतिथियो ने नवविवाहित दंपत्तियों को आशीर्वाद देकर उनके सुखमय, समृद्ध एवं सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।

मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता देखने को मिली। विवाह मंडप को पारंपरिक सजावट एवं सांस्कृतिक वातावरण से सुसज्जित किया गया था। मंगल गीतों, वैवाहिक रस्मों और परिवारजनों की खुशियों के बीच पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। विवाह समारोह में शामिल लोगों ने नवदंपत्तियों पर पुष्पवर्षा कर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला भाजपा पूर्व महामंत्री श्री रविन्द्र वैष्णव, भाजपा मंडल छुरिया मीडिया प्रभारी श्री शिशुपाल साहू, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष श्री नैन सिंह पटेल, भाजपा मंडल पूर्व उपाध्यक्ष श्री मयाराम साहू, महाराज श्री टीकम पाण्डेय एवं श्री देवानंद साहारे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली डा रमन सिंह जी की सरकार में मुख्य कन्या विवाह योजना की शुरुआत की गई थी।जो खर्चीली शादी से बचकर सामूहिक रूप से विवाह आज गरीब व मध्यम परिवार के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है।

छुईखदान में मुक्तांजलि वाहन की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

विक्रांत सिंह ने जल्द व्यवस्था का दिया आश्वासन

छुईखदान /नवप्रदेश। छुईखदान नगर पंचायत क्षेत्र में लंबे समय से निःशुल्क मुक्तांजलि वाहन की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को अस्पताल से शव को घर तक ले जाने के लिए निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे उन्हें मानसिक पीड़ा के साथ आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ता है। नगर में लगातार उठ रही इस समस्या को लेकर समाजसेवी एवं भाजपा नेता संदीप महोबिया ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को लिखित आवेदन सौंपकर शासन से जल्द व्यवस्था कराने की मांग की।इस दौरान पत्रकार अंकित महोबिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आवेदन में उल्लेख किया गया कि छुईखदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क मुक्तांजलि वाहन की सुविधा नहीं होने से आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को शव वाहन के लिए अधिक राशि खर्च करनी पड़ती है, जबकि दुख की घड़ी में शासन द्वारा ऐसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है।

बधियाकरण, उपचार और निगरानी के साथ 48 वार्डों में चलेगा चरणबद्ध अभियान

जगदलपुर में शुरू होगा एबीसी का अभियान, ननि ने बनाई विशेष टीम

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहर में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण के लिए नगर निगम प्रशासन ने अब ठोस पहल शुरू कर दी है। एनीमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) योजना के तहत नगर निगम जल्द ही विशेष बधियाकरण अभियान प्रारंभ करेगा। इस अभियान के अंतर्गत शहर के सभी 48 वार्डों में आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर उनका बधियाकरण किया जाएगा। अभियान की तैयारियों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने महापौर संजय पांडेय कंगोली स्थित सर्वसुविधायुक्त एबीसी सेंटर पहुंचे।

नगर निगम ने इस महत्वपूर्ण अभियान के संचालन की जिम्मेदारी चंडीगढ़ की विशेषज्ञ संस्था स्नेह एनीमल वेलफेयर सोसायटी को सौंपी है। एजेंसी की विशेषज्ञ टीम निगम अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को चरणबद्ध ढंग से संचालित करेगी। अभियान के लिए कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं हेमंत श्रीवास, डॉ. गीतिका ध्रुव, डॉ. अजय बनिक और लुप्तेश जगत को समिति में शामिल किया गया है।

कंगोली में तैयार हुआ विशेष सेंटर, पकड़ने से लेकर उपचार और पुनर्वास तक होगी पूरी व्यवस्था

नगर निगम द्वारा अभियान को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़ने, सेंटर तक पहुंचाने और उपचार के बाद वापस उसी क्षेत्र में छोड़ने के लिए 10 कर्मचारियों की विशेष टीम तैनात की गई है। अभियान की नियमित मॉनिटरिंग निगम अधिकारियों द्वारा की जाएगी। कंगोली डंपिंग यार्ड के समीप स्थापित विशेष सेंटर में कुत्तों के बधियाकरण, उपचार और देखरेख की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों, प्रशिक्षित कर्मचारियों और पशु कल्याण से जुड़े एनजीओ की निगरानी में पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न होगी। उपचार के बाद कुत्तों को कुछ दिनों तक निगरानी में रखा जाएगा तथा स्वास्थ्य सामान्य होने पर उन्हें पुनः उसी क्षेत्र में छोड़ा जाएगा, जहां से पकड़ा गया था। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अभियान पूरी तरह पशु संरक्षण एवं पशु कल्याण मानकों के अनुरूप संचालित किया जाएगा ताकि किसी भी पशु को अनावश्यक परेशानी न हो। नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे आवारा कुत्तों की जानकारी निदान टोल फ्री नंबर 1100 तथा स्वास्थ्य अधिकारी के मोबाइल नंबर 9425266016 पर उपलब्ध कराएं और अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें। इस दौरान एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, राणा घोष, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, संयुक्त संचालक पशु विभाग डॉ डीके नेताम, डॉ राजपूत, डॉ केके देव, राजपाल केसर तथा एनिमल वेलफेयर सोसायटी से लुप्तेश सहित अन्य मौजूद रहे।

शहर को भयमुक्त और सुरक्षित बनाने की पहल

महापौर संजय पांडेय ने कहा कि शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करना आवश्यक हो गया था। नागरिकों की सुरक्षा और बेहतर शहरी व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए एनीमल बर्थ कंट्रोल योजना के तहत यह अभियान शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल बधियाकरण अभियान नहीं बल्कि शहर को आवारा कुत्तों के भय से मुक्त कर सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नगर निगम पूरी संवेदनशीलता के साथ अभियान संचालित करेगा और पशुओं की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि निगम की टीम जब वार्डों में पहुंचे तो लोग सहयोग करें, ताकि भविष्य में आवारा कुत्तों की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

जलसंकट: अलर्ट मोड पर नगरीय प्रशासन विभाग, निकायों को जारी हुए सख्त निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। गर्मी के मौसम में संभावित पेयजल संकट को देखते हुए नगरीय प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को अलर्ट मोड पर काम करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने सभी निकायों को एक सप्ताह के भीतर हैंडपंपों, बोरवेल और जलप्रदाय प्रणालियों की जांच कर आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा है।

विभाग द्वारा जारी निर्देशों में पाइपलाइन में लीकेज या टूट-फूट को तत्काल सुधारने तथा नालियों से होकर गुजरने वाली पाइपलाइनों और हाउस सर्विस कनेक्शनों को स्थानांतरित करने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके साथ ही प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंडों और बाजारों में प्याऊ घर खोलने तथा पशुओं के लिए भी पेयजल की व्यवस्था करने को कहा गया है। उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने हाल ही में विभागीय समीक्षा बैठक में गर्मियों के दौरान निरंतर और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद संचालनालय ने सभी निकायों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार जिन वार्डों और बस्तियों में गर्मी के दौरान भूजल स्तर नीचे चला जाता है, उन्हें चिन्हित कर वैकल्पिक माध्यमों से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। नगर निगमों में आयुक्त और नगर पालिकाओं तथा नगर पंचायतों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को पेयजल संकट निवारण के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्हें प्रतिदिन शिकायतों की समीक्षा कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

विभाग ने जल गुणवत्ता बनाए रखने के लिए हैंडपंपों में ब्लीचिंग पावडर का घोल और सोडियम हाइपोक्लोराइड का उपयोग सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही क्लोरीन की मात्रा का नियमित परीक्षण और आवश्यकता अनुसार ओवरहेड टैंकों में री-क्लोरीनेशन करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

जल शोधन संयंत्रों, उच्च स्तरीय जलागारों और संपवेल की सिल्ट सफाई एवं डिस-इन्फेक्शन कराने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। इसके अलावा भूजल स्तर बढ़ाने के लिए नलकूपों और बोरवेल के पास रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा रिचार्ज पिट निर्माण पर जोर दिया गया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी निकायों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के साथ नियमित जल परीक्षण कर उसकी रिपोर्ट संचालनालय को भेजने के निर्देश दिए हैं। सामाजिक संस्थाओं और एनजीओ से भी प्याऊ घर संचालन में सहयोग लेने की बात कही गई है।

एससीआर का नया फॉर्मूला: अवैध प्लाटिंग और अव्यवस्थित बसाहटों पर लगेगी रोक

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर, नवा रायपुर, दुर्ग-भिलाई और आसपास के तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में अब जमीन विकास मनमाने तरीके से नहीं हो सकेगा। राज्य सरकार स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) का नया ढांचा तैयार कर रही है, जिसके लागू होने के बाद बिना तय मानकों के कॉलोनी बसाना, बाजार विकसित करना और अव्यवस्थित निर्माण करना कठिन हो जाएगा। सरकार की योजना पूरे राजधानी क्षेत्र को एकीकृत मास्टर प्लान के तहत विकसित करने की है। इसके तहत पहले से यह तय किया जाएगा कि किस इलाके में आवासीय कॉलोनियां विकसित होंगी, कहां उद्योग स्थापित किए जाएंगे और कौन-सी जमीन कृषि उपयोग के लिए सुरक्षित रखी जाएगी। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार किसी भी इलाके में कॉलोनी, बाजार या अन्य निर्माण कार्य शुरू करने से पहले विस्तृत सर्वे कराया जाएगा। सर्वे में सड़क नेटवर्क, ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी और उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का अध्ययन किया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर ही भूमि उपयोग की अनुमति दी जाएगी। प्रशासनिक स्वीकृति के बिना विकास कार्य संभव नहीं होगा। अवैध प्लाटिंग और निर्माण पर रोक लगाने के लिए डिजिटल मैपिंग और ऑनलाइन भूमि रिकॉर्ड सिस्टम का उपयोग किया जाएगा।

स्कूली बच्चों को अब मिलेगी डिजिटल शिक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के स्कूली बच्चे अब पाठ्यक्रम की पढ़ाई के साथ भारतीय और स्थानीय लोक संस्कृति, कला, संगीत और परंपराओं से भी रूबरू होंगे। नई शिक्षा नीति-2020 के तहत राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी द्वारा कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 'आर्ट रिपोटरी (ई-कोष)' तैयार करने की पहल शुरू की गई है।

इस पहल के तहत प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्रशिक्षकों और पालकों के लिए भारतीय और छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति से जुड़ी डिजिटल सामग्री 24 घंटे उपलब्ध कराई जाएगी। प्रथम चरण में 100-100 ऑडियो, वीडियो और ई-सामग्री तैयार की जा रही है। नई शिक्षा नीति में शिक्षा को भारत-केंद्रित बनाने पर जोर दिया गया है, जिसमें भारतीय संस्कृति, कला, परंपराओं और भाषाओं को शिक्षा के साथ जोड़ा जा रहा है। इसी उद्देश्य से तैयार किए जा रहे आर्ट रिपोटरी का लक्ष्य बच्चों में सांस्कृतिक पहचान, रचनात्मकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना विकसित करना है। ई-कोष में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, साहित्य, लोकगीत, संगीत, नृत्य, रंगमंच, दृश्य कला, सांस्कृतिक धरोहरों और पुरातात्विक महत्व के स्थलों से जुड़ी सामग्री उपलब्ध रहेगी। विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी समय इनका अध्ययन कर सकेंगे। साथ ही ÷एक भारत श्रेष्ठ भारत÷ अभियान के तहत अन्य राज्यों की संस्कृति से भी परिचय कराया जाएगा।

आर्ट रिपोटरी में कौशल्या मंदिर, रामपथ गमन, सिरपुर मंदिर, भोरमदेव मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, तीरथगढ़ जलप्रपात और कुटुमसर गुफा जैसे ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों की जानकारी भी शामिल की जाएगी। इसके अलावा ढोकरा आर्ट, टेराकोटा, बांस शिल्प, लौह शिल्प, गोदना और भित्ति चित्र जैसी लोक कलाओं को भी डिजिटल स्वरूप में प्रस्तुत किया जाएगा। संगीत और लोक परंपराओं के अंतर्गत पंथी गीत, सुवा गीत, भोजली, देवार गीत, फाग गीत, भरथरी गीत और विवाह गीतों के साथ पंथी नृत्य, राउत नाचा, गेड़ी नृत्य, काकसार नृत्य और गौर नृत्य जैसी लोक विधाओं को भी शामिल किया जाएगा।

नए मुखिया की दौड़ तेज, तीन वरिष्ठ आईएफएस अफसर चर्चा में

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के वन विभाग में इस माह बड़ा प्रशासनिक बदलाव देखने को मिल सकता है। मौजूदा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) वी. श्रीनिवास राव के इसी माह सेवानिवृत्त होने के साथ ही नए मुखिया की नियुक्ति को लेकर रायशुमारी तेज हो गई है। विभाग और शासन स्तर पर वरिष्ठ आईएफएस अफसरों के नामों पर मंथन जारी है। वन महकमे में नए वन बल प्रमुख के तौर पर भारतीय वन सेवा के तीन वरिष्ठ अधिकारियों के नाम सबसे अधिक चर्चा में हैं। इनमें 1992 बैच के आईएफएस अरुण पांडे, 1994 बैच के कौशलेंद्र कुमार और 1995 बैच के ओपी यादव प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। माना जा रहा है कि इन्हीं में से किसी एक नाम पर अंतिम मुहर लग सकती है। हालांकि विभागीय गलियारों में मौजूदा वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव को सेवा विस्तार दिए जाने की चर्चा भी जोरों पर है। बेहतर प्रशासनिक अनुभव और कार्यशैली के चलते शासन उनके एक्सटेंशन पर भी विचार कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक यदि वरिष्ठता क्रम के अधिकारियों के नाम पर सहमति नहीं बनती है तो सरकार सेवावृद्धि का विकल्प चुन सकती है।

मनगटा जंगल रिसोर्ट में करंट लगने से 16 वर्षीय बालक की मौत

- **बर्थडे पार्टी के दौरान हादसा, परिजनों ने किया चक्का जाम; रिसोर्ट संचालक पर एफआईआर दर्ज**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर टेड़ेसरा क्षेत्र स्थित मनगटा जंगल के बस हाउस रिसोर्ट में शनिवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। बर्थडे पार्टी मनाने गए 16 वर्षीय किशोर की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे पर चक्का जाम कर दिया, जिससे कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा।

मिली जानकारी के अनुसार रामनगर वार्ड क्रमांक 7 राजनांदगांव निवासी शेख यासीन पिता रफीक शेख (उम्र लगभग 16 वर्ष) अपने दोस्तों के साथ बर्थडे पार्टी मनाने रिसोर्ट गया हुआ था। बताया जा रहा है कि कुल 11 दोस्त पार्टी में शामिल थे। रात करीब 12 बजे केक काटने के बाद सभी युवक रिसोर्ट के स्विमिंग पूल में नहाने चले गए।

करीब डेढ़ बजे जब शेख यासीन स्विमिंग पूल से बाहर निकल रहा था, तभी पूल के पास लगे लाइट के लैम्प में करंट प्रवाहित हो रहा था। उसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। दोस्तों ने तत्काल उसे सोमनी के शासकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने नेशनल हाईवे पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में रिसोर्ट संचालक के पहुंचने पर समझाइश दी गई। बताया गया कि मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए मुआवजा देने की सहमति बनी, जिसमें 1 लाख रुपए तत्काल दिए गए, जबकि शेष राशि सोमवार को देने की बात कही गई है।

सूत्रों के अनुसार रिसोर्ट के मालिक दुर्ग-भिलाई निवासी रामशरण देवांगन बताए जा रहे हैं, जिन्होंने रिसोर्ट को किराये पर सन्नी ठाकुर, मुढ़ीपार स्टेशन निवासी को दिया था। वहीं रिसोर्ट का संचालन प्रमोद चौधरी और राघवेंद्र सिंह द्वारा किए जाने की जानकारी भी सामने आई है।

घटना के बाद सोमनी पुलिस ने मामले में रिसोर्ट प्रबंधन की लापरवाही मानते हुए एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

चक्का जाम के दौरान जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, जनपद सदस्य मोहनीश धनकर, शुभम पांडे, युवा नेता हेमचंद यादव, शैलेष साहू, सुभाष द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

थाना प्रभारी का बयान

सोमनी थाना प्रभारी अरुण नामदेव ने बताया कि मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए मुआवजा दिया गया है। रिसोर्ट संचालक की घोर लापरवाही सामने आई है। मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है तथा रिसोर्ट की सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी जांच की जाएगी।

रेत का अवैध भण्डारण व परिवहन 2 माजदा जप्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग द्वारा कुमरदा एवं डोंगरगांव अंतर्गत आने वाले शिवनाथ नदी किनारे स्थित ग्राम मोतीपुर, नांदिया, धनगांव का निरीक्षण कर ग्रामीणों की उपस्थिति में जांच की गई। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम मोतीपुर स्थित शिवनाथ नदी से रेत खनन कर लगभग 500 मीटर दूरी पर पानी टंकी के पास लगभग 18 ट्रिप माजदा में खनिज रेत का अवैध भण्डारण पाया गया। क्षेत्र में अवैध भण्डारण से रेत का परिवहन करने पर 2 माजदा जप्त कर थाना डोंगरगांव को सुपुर्द किया गया।

खनि अधिकारी ने बताया कि मोतीपुर कुमरदा निवासी लोकेश निर्मलकर के स्वामित्व के माजदा सीजी 04 आरएल 7909 से वाहन चालक रेखचंद एवं मोतीपुर कुमरदा निवासी शंकर देवांगन के स्वामित्व के माजदा सीजी 09 जेसी 0764 से वाहन चालक सोमेश नायक द्वारा रेत का अवैध भण्डारण से परिवहन करने पर कार्रवाई की गई। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202605104700007 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक युनियन बैंक ऑफ इंडिया छ.ग. सिंधिया नगर दुर्ग शाखा (छ.ग.) तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) केता बोनी सिंग सग्गू उम्र 31 वर्ष आ. मंजीत सिंह सग्गू निवसी- चौहान टावर जुनवानी भिलाई के द्वारा स्थित भूमि मौजा जुनवानी प.ह.नं. 43, रा.नि.मं. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 308/1 रकबा 1210.83 वर्गफीट भूमि को विक्रेतागण 1. श्री विवेक लक्ष्मण नरखेडे आ. स्व. श्री एल.पी.नरखेडे 2. श्रीमती संध्या विवेक नरखेडे ध.प. श्री विवेक नरखेडे 3. आदित्य विवेक नारखेडे निवासी प्लाट नंबर डी/36, चौहान टाउन जुनवानी भिलाई से रजिष्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 06/10/2020 को कय किया। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.05.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2025-26
मौजा ग्राम डंगनिया, प.ह.न. 17

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक चिंताराम साहू पिता माहंगू साहू निवासी ग्राम डंगनिया तहसील धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा अपने पिता माहंगू पिता सहनु का मृत्यु दिनांक 06/11/2011 को स्थान ग्राम डंगनिया में मृत्यु हुआ है। मृत्यु का पंजीयन किसी भी जिले या स्थान में दर्ज नहीं होने से संबंधित विभाग में मृत्यु का पंजीयन स्थानीय रजिस्टार जन्म/मृत्यु को जन्म/मृत्यु रजिस्टीकरण म.प्र. सह पठित छ.ग. राज्य नियम 1973 के नियम 10(3) के अंतर्गत निर्देश/आदेश देने हेतु आवेदन के साथ शपथ पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, अप्राप्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न कर इस न्यायालय के समक्ष निवेदन पेश किया गया है। तत्संबंध में मामला इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 20.05.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग(छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं विनोद चंद दोसी, पिता प्रेमराज जैन, निवासी, म. नं 39, सदर लाइन, डौडी लोहारा वार्ड 7, डौडी लोहारा, बालोद (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना यह पुराना नाम विनोद चंद दोसी को त्याग कर नया नाम विनोद कुमार जैन रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम विनोद कुमार जैन से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ता
विनोद कुमार जैन
म. नं 39, सदर लाइन, डौडी लोहारा वार्ड 7, डौडी लोहारा, बालोद (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं राहुल दोसी, पिता विनोद कुमार जैन, निवासी, म. नं 39, सदर लाइन, डौडी लोहारा वार्ड 7, डौडी लोहारा, बालोद (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना यह पुराना नाम राहुल दोसी को त्याग कर नया नाम राहुल जैन रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम राहुल जैन से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ता
राहुल जैन
म. नं 39, सदर लाइन, डौडी लोहारा वार्ड 7, डौडी लोहारा, बालोद (छ.ग.)

NAME CHANGE

It is Informed to the general public that, I SHEKH FAIJUDDIN S/O SHEKH ?AIMUDDIN, Resident of H.No.312, Ward No.08, Takiya Para Durg Distt.Durg (C.G.) 491001 have changed my old name FAIJOODIN in the all Documents. So in future I sould be recognized by my new name in the Documents that is SHEKH FAIJUDDIN in all Government & other documents.

SHEKH FAIJUDDIN
S/O SHEKH NAIMUDDIN,
Resident of H.No.312, Ward No.08, Takiya Para Durg Distt.Durg (C.G.) 491001

नाम-परिवर्तन

मैं भारती राजेश चितवे पिता राजेश चितवे, उम्र- 25 वर्ष (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) निवासी- म.नं.-77 वार्ड नं.-08, ग्राम कोटनी, पोष्ट नगपुरा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम भारती राजेश चितवे पिता राजेश चितवे (पुराना नाम) से बदलकर भारती चकधारी पति रूपचंद चकधारी, निवासी- म.नं.-71, वार्ड नं.-08, ग्राम कोटनी, पोस्ट नगपुरा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
भारती राजेश चितवे
पिता राजेश चितवे
निवासी- म.नं.-77 वार्ड नं.-08, ग्राम कोटनी, पोष्ट नगपुरा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं गौरव उम्र- उम्र-29 वर्ष (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) पिता शंकर सिंह नेताम निवासी-डे जी/220, बी / ब्लॉक, वॉटर टैंक के पास, सीजीएबी कॉलोनी, तालपुरी, सिविक सेंटर, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम गौरव पिता शंकर सिंह नेताम (पुराना नाम) से बदलकर गौरव नेताम पिता शंकर सिंह नेताम (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
गौरव उम्र पिता शंकर सिंह नेताम
निवासी-डे.जी/220, बी/ब्लॉक, वॉटर टैंक के पास, सीजीएबी कॉलोनी, तालपुरी, सिविक सेंटर, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1 दीलिप दास भूषणलाल बैरागी पिता भूषण दास वैष्णव, 2. नरेन्द्र कुमार वैष्णव पिता भूषणदास वैष्णव, 3. संतोष कुमार वैष्णव पिता भूषण दास वैष्णव सभी निवासी- मकान नं 325 वार्ड नं 18 हनोदा तह व जिला दुर्ग (छ0ग0) के द्वारा मौजा हनौंदा प.ह.नं. 53 रा.नि.म. उतई तह व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 839 रकबा 0.380 हे. भूमि भूमिस्वामी शांति बाई वैष्णठ पति भूषण दास वैष्णव के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदकगण की माता शांती बाई वैष्णव पति भूषण दास वैष्णव की मृत्यु दिनांक 31.07.2025 को हो चुकी है। आवेदक के माता द्वास अपने जीवन में अर्जित कृषि भूमि को दिनांक 06.02.2023 दुर्ग उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग एस.आर.3 में एक वसीयतनामा निष्पादित किया था जिसका पंजीयनं आई.डी. नंबर सी.जी. 512490602023028 आवेदकगण के पक्ष में पंजीकृत वसीयत किया गया है। सक्त वर्णित भूमि को वसियत के आधार पर आवेदकगण के नाम पर नामातंरण किये जाने आवेदन पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया हैं।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति, अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.05.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202604101200028 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जा है कि आवेदक/आवेदिका धारणा गौतम आ./पति खेमलाल गौतम निवासी सुरेगांव (बालोद) के द्वारा ग्राम भनपुरी प.ह.न. 36 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा न. 754 रकबा 0.58 हे. भूमि को विक्रेता देवेन्द्र कुमार देशमुख आ. अमर सिंह देशमुख निवासी भनपुरी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 20.02.2025 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

शिक्षक एल.बी. संवर्ग ने पुरानी पेंशन की मांग उठाई

खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव को सौंपा ज्ञापन

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ, बागबाहरा के बैनर तले वर्ष 1998-99 में नियुक्त शिक्षक एल.बी. संवर्ग के शिक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश का पालन करते हुए प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन योजना सहित अन्य सेवा लाभ प्रदान करने की मांग की। इस दौरान विधायक श्री यादव ने शिक्षकों की मांगों को प्रदेश सरकार तक पहुंचाने और आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।

1998-99 में हुई थी नियुक्ति, 2001 में नियमितिकरण

संघ के पदाधिकारियों ने विधायक को बताया कि वर्ष 1998-99 में उनकी नियुक्ति नियमित पदों के विरुद्ध की गई थी। इसके बाद वर्ष 2001 में उनका नियमितिकरण किया गया तथा वर्ष 2018 में शिक्षा विभाग में संविलियन किया गया। शिक्षकों का कहना है कि वे लंबे समय से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन आज भी उन्हें पुरानी पेंशन योजना और अन्य सेवा लाभों से वंचित रखा गया है।

केंद्र सरकार के आदेश का हवाला

शिक्षकों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020 में जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2004 के पूर्व नियुक्त अस्थायी, संविदा अथवा दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित होने के बाद पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसके बावजूद छत्तीसगढ़ में 1998-99 बैच के शिक्षक एल.बी. संवर्ग को इस लाभ से बाहर रखा गया है, जिससे शिक्षकों में भारी नाराजगी है।

बड़ी संख्या में शिक्षक रहे उपस्थित-ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के कई पदाधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से खेदूराम चन्द्राकर, पिताम्बर बंजारा, भोपाल बंजारा, शिवनारायण तिवारी,सहित अन्य शिक्षक शामिल थे।

न्यूज गैलरी

तेज आंधी तूफान से कार पर गिरी पेड़ की डाल

बेमेतरा, अंधियाखोर/नवप्रदेश। बेमेतरा से 15 किमी दूर पडकीडीह में शनिवार शाम को 5 बजे 70 से 80 किमी की स्पीड से चली तेज आंधी तूफान के साथ हुई बारिश में पांडेय मेडिकल स्टोर्स के सामने तेज हवा सिरसा का दो पेड़ गिरने से बेरला रोड से देवरी जाते समय हॉटल के सामने कार खड़ी हुई थी उसके उपर झाड गिरने से कार के ऊपरी भाग क्षतिग्रस्त हो गई। गाड़ी में कोई व्यक्ति नहीं होने के कारण बड़ी घटना घटित होने से बच गई।

महाराणा प्रताप जयंती, महापौर ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर 9 मई को रामकृष्ण नगर चैक में नगर निगम द्वारा स्थापित प्रतिमा में महापौर श्री मधुसुदन यादव ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल के अलावा निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में महाराणा प्रताप की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि महाराणा प्रताप मेवाड़ के सिसोदिया राजपूत राजवंश के एक महान शासक और योद्धा थे जिन्होने मुगल बादशाह अकबर के सामने झुकने के बजाय संघर्ष चुना वे अपनी वीरता, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम के लिए अमर है। उन्होने अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए घास की रोटी खाना स्वीकार किया लेकिन मुगलों के आगे घुटने नहीं टेके महाराणा प्रताप के सबसे प्रिय, वफादार और बहादुर घोडे का नाम चेतक था। कहा जाता है कि वे युद्ध के मैदान में 81 किलो का भाला और लगभग 72 किलो का कवच पहन कर लड़ते थे। उन्होने मुगलो से मेवाड़ के अधिकांश हिस्से को वापस पाने में सफलता हासिल की। महापौर ने कहा कि ऐसे महान शासक और योद्धा के जयंती मनाने पर गौरव का अनुभव हो रहा है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना: सामूहिक विवाह में परिणय सूत्र में बंधे 46 जोड़े

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम तहत जिले में 46 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। जिसमें 44 जोड़ों का विवाह हिन्दू रीति एवं 2 जोड़ों का विवाह बौद्ध रीति से संपन्न हुआ। राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत राजनांदगांव शहर के सतनाम भवन में 25 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। जिसमें 23 जोड़ों का विवाह हिन्दू रीति एवं 2 जोड़ों का विवाह बौद्ध रीति से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में महापौर श्री मधुसूदन यादव शामिल हुए। उन्होंने वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान कर दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्री अनीता सिन्हा सहित जनपद सदस्य, पार्षद, जनप्रतिनिधि, नागरिक, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

इस तरह मुख्यमंत्री कन्या विवाह सामूहिक कार्यक्रम अंतर्गत बधेरा नवागांव में 15 जोड़ों का विवाह जोड़ों का विवाह हिन्दू रीति से संपन्न कराया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति श्रीमती शीला राकेश सिन्हा एवं श्रीमती किरण विनोद बारले, जनपद सदस्य श्रीमती तुलसी साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। छुरिया में 6 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ।

जिले में 6.22 करोड़ रुपए से अधिक के अवार्ड पारित, दाम्पत्य विवाद भी सुलझे

नेशनल लोक अदालत में 66 हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण

महासमुंद/नवप्रदेश। न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा पक्षकारों के बीच आपसी सुलह और समझौते को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को जिलेभर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की प्रभारी सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री चेतना ठाकुर ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय महासमुंद, कुटुंब न्यायालय तथा तहसील पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित न्यायालयों में कुल 27 खंडपीठों का गठन किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया, कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार सोनवानी, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुश्री संघपुष्पा भतपहरी सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

66 हजार 623 प्रकरणों का हुआ निराकरण

नेशनल लोक अदालत में बैंक रिकवरी, श्रमिक विवाद, विद्युत बकाया, राजस्व प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा, एनआई एक्ट की धारा 138 तथा राजीनामा योग्य दांडिक मामलों सहित विभिन्न प्रकरणों का निराकरण किया गया।प्री-लिटिगेशन मामलों में बैंक रिकवरी के 2,854 प्रकरणों में 12 लाख 54 हजार 100 रुपए, विद्युत विभाग के 8,769 प्रकरणों में 33 लाख 82 हजार 329 रुपए तथा श्रम विभाग के 9 मामलों में 29 हजार 500 रुपए के अवार्ड पारित किए गए। इसी प्रकार मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) के 25 प्रकरणों में 3 करोड़ 22 लाख 90 हजार रुपए तथा एनआई एक्ट धारा 138 के 12 मामलों में 37 लाख 445 रुपए के अवार्ड पारित हुए।इसके अलावा जिले के विभिन्न तहसील एवं अनुभागीय राजस्व न्यायालयों के माध्यम से 50 हजार 513 प्रकरणों का निराकरण किया गया। कुल मिलाकर जिलेभर में 66 हजार 623 मामलों का निपटारा करते हुए 6 करोड़ 22 लाख 82 हजार 394 रुपए की राशि के अवार्ड पारित किए गए।

मोटर दुर्घटना प्रकरणों में 1.32 करोड़ का मुआवजा

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं खंडपीठ क्रमांक-1 की पीठासीन अधिकारी श्रीमती अनिता डहरिया के समक्ष लंबित मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के 9 प्रकरणों का भी निपटारा किया गया। इनमें 8 मृतकों के 23 वारिसों एवं एक घायल हितग्राही के पक्ष में कुल 1 करोड़ 32 लाख 95 हजार रुपए का अवार्ड पारित किया गया। समझौते के बाद पीठासीन अधिकारी ने हितग्राहियों को पौधे भेंट कर वृक्षारोपण का संदेश भी दिया।

समझाइश के बाद पति-पत्नी फिर साथ रहने तैयार

कुटुंब न्यायालय की खंडपीठ क्रमांक-2 में भरण-पोषण से संबंधित लंबित मामलों में भी आपसी सुलह के जरिए समाधान कराया गया। एक मामले में ग्राम भीमखोज निवासी महिला द्वारा पति के नशे की आदत के कारण अलग रहने के बाद भरण-पोषण का आवेदन प्रस्तुत किया गया था। न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार सोनवानी की समझाइश के बाद पति ने नशा छोड़ने और पत्नी व बच्चों के साथ रहने की सहमति दी, जिसके बाद दोनों ने पुनः दाम्पत्य जीवन शुरू करने का निर्णय लिया।

आद्या शक्ति महिला उत्थान एनजीओ ने खोला पियाऊ घर

कसडोल/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश में इन दिनों सूर्य की गर्मी अपने रौद्र रूप धारण किए हुए है जिसके चलते पूरे प्रदेशभर में गर्मी का तापमान लगातार बढ़ता आंकड़ा देखने मिल रहा है उसी तारतम्य में आद्या शक्ति महिला उत्थान की टीम द्वारा बलौदाबाजार जिला के कसडोल नगर में पियाऊ घर खोलते 10 नग मिट्टी का घड़ा (मटका) वितरण करते राहगीरों को कुछ हद तक गर्मी से निजात दिलाने पियाऊ घर खोला गया आद्या शक्ति की टीम का एक और सराहनी कदम बढ़ाया गया, जहाँ एक ओर ग्रामीण अंचलों से आए ग्रामीण ठंडा पानी पीने के लिए इधर उधर भटकते नजर आ रहे थे वही आद्या शक्ति टीम का सराहनी पहल नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है, नगर मे बढ़ते गर्मी के चलते वाटर लेबल भी लगातार गिरता नजर आ रहा ऐसे में आमजनों के लिए पियाऊ घर अमृत के बूंदों से कम नही, आद्या शक्ति महिला उत्थान एनजीओ का ये कोई पहला मामला नही जो चर्चा का विषय बना हो जब कभी किसी भी स्तर में कोई नेक कार्य करना हो एनजीओ हमेशा सामने आते देखा गया हैं, स्कूली बच्चे हो या कॉलेज, पर्यावरण दुरुस्त करना हो या स्वच्छता की ओर नया कदम हमेशा से आगे रहते नजर आए हैं, एनजीओ की अध्यक्ष चंद्रलेखा मिश्रा जी से मिली जानकारी के अनुसार एनजीओ का निर्माण ही गरीब तपके असहाय और जुल्म अन्नाय के नीचे पिस्ती महिलाओं के उत्थान के लिए किया गया हैं, साथ ही उन्होंने जानकारी साझा करते कहा पूर्व में एनजीओ द्वारा दो गरीब बेटियों का विवाह, एक असहाय की मकान जीर्णोद्धार भी संघ द्वारा किया गया हैं ।

नेशनल लोक अदालत में 31 हजार से अधिक प्रकरणों का हुआ निराकरण

■ **कबीरधाम जिले में 10.77 करोड़ रुपये से अधिक राशि के मामलों का हुआ समाधान**

कवर्धा / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में आज 9 मई को तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ में आयोजित इस नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायमूर्ति महोदय श्री रमेश सिन्हा, के द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। जिसके पश्चात जिला कबीरधाम में आयोजित इस नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कु0 संघरत्ना भतपहरी के द्वारा उक्त नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया ।

नेशनल लोक अदालत को यादगार बनाने सेल्फी प्वाइंट तथा स्वास्थ्य शिविर की भव्यता नेशनल लोक अदालत में देखते ही बन रही थी। जिला न्यायालय के प्रवेश द्वार पर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था, जिसमे पक्षकार अपनी मनमोहक फोटो तस्वीरों के माध्यम से जीवंत रख रहे थे। इस दौरान न्यायालय परिसर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आये हुए पक्षकारों द्वारा स्वास्थ्य लाभ भी लिया जा रहा था। उक्त लोक अदालत में जिले में कुल 11 खण्डपीठ गठित किया गया था, जिसमें से 10 खण्डपीठ जिला मुख्यालय कबीरधाम तथा 01 खण्डपीठ व्यवहार न्यायालय पण्डरिया में गठित की गई थी। जिसमें राजीनामा योग्य समस्त दाण्डिक मामले, चेक बाउन्स के प्रकरण, समस्त प्रकार के व्यवहार वाद प्रकरण, मोटर दुर्घटना से उत्पन्न दावा प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय में लंबित वैवाहिक विवाद से संबंधित प्रकरण, इसके साथ ही प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व वाद प्रकरण) यथा बिजली बिल, दूरभाष, बैंक लोन, जल कर से संबंधित प्रकरण रखे गये थे।

दिगम्बर जैन वर्णी भवन में बच्चों का थर्ड आई प्रदर्शन आज

■ **15 दिनों के विशेष प्रशिक्षण के बाद बच्चे आंखों पर पट्टी बांधकर दिखाएंगे अद्भुत प्रतिभा**

नवापारा राजिम/ नवप्रदेश। नगर के सदर रोड स्थित दिगम्बर जैन वर्णी भवन में रविवार प्रातः 8 बजे थर्ड आई अर्थात ÷तीसरी आंख कला का विशेष प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 8 से 12 वर्ष आयु के बच्चे अपनी विशेष प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम को लेकर समाज, परिजनों एवं नगरवासियों में उत्साह का वातावरण है।

जानकारी के अनुसार, बच्चों को यह विशेष प्रशिक्षण जैन मुनि पूज्य श्री पुनीत सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में लगभग 15 से 20 दिनों तक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को नियमित अनुशासन, ध्यान एवं एकाग्रता का अभ्यास कराया गया। मुनिश्री ने बताया कि प्रशिक्षण में शामिल बच्चों को फास्ट फूड का पूर्णतः त्याग करना पड़ा तथा प्रतिदिन लगभग एक घंटे तक विशेष अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में बच्चे आंखों पर पट्टी बांधकर अपने माता-पिता एवं परिचितों को पहचानना, ड्राइंग बनाना, लिखना-पढ़ना जैसी गतिविधियों का प्रदर्शन करेंगे। बताया गया कि इस कला प्रशिक्षण के लिए प्रारंभ में लगभग 50 से 60 बच्चों के नाम आए थे, लेकिन आवश्यक अनुशासन एवं फास्ट फूड त्याग की शर्तों का पालन नहीं करने वाले बच्चों को शामिल नहीं किया गया। वर्तमान में लगभग 15 से 16 बच्चों ने सभी नियमों का पालन करते हुए इस प्रशिक्षण में भाग लिया है।

मुनि श्री पुनीत सागर महाराज ने बताया कि इससे पूर्व भी राजनांदगांव में बच्चों को इस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जहां बच्चों ने सफलतापूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन नवापारा राजिम के वर्णी?भवन में सामाजिक जनों के सामने किया था। नवापारा में भी बच्चे अपनी कला का प्रदर्शन कर समाज को आश्चर्यचकित करेंगे।

पेज 1 का शेष...

सुवेंदु बंगाल में भाजपा...

सीधे सरकार के पास गए, उन्हें शॉल ओढ़ाया और फिर उनके पैर छुए।

जनता को नमनः शपथ समारोह के आखिर में पीएम मोदी ने मंच से परेड ग्राउंड में मौजूद लोगों को धन्यवाद किया। इस दौरान वे घुटनों के बल बैठे और जनता को प्रणाम किया।

झुककर प्रणामः सुवेंदु अधिकारी ने बांग्ला में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। शपथ के बाद वे पीएम मोदी के पास गए और झुककर प्रणाम किया। पीएम मोदी ने उनकी पीठ थपथपाकर शुभकामनाएं दीं।

गमछा ओढ़ायाः सुवेंदु अधिकारी ने शपथ लेने के बाद मंच पर मौजूद सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों का अभिवादन किया। इस दौरान यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने उन्हें गेरुआ गमछा ओढ़ाया।

आदिवासी पोशाक में शपथ लीः पहली बार विधायक बने क्षुदीराम टुडू आदिवासी पोशाक में शपथ लेने पहुंचे। उन्होंने गले में बीजेपी का गमछा और सिर पर पीला गमछा बांध रखा था। पेशे से शिक्षक रहे क्षुदीराम रानीबांध सीट से पहली बार विधायक बने हैं।

शपथ ग्रहण के साक्षी बने सीएम...

अनुभव का लाभ वहां की जनता को मिलेगा।

मुख्यमंत्री साय ने दी बधाईः सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री साय ने शुवेंदु अधिकारी को बधाई देते हुए लिखा। प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन और आपके नेतृत्व में बंगाल तुष्टीकरण, भय और अराजकता की राजनीति से मुक्त होगा। अब राज्य सुशासन, विकास और जनकल्याण की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री साय के साथ उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी समारोह में मौजूद रहे।

तमिलनाडु में विजय सरकार...

के मुताबिक मेलूर विधायक पी. विश्वनाथन विधायकों के ग्रुप का नेतृत्व कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक टीवीके सरकार बनने पर पी. विश्वनाथन को मंत्री बनाया जा सकता है। टीवीके ने 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीटें जीती हैं। इनमें विजय ने दो सीटें जीती हैं। पार्टी को अब तक कांग्रेस के 5, सीपीआई और सीपीआई (एम) के 2-2 विधायकों का समर्थन मिल चुका है।

विजय राज्यपाल से 3 बार मिले, हर बार सरकार बनाने का दावा पेश किया

एक्टर विजय शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिले और सरकार बनाने का दावा पेश किया, लेकिन उनके पास महज 116 विधायकों का ही समर्थन पत्र था। इससे पहले विजय ने 6 और 7 मई को भी सरकार बनाने का दावा पेश किया था। लेकिन राज्यपाल ने कहा कि 118 विधायकों का समर्थन दिखाए बिना वे सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं कर सकते।

राजनांदगांव की सुष्मिता सिंह....

पाई सफलताः सुष्मिता के रगों में सेवा का जज्बा विरासत में मिला है। उनके पिता, बीपी सिंह, स्वयं भारतीय वन सेवा के एक प्रतिष्ठित अधिकारी रहे हैं और मुख्य वन संरक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। सुष्मिता ने अपने पांचवें प्रयास में यह बड़ी सफलता हासिल की, जो उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और कभी हार न मानने वाले जज्बे को दर्शाती है।

सफलता का मंत्रः 'मानसिक दृढ़ता और परिवार का साथ'

अपनी इस उपलब्धि का श्रेय सुष्मिता ने अपनी माँ की प्रेरणा और पिता के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। सफलता के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहाः ऐसी परीक्षाओं में कड़ी मेहनत के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता, परिवार का अटूट समर्थन और ईश्वर की कृपा बहुत जरूरी है।

खुलासाः खाद्य अधिकारी, एजेंसी...

और बाद में फर्जी पंचनामा तैयार कर पूरे मामले को वैध दिखाने की कोशिश की गई। पुलिस इसे सुनियोजित आर्थिक अपराध और प्रशासनिक भ्रष्टाचार का बड़ा मामला मान रही है।

आधी रात की गुप्त बैठक, शुरू हुआ करोड़ों का खेल

पुलिस जांच के अनुसार उसी दिन रात करीब 11 बजे अजय यादव, पंकज चंद्राकर और मनीष चौधरी की एक गैस एजेंसी संचालक के साथ गुप्त बैठक हुई। शुरुआत में एजेंसी संचालक ने इस अवैध काम में शामिल होने से साफइनकार कर दिया।

इसके बाद मनीष चौधरी को दूसरी एजेंसी तलाशने की जिम्मेदारी दी गई। उसने ठाकुर पेट्रोकेमिकल से संपर्क साधा। बताया जा रहा है कि खाद्य अधिकारी अजय यादव ने 80 लाख रुपये की मांग रखी, जिसे आखिरकार ठाकुर पेट्रोकेमिकल के संचालक ने स्वीकार कर लिया।

पर्दे के पीछे था खाद्य अधिकारी, सामने एजेंसी संचालक

पुलिस का कहना है कि पूरे खेल का मास्टरमाइंड खाद्य अधिकारी अजय यादव था, जो पर्दे के पीछे रहकर पूरी साजिश को संचालित कर रहा था। वहीं पंकज चंद्राकर की भूमिका गैस को खपाने और सौदे को अंतिम रूप देने की थी। महासमुंद में संदेह से बचने के लिए रायपुर निवासी मनीष चौधरी को बीच का चेहरा बनाया गया। उसे रायपुर की एजेंसियों से संपर्क कर डील को अंतिम रूप देने की जिम्मेदारी दी गई थी।

पुलिस की सक्रियता बढ़ी तो उड़ गए मास्टरमाइंड के होश

कोर्ट से सुपुर्दनामा आदेश और पुलिस की सक्रिय जांच के बाद आरोपियों में घबराहट बढ़ने लगी। पुलिस जांच में सामने आया कि 20 अप्रैल की रात आरंग के एक ढाबे में पंकज चंद्राकर, मनीष चौधरी और संतोष ठाकुर की गोपनीय बैठक हुई। बैठक में कथित तौर पर यह रणनीति बनाई गई कि पूरे मामले का ठीकरा पुलिस पर फोड़ा जाए और सभी आरोपी अपने-अपने बयान पर कायम रहें।

इन धाराओं में दर्ज हुआ अपराध

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार करने, शासकीय कार्य में अनियमितता, आपराधिक षड्यंत्र और शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने सहित विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया है।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच अभी जारी है और इसमें अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

जिले में बना चर्चा का विषय

डेढ़ करोड़ रुपये की गैस गबन की यह घटना पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है। सरकारी जिम्मेदार अधिकारी, निजी एजेंसी संचालक और बिचौलियों के गठजोड़ ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर जब्त सामग्री की सुरक्षा व्यवस्था कितनी मजबूत है।

रायपुर में रिकॉर्ड : 48 घंटे...

यह आंकड़ा तेजी से बढ़ा और 166 रजिस्ट्रियों में से 76 अकेले महिलाओं के नाम दर्ज की गईं। जिला पंजीयक विनोद कोचे ने बताया कि पंजीयन विभाग ने नए सॉफ्टवेयर के माध्यम से छूट देना शुरू कर दिया है। इससे न केवल महिलाओं के नाम पर संपत्ति खरीदने का रुझान बढ़ा है, बल्कि मध्यमवर्गीय परिवारों को हजारों रुपयों की सीधी बचत हो रही है। यदि कोई महिला 20 लाख रुपए की संपत्ति खरीदती है, तो उसे सीधे तौर पर 60 हजार रुपए की राहत मिल रही है।

सुब्रमणि होंगे अगले...

करियर की शुरुआत करने वाले सुब्रमणि वर्तमान में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार हैं। इससे पहले वे वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ और सेंट्रल कमांड के जीओसी-इन-सी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि भी काफी मजबूत है; वे एनडीए और नेशनल डिफेंस कॉलेज के एल्युम्नस हैं और किंग्स कॉलेज लंदन से मास्टर डिग्री धारक हैं।

नौसेना को भी मिलेगा नया प्रमुख-इसी क्रम में, वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को भारतीय नौसेना का अगला प्रमुख नियुक्त किया गया है। वह भी 31 मई को अपना पदभार संभालेंगे और उनका कार्यकाल 31 दिसंबर, 2028 तक रहेगा।

बिजली संकट से उबल पड़ा धमधा, कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

■ **बिजली दो या कुर्सी छोड़ो के नारों से गूंजा विद्युत विभाग कार्यालय, 16 मई को घेराव की चेतावनी**

धमधा / नवप्रदेश । धमधा में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या ने आम लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। भीषण गर्मी के बीच बदहाल बिजली व्यवस्था से परेशान जनता का गुस्सा अब सड़कों पर फूटने लगा है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लोग घंटों बिजली गुल रहने और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या से त्रस्त हैं। हालात ऐसे हैं कि दिनभर में 20 से 30 बार बिजली बंद हो रही है, जिससे लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है।

उमस भरी गर्मी में रातभर लोग जागने को मजबूर हैं। लो वोल्टेज के कारण पंखे, कूलर और अन्य बिजली उपकरण ठीक से नहीं चल पा रहे। छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, व्यापारियों का कारोबार ठप पड़ रहा है और किसानों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आम जनता का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही और सरकार की अनदेखी के कारण हालात बद से बदतर हो चुके हैं।

इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग धमधा पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार तथा बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ÷बिजली दो या कुर्सी छोड़ो÷, ÷जनता परेशान – सरकार बेखबर÷, ÷बिजली विभाग होश में आओ÷ जैसे नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार जनता को मूलभूत सुविधाएं देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है और अधिकारी केवल आश्वासन देने में लगे हैं।

कांग्रेसजनों ने विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो 16 मई को विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। नेताओं ने कहा कि अब जनता की परेशानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सड़क से लेकर आंदोलन तक की लड़ाई लड़ी जाएगी।

कांग्रेस नेताओं ने कहा, ÷जनता गर्मी में तड़प रही है और अधिकारी एसी कमरों में बैठकर केवल कागजी दावे कर रहे हैं। अगर जल्द बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो कांग्रेस जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी।

इस प्रदर्शन में कांग्रेस जिला प्रभारी महामंत्री दुर्ग राजीव गुप्ता, अशोक कसार (पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत धमधा), जिला प्रवक्ता रजत नायक, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राज पटेल, निर्मल जैन, संदीप गुप्ता, प्रहलाद यादव, ओमनारायण ताम्रकार, सुमंत ताम्रकार, देवनाथ सोनकर, हिम्मत ढीमर, दुखवा पटेल, कलीम मोहम्मद कुरैशी, आरिफ कुरैशी,महेंद्र यादव,मनोज यादव, कामदेव साहू, जीवन निर्मलकर, निक्कि राजपूत,अनिल साहू, अरुण साहू, जितेंद्र वर्मा, भारत भूषण सोनवानी, लुमेश्वर पटेल, ठाकुर राम साहू,ज्वाला साहू, शुभम साहू, मिहिर देवांगन, रोमन पटेल, विजय ढीमर, अशोक ढीमर, हेमंत बंजारे, सत्कुमार निषाद, गोपी बारले और नंद कुमार निर्मल,अजय वर्मा,सुयश ताम्रकार, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डबल इंजन की सरकार में पहली बार ऐसा देखने को मिल रहा है कि सत्ता पक्ष के लोग ही बिजली की बदहाल व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपने मजबूर हैं। यह भाजपा सरकार की बड़ी नाकामी है।÷ आने वाले दिनों में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस इस बदहाल व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

– राजीव गुप्ता, जिला प्रभारी महामंत्री कांग्रेस दुर्ग

बास्केटबॉल स्वर्ण पदक विजेताओं को पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने दी बधाई

भाटापारा / नवप्रदेश। समर्पण, मेहनत और सही मार्गदर्शन मिले तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है और यह उपलब्धि प्रदेश के बास्केटबाल खिलाड़ियों ने कर दिखाई जहां वाराणसी में आयोजित ऑल इंडिया सीनियर बास्केटबॉल स्पर्धा में भलाई के पटेल अकादमी के खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। उक्त बाते शहर के वरिष्ठ बास्केटबॉल खिलाड़ी गिरीश वाढ़ेर ने कही ।

गुरुवार को स्वर्ण पदक विजेताओं का आगमन शहर के वरिष्ठ बास्केटबॉल खिलाड़ी राजकुमार मल के निवास पर हुआ, जहा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने टीम व कोच रोहित पटेल से सौजन्य मुलाकात कर टीम के शानदर प्रर्दशन पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित ऑल इंडिया सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता पटेल अकादमी के लिए इसलिए खास रही क्योंकि हर मैच उसने शानदार प्रदर्शन के साथ जीता। युवा खिलाड़ियों की मेहनत और लक्ष्य हासिल करने के लिए जुझारू प्रदर्शन ने जीत के मुकाम तक पहुंचाया। यह जीत ना केवल अकादमी के लिए बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय मानी जा रही रही है। टीम के अंतरा, आरुषि ने 23, 13 और 17 अंक जोड़कर जीत के लिए जो नींव रखी, वह यादगार रही। आशा, सारा व और देविका के योगदान ने स्वर्ण पदक तक पहुंचने की राह आसान की। इस जीत से प्रदेश के बास्केटबॉल खिलाड़ियों में नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलेगी।इस स्वर्ण पदक विजेता टीम को वरिष्ठ बास्केटबॉल खिलाड़ी गिरीश वाढेर,अरुण गुप्ता,राजकुमार मल,आलोक गुप्ता,रवि गुप्ता निर्मल जागड़े ,निकुंज मल इत्यादि ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

नगर पंचायत की कार्रवाई जारी

तालाब सौंदरीकरण कार्य में बाधक अतिक्रमण हटाया गया

सहसपुर लोहारा/ नवप्रदेश। नगर पंचायत सहसपुर लोहारा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 09 स्थित राजनांदगांव-कवर्धा मुख्य मार्ग पर राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत नया तालाब सौंदरीकरण कार्य प्रगति पर है। तालाब के पार पर कुछ लोगों द्वारा अनधिकृत रूप से अतिक्रमण कर निर्माण किया गया था, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहा था।

नगर पंचायत द्वारा पूर्व में संबंधित अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्धारित समयावधि में अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर शुक्रवार 8 मई 2026 को प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया।

यह कार्रवाई एसडीएम सहसपुर लोहारा के मार्गदर्शन एवं तहसीलदार सहसपुर लोहारा की उपस्थिति में की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उप अभियंता एवं नगर पंचायत के दल ने संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत साहू, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र पाल, मूल सिंह टंडन एवं दिवाकर लाल दद्सेना सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

नगर पंचायत प्रशासन ने कहा है कि नगर विकास एवं सौंदरीकरण कार्यों में बाधा बनने वाले अतिक्रमणों के खिलाफआगे भी आवश्यकता अनुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

दो साल में दूसरी घटना-टोलागांव मे मरम्मत के दौरान

11 केवी लाइन की चपेट में आने से ठेका कर्मी की करंट से मौत

खैरागढ़/नवप्रदेश। बिजली लाइन बंद किए बिना ही मेंटनेंस के दौरान हुए बड़े हादसे मे शनिवार सुबह 11 केवी लाइन की करंट से बिजली ठेका कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना डोंगरगढ़ रोड़ स्थित ग्राम टोलागांव मे घटी है । बिजली ठेकेदार मनोज गुप्ता के पास ठेका कर्मी के रूप मे कार्य करने वाले पेन्ड्रीकला निवासी हेमंत साहू शनिवार सुबह मरम्मत कार्य के दौरान टोलागांव मे पेड़ो की छंटाई करने पहुँचा था । पेड़ो की छंटाई के दौरान हेमंत हाईटेंशन लाइन की चपेट मे आ गया । बारिश पूर्व जारी मरम्मत के दौरान बिजली तारो से टकराने वाले पेड़ो की छंटाई के लिए जारी कार्य के तहत स्कूल परिसर के पास लंबी आरी का उपयोग करने के दौरान हाईटेंशन तार के संपर्क मे आने से हेमंत की करंट से मौके पर ही मौत हो गई । ग्रामीणो ने घटना की जानकारी बिजली विभाग और पुलिस को दी । जिसके बाद युवक को आनन फानन मे सिविल अस्पताल पहुँचाया जहाँ चिकित्सको ने हेमंत को मृत घोषित कर दिया ।

स्वास्थ्य शिविर में नगरी महाविद्यालय के छात्रों का रहा विशेष योगदान

नगरी। नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के प्राचार्य डॉ.अष्वनी कुमार ध्रुव के मार्गदर्षन में एवं रेडक्रॉस नोडल अधिकारी प्रो. कौशल नायक तथा सहसंयोजकप्रो. लोकेष्वरी राठिया के निर्देशनमेंदिनांक 08.05.2026 को प्रातः 10:00 बजे, शासकीय सिविल अस्पताल नगरी में महामहिम राज्यपाल छ.ग. शासन लोकभवनद्वाराभारतीय रेडक्रास सोसायटी, जिला धमतरी के सौजन्य से नगरी विकासखण्ड स्तर पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने हेतु विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले महिलाओं के लिए निषुल्कः स्वास्थ्य शिविर एवं कैंसर जांच शिविर में महाविद्यालय के रेड क्रॉस सदस्य एवं वॉलंटियर्सनेविशेष सहयोग के रूप में सेवा प्रदान किया। षिविर में महिलाओं हेतु विशेष रूप से कैंसर स्क्रीनिंग,स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैसर, सामान्य स्वास्थ्य जाँच (एनीमिया (खून की कमी), स्त्री रोग परामर्श, महिलाओं की अन्य शारीरिक समस्याओं एवं विशेषज्ञों द्वारा परामर्श पर निःशुल्क जांच एवं परामर्श का आयोजन किया गया ।प्राचार्य डॉ.अष्वनी कुमार ध्रुवने छात्रों को बताया कि रेडक्रॉस सोसाइटी स्वास्थ्य शिविरों और मानवीय सहायता के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्था है। महाविद्यालय के रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर में किए गए कार्य इसकी सेवा, समर्पण और करुणा के मूल्यों को दर्शाता है।सहसंयोजक प्रोफेसर लोकेश्वरी राठिया जी ने षिविर में आए हुए महिलाओं को कैंसर संबंधित जानकारी प्रदान की एवं निषुल्कः कैंसर जाँच के लिए स्क्रीनिंग जाँच कराने तथा साथ ही षारीरिक समस्याओं एवं प्रजनन स्वास्थ्य संबंधित विषेशज्ञों से परामर्ष हेतु स्वयं उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया। रेडक्रॉस वालंटियर्स के द्वारा निशुल्क जांच शिविर में आए हुए नागरिकों को सरल भाषा का प्रयोग करते हुए सम्मान के साथ स्वागत और पूछताछ किया व पंजीकरण संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए अस्पताल में विभिन्न विभागों को सहयोग प्रदान किया । इसके अतिरिक्त दस्तावेजों की जांच, मरीजों को आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पर्ची, या पहचान पत्र साथ रखने की जानकारी दी गई।

जनगणना 2026 में ओबीसी वर्ग की अनदेखी, भाजपा की साजिश : अमरजीत चावला

■ **33 सवालों में ओबीसी का उल्लेख नहीं, केंद्र सरकार पर साधा निशाना**

महासमुंद/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रभारी महामंत्री (संगठन) एवं महासमुंद कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अमरजीत चावला ने आगामी जनगणना 2026 के प्रारूप को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग की पृथक गणना नहीं किए जाने को देश की बहुसंख्यक आबादी के साथ सुनियोजित साजिश और विश्वासघात बताया है।

33 प्रश्नों में ओबीसी का जिक्र तक नहीं-अमरजीत चावला ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जनगणना के लिए तैयार किए गए 33 प्रश्नों की सूची में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामान्य वर्ग का उल्लेख है, लेकिन देश की सबसे बड़ी आबादी वाले ओबीसी वर्ग को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह चूक नहीं, बल्कि पिछड़े वर्ग की वास्तविक सामाजिक स्थिति को छिपाने का प्रयास है।

प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में अंतर-भाजपा पर दोहरे चरित्र का आरोप लगाते हुए चावला ने कहा कि प्रधानमंत्री वर्षों से स्वयं को पिछड़ा वर्ग का बताकर राजनीतिक लाभ लेते रहे हैं, लेकिन जब ओबीसी समाज को अधिकार और वास्तविक भागीदारी देने की बात आई तो उनकी सरकार पीछे हट गई। उन्होंने महिला आरक्षण बिल का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा की नीतियां केवल दिखावे तक सीमित हैं।

बल इंजन सरकार को सच्चाई का डर-कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य की 'डबल इंजन' सरकार ओबीसी समाज की वास्तविक जनसंख्या के आंकड़ों से भयभीत है। उन्होंने कहा कि यदि सही आंकड़े सामने आए तो सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक हिस्सेदारी की मांग और अधिक मजबूत होगी, जिससे भाजपा की राजनीति प्रभावित होगी।

राहुल गांधी के 'भागीदारी न्याय' का किया समर्थन-चावला ने कहा कि राहुल गांधी लगातार जितनी आबादी, उतना हक की बात करते रहे हैं। कांग्रेस पार्टी शुरू से जातिगत जनगणना की पक्षधर रही है ताकि सभी वर्गों को उनकी आबादी के अनुपात में न्याय और भागीदारी मिल सके।

खैरागढ़ में बड़ा हादसा

चलती कार पर ट्रक की टक्कर से टूट कर गिरी पेड़ की डाली, बड़ी दुर्घटना टली

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर से डोंगरगढ़ मार्ग पर शुक्रवार रात अमलीडीह खुर्द के पास ट्रक की टक्कर से सूखे पेड़ की बड़ी डाल खैरागढ़ आ रहे कार पर गिर गई । चलती कार पर अचानक गिरे पेड़ की डाल से कार का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार सवार घटना मे बाल बाल बच गया । कार सवार दिव्यांश राजपूत डोंगरगढ़ से खैरागढ़ लौट रहे थे। तभी सामने से आ रहे पुराने टायरों से ओवरलोड ट्रक ने सडक़ किनारे झुकी पेड़ की डाल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद भारी डाल सीधे पीछे चल रही कार पर आ गिरी। टूटी डाल इतनी भारी थी कि कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह दब गया।

भाटापारा में गीतांजलि एक्सप्रेस का स्टापेज देने की मांग

■ **शिवनाथ के बाद सुबह तक भाटापारा के लिए कोई ट्रेन नहीं**

भाटापारा / नवप्रदेश। बिलासपुर रेलवे जोन मुख्यालय से 47 किलोमीटर दूर स्थित भाटापारा रेलवे स्टेशन रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग गोंदिया के बाद सबसे ज्यादा आय देने वाला रेलवे स्टेशन है। लेकिन जिस अनुपात मे भाटापारा से राजस्व रेलवे को मिल रहा है उस अनुपात मे यहां पर यात्रियो को सुविधा नही मिल रही है जिससे यात्रियों मे अच्छी खासी नाराजगी है।

पिछले सात वर्षो में भाटापारा में एक भी ट्रेनों का स्टॉपेज स्वीकृत नहीं हुआ है इस कारण भाटापारा स्टेशन में नहीं रुकने वाली ट्रेनों की संख्या 50 तक पहुंच गई है। भाटापारा रेलवें

स्टेशन मे रात को अप दिशा मे बिलासपुर रेलवे स्टेशन से गेवरा रोड-नागपुर शिवनाथ एक्सप्रेस के रात्रि लगभग 8.45 बजे छुटने के बाद कोई भी ट्रेन बिलासपुर से भाटापारा आने के लिए सुबह तक नही है जिससे रेल यात्रियो को रात बिलासपुर प्लेटफार्म पर ही बिताना पड़ रहा है इस गंभीर समस्या को ध्यान में रखकर हावडा-मुंबई गीताजंली एक्सप्रेस का बहुप्रतिक्षित भाटापारा स्टापेज अनिवार्य रूप से स्वीकृत किया जाना चाहिए ताकि मध्य रात्रि को ही बिलासपुर की ओर से भाटापारा तमाम रेल यात्री आ सके।

यह विदित रहे कि भाटापारा से कम आय देने वाले रेलवे स्टेशन चांपा एवं भंडारा मे उस क्षेत्र के सासंदो के प्रयास से गीताजंली एक्सप्रेस का वहा पर ठहराव है लेकिन भाटापारा स्टेशन मे योग्यता के बावजूद जन प्रतिनिधियों की अरुचि से गीताजंली एक्सप्रेस का स्टापेज नही हो पाया है। इस बात को लेकर लोग आश्चर्य चकित भी है कि भाटापारा जैसे स्टेशन मे गीताजंली का ठहराव क्यो नही है जबकि अप एवं डाउन दिशा मे भारी तादाद मे भाटापारा से लोग हावड़ा, खडगपुर, टाटानगर, चक्रधरपुर, राउरकेला, झारसुगुड़ा, रायगढ़ की ओर से बड़ी संख्या मे यात्री भाटापारा अपने विभिन्न व्यापारिक कार्यो से आते एवं जाते है।

पशु तस्करी करते नाबालिग सहित पांच आरोपी गिरफ्तार

दो वाहनो सहित 11 मवेशी बरामद

खैरागढ़/नवप्रदेश। गातापार पुलिस द्वारा जारी नाकाबंदी और वाहनो कीजांच के दौरान शुक्रवार को सूचना के बाद पिकअप वाहन की जांच मे महाराष्ट ले जाते 11 मवेशी जप्त किए गए । मवेशियो को क्रूरता पूर्वक बांध कर कत्लखाना ले जाने के संबंध मे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही कर पाने के बाद पुलिस ने वाहन सहित आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया । आरोपियों मे नरेन्द्र यादव कुरूद जामुल दुर्ग, मो इंतजार भिलाई, राज अंसारी जामुल भिलाई, राज राजपूत कातलबोड़ बेमेतरा और नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है । आरोपियो ने पूछताछ मे मवेशियो की खरीद फरोख्त कर महाराष्ट ले जाने की जानकारी दी है।

14 से 20 मई तक कागजी कार्यवाही पूरी की जाएगी

पीएम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रवेश के लिए 12 मई को लॉटरी

नगरी/नवप्रदेश। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर अवसर तलाश रहे अभिभावकों और विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। पीएम श्री शासकीय उच्च माध्यमिक उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी संशोधित सूचना के अनुसार अब छात्र-छात्राएं 9 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन लिए गए। बताया गया है कि यह निर्णय लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार लिया गया है, ताकि तकनीकी समस्याओं या अन्य कारणों से आवेदन से वंचित रह गए विद्यार्थियों को अवसर मिल सके।

विद्यालयों को भी अवसर प्रदान किए गए हैं। समय-सारणी जारी होने के बाद अभिभावकों और छात्रों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और सीटों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 मई 2026 को सुबह 8 बजे से लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी, जिसमें चयनित विद्यार्थियों का नाम निर्धारित नियमों के अनुसार तय किया जाएगा।

इसके बाद चयनित विद्यार्थियों की आवश्यक कागजी कार्यवाही 14 मई से 20 मई 2026 तक पूर्ण की जाएगी। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रवेश की प्रक्रिया बिना किसी सिफारिश, दबाव या विशेष नियम के पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न की जाएगी।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया केवल वेबसाइट माध्यम से ही की जाएगी। साथ ही अभिभावकों से अपील की गई है कि अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।

विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर अपने बच्चों के भविष्य को बेहतर दिशा देने का प्रयास करें।

पीएम श्री योजना के तहत संचालित यह विद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों को स्तर की आधुनिक शिक्षण व्यवस्था, अनुभवी शिक्षक और सर्वांगीण विकास का विशेष अवसर प्रदान कर रहा है। बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन करवाने के लिए उत्साहित हैं।

यही वजह है कि आवेदन की तिथि बढ़ाए जाने के बाद अब अधिक से अधिक विद्यार्थियों को अवसर मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

भ्रामक जानकारी से सतर्क रह कर कार्य करने नगर जनगणना अधिकारी का आव्हान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जनगणना निर्देशालय के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकानसूचीकरण का कार्य सूचारू रूप से चल रहा है। इस हेतु नगर पालिक निगम को 339 मकानसूचीकरण ब्लाक में विभाजीत करते हुए प्रगणक एवं 56 सुपरवाईजरों की नियुक्ति की गई। प्रगणक को अपने मकानसूचीकरण ब्लाक की गणना समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है। प्रगणकों को तकनीकी मार्गदर्शन दिये जाने हेतु कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है एवं विभिन्न सोशल मीडिया के ग्रुप तैयार किया गया हैं।

प्रगणको को उनकी नियुक्ति आदेश के साथ ही परिचय पत्र प्रदान किया गया है। कर्मचारियों को निर्देशालय के निर्देशानुसार पर्याप्त प्रशिक्षण उपरान्त दायित्व सौंपा गया है जिसका निर्वहन भली भाती किया जा रहा है। प्रगणको का प्रशिक्षण दिन भर संचालित होने से उन्हें सुबह नास्ता चाय, दोपहर का गरम खाना एवं शाम में चाय सहित प्रशिक्षण दिया गया। कतीपय मीडिया में यह भ्रामक समाचार प्रकाशित किया गया हैं कि केवल पुड़ि रायतां खिला कर प्रशिक्षण दिया गया है एवं 45 डिग्री तापमान में गणना कार्य कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के दर्मियान प्रगणकों को कोई समय सीमा की बाध्यता तय नहीं की गई है अपितु प्रगणक अपने सुविधा अनुसार समय समय पर स्वास्थ को ध्यान में रखते हुए जिस समय पर अधिक लोग घर पर मिलने की संभावना हो ऐसे समय पर गणना करने कहा गया है प्रत्येक प्रगणक को प्रथम चरण में 9000रू, मानदेय दिया जावेगा की जानकारी दी गई हैं। प्रगणको को जनगणना निर्देशालय से किट प्राप्त होते ही तत्काल वितरण किया गया है। सामग्री की सूची भेजी गई है।

सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिलें : टंक राम वर्मा

सुशासन तिहार : मंत्री टंकराम वर्मा ने झुमका में ग्रामीणों को बांटी खुशियां

❑ **ट्रैक्टर की चाबी और चेक पाकर खिले हितग्राहियों के चेहरे**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के संकल्प के साथ सरसीवा तहसील के ग्राम पंचायत झुमका में 'सुशासन तिहार' के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रदेश के राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा शामिल हुए।

मंत्री वर्मा ने शिविर में विभागीय स्टालों का अवलोकन कर आवेदन निराकरण की स्थिति जानी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने हितग्राहियों को ट्रैक्टर की चाबी, अनुदान राशि के चेक, प्रमाण पत्र और अन्य सामग्री भेंट कर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए।

इस शिविर में कुल 2310 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमे से 272 का तत्काल निराकरण किया गया। एक कृषक हितग्राही को ट्रैक्टर खरीदी पर 2.50 लाख रुपये का अनुदान और कई किसानों को बोर खनन हेतु 43 हजार रुपये के चेक वितरित किये गए। इसी तरह नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन, गर्भवती महिलाओं को उपहार और आयुष्मान कार्ड का भी वितरण किया गया।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मंत्री टंकराम वर्मा ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार 'अंत्योदय' के सिद्धांत पर कार्य कर रही है।?÷प्रधानमंत्री आवास योजना के हर पात्र हितग्राही को उनका हक मिलेगा, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शिविर में प्राप्त एक-एक आवेदन का निराकरण समय-सीमा के भीतर हो। कार्यक्रम में बिलाईगढ़ विधायक कविता लहरे,जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पांडेय,और ग्राम पंचायत झुमका के सरपंच धनंजय साहू,कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू,सहित जिला प्रशासन के आला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए विभिन्न योजनाओं के लिए अपना पंजीयन कराया।

विभागीय लाभों का पिटारा

शिविर में प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए विभिन्न विभागों के माध्यम से बड़ी संख्या में लाभान्वित किया गया। शिविर में किसान पुस्तिका, बी-1 और विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसी तरह मत्स्य एवं खाद्य विभाग द्वारा मछुआरों को जाल और पात्र परिवारों को नए राशन कार्ड सौंपे गए। दिव्यांग प्रमाण पत्र, पेंशन स्वीकृति और प्रधानमंत्री आवास के पूर्णता प्रमाण पत्र बांटने के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा शिविर लगाकर ग्रामीणों का निःशुल्क परीक्षण किया गया।

तिहार से जरूरतमंदों की खिल रही मुस्कान

❑ **राजनांदगांव की पुष्पकला को मिला निः शुल्क ईलाज**

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार जनमानस के जीवन में मुस्कान एवं राहत लेकर आई है। शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन से सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त हो रही है और जनमानस की समस्याओं का प्रभावी निराकरण किया जा रहा है। वहीं जनसामान्य में भी अपने समस्याओं के प्रति समाधान के प्रति जागरूकता आयी है।

इसी कड़ी में आज राजनांदगांव शहर के शंकरपुर स्कूल में वार्ड क्रमांक 7, 9 एवं 10 के लिए आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंची पुष्पकला मेश्राम ने निःशुल्क ईलाज मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि शुगर एवं ब्लड प्रेशर की समस्या होने के कारण वे अपना ईलाज कराना चाहती थी, लेकिन डॉक्टर के पास नहीं जा पा रही थी। उन्होंने आज शिविर में मोबाईल मेडिकल यूनिट में शिविर में शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई। डॉक्टर ने स्वास्थ्य के दृष्टिगत आवश्यक सावधानी एवं परामर्श दिया तथा समय पर दवाई लेने के लिए कहा। पुष्पकला मेश्राम ने सरकार को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब एवं जरूरतमंदों का ध्यान रख रही है। ऐसे शिविर में निःशुल्क इलाज मिलने से सुविधा मिल रही है। शिविर से आम जनता को बहुत लाभ मिल रहा है और शासन की योजनाओं की जानकारी भी मिल रही है। आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं अन्य योजनाओं से नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं।

सिमड़ा शिविर में 4 हितग्राहियों को मिली पीएम आवास की खुशियों की चाबी

❑ **पक्के घर का सपना हुआ साकार, हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभार**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में आयोजित ÷सुशासन तिहार 2026÷ के तहत आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मौके पर प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड के ग्राम सिमड़ा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में 4 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों की चाबी सौंपी गई। लाभान्वित हितग्राहियों में ग्राम सिमड़ा की जेरोम, मयूरचुंदी के बीरबल यादव, करडेगा के टूना राम तथा जगदीश यादव शामिल हैं। पक्के मकान की चाबी पाकर सभी हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें बारिश, धूप और अन्य कठिनाइयों से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से उनका सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जीने का सपना साकार हुआ है और अब वे अपने परिवार के साथ नए घर में सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करेंगे। सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है।

सुशासन तिहार 2026: सिमड़ा शिविर में हितग्राहियों को मिले राशन कार्ड

❑ **गांव के नजदीक मिला समाधान, महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभार**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आयोजित ÷सुशासन तिहार 2026÷ आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है। ÷गांव-गांव, द्वार-द्वार÷ पहुंच रही प्रशासनिक व्यवस्था के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का निराकरण कर उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जा रहा है।

इसी क्रम में जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड के ग्राम सिमड़ा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए गए। शिविर में कुल 5 हितग्राहियों को नए राशन कार्ड प्रदान किए गए, जिससे उन्हें सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी।

लाभान्वित हितग्राहियों में ग्राम सिमड़ा की अनामिका टोप्पो, मयूरचुंदी की लीलावती गोंड तथा सेली खेस की गीता सिंह सहित अन्य हितग्राही शामिल हैं।

राशन कार्ड प्राप्त होने पर महिलाओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। हितग्राहियों ने कहा कि सुशासन तिहार उनके लिए अत्यंत उपयोगी साबित हुआ है। अब उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि प्रशासन स्वयं गांव के नजदीक पहुंचकर त्वरित समाधान उपलब्ध करा रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है, जिससे आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

सुशासन तिहार भरोसे का आधार

दीमक से नष्ट हुई किसान किताब की मिली नई प्रति, नीतू मार्को के चेहरे पर लौटी मुस्कान

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है। शासन की संवेदनशील कार्यप्रणाली और प्रशासनिक तत्परता का एक प्रेरणादायक उदाहरण गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के ग्राम पंचायत सकोला में देखने को मिला, जहां एक किसान की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान बेहद कम समय में किया गया। ग्राम पंचायत सकोला निवासी नीतू मार्को की किसान किताब दीमक लगने के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। किसान किताब खराब हो जाने से उन्हें खेती-किसानी से जुड़े कई आवश्यक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था स देवरीकला शिविर में आवेदन प्राप्त होते ही राजस्व विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए नीतू मार्को को किसान किताब प्रदान किया गया स नीतू मार्को ने बताया कि किसान किताब के नहीं रहने के कारण बैंकिंग कार्य, राजस्व संबंधी प्रक्रियाएं तथा शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में भी परेशानी हो रही थी। अपनी समस्या के समाधान की उम्मीद लेकर नीतू मार्को ने सुशासन तिहार के अंतर्गत देवरीकला में आयोजित समाधान शिविर में आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन प्राप्त होते ही राजस्व विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की। अधिकारियों ने आवश्यक दस्तावेजों की जांच एवं प्रक्रिया पूरी कर अल्प समय में किसान किताब की द्वितीय प्रति तैयार कर नीतू मार्को को उपलब्ध करा दी।

औरदा में साकार हुए सपनों के आशियाने

❑ **सुशासन तिहार : औरदा में साकार हुए सपनों के आशियाने, हितग्राहियों को मिलीं पक्के मकानों की चाबियां**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार 2026 के तहत आज विकासखंड पुसौर के ग्राम औरदा में खुशियों की नई किरण दिखाई दी। जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के पात्र हितग्राहियों को उनके नए पक्के घरों की चाबियां सौंपी गईं और पूरे रीति-रिवाज के साथ गृह प्रवेश कराया गया।

कच्चे मकानों के कष्ट से मिली आजादी

शिविर में ग्राम पंचायत सुकूलभठली के संतराम, माला प्रधान और रामकुमार चौहान, ग्राम पंचायत जकेला की चंद्रमा गुप्ता तथा औरदा की जयंती साव व अहिल्या पाव को पक्के मकानों की सौगात मिली। वर्षों तक टूटे-फूटे कच्चे मकानों में संघर्ष करने वाले इन परिवारों के चेहरे पर पक्का घर मिलने का संतोष साफझलक रहा था। हितग्राही रामकुमार चौहान ने भावुक स्वर में बताया कि अब सुरक्षित है मेरा परिवार। बरसात के दिनों में हमारे कच्चे मकान की छत से पानी टपकता था, जिससे पूरा परिवार रात भर जागकर गुजारता था। पक्का मकान मिलना हमारे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। अब हम सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में रह रहे हैं। एक अन्य हितग्राही कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल ईंट-पत्थर का मकान नहीं, बल्कि उनके बच्चों की बेहतर शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा का आधार है।

हितग्राहियों को मिलीं पक्के मकानों की चाबियां

सुशासन तिहार का उद्देश्य

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार 2026 का आयोजन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उस मंशा के अनुरूप किया जा रहा है, जिसमें शासन की योजनाओं का लाभ सीधे और त्वरित रूप से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। औरदा शिविर में न केवल आवास की चाबियां बांटी गईं, बल्कि विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का मौके पर निराकरण कर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया। औरदा और आसपास की पंचायतों के हितग्राहियों में से 6 परिवारों का गृह प्रवेश के लिए मिली चाबियां। शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाया गया। पक्के आवास से ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार और आत्मविश्वास में वृद्धि।

अब घुटनों के बल चलने की मजबूरी थमी...

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की 'सुशासन' की संकल्पना अब धरातल पर उन चेहरों पर मुस्कान बनकर लौट रही है, जो वर्षों से अभावों में जी रहे थे। धमतरी जिले के कुरूद विकासखंड के ग्राम सिवनीकला में आयोजित 'सुशासन तिहार' एक ऐसा ही मंच बना, जिसने दिव्यांग जीवन लाल साहू के संघर्षपूर्ण जीवन को नई गति और गरिमा प्रदान की है।

सिवनीकला निवासी जीवन लाल साहू बचपन से ही दोनों पैरों की गंभीर दिव्यांगता का दंश झेल रहे हैं। दशकों तक उन्होंने वह दर्द सहा है, जहाँ चंद कदमों की दूरी तय करने के लिए उन्हें घुटनों के बल रेंगना पड़ता था। शारीरिक अक्षमता के बावजूद जीवन लाल ने कभी खुद को बेबस नहीं माना। वे न केवल अपने परिवार की दो एकड़ कृषि भूमि की देखरेख में हाथ बंटाते हैं, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी स्वाभिमान के साथ जीवन यापन कर रहे हैं।

ट्राइसाइकिल से मिली जीवन के सपनों को नई रफ़्तार

जीवन लाल के परिवार को शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं का निरंतर लाभ मिल रहा है। दिव्यांग पेंशन के रूप में 500 रुपए की ?आर्थिक सहायता और राशन कार्ड के जरिए हर महीने मिलने वाला 35 किलो चावल मिल रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से मौके पर ही ट्राइसाइकिल की उपलब्धता से अब कही आने जाने में समस्या नही होगी। जब जीवन लाल को ग्रामीणों से 'सुशासन तिहार' के बारे में पता चला, तो वे अपनी अर्जी लेकर समाज कल्याण विभाग के स्टॉल पर पहुँचे। जिला प्रशासन की संवेदनशीलता का आलम यह था कि उनके आवेदन पर बिना किसी विलंब के तत्काल कार्यवाही की गई और शिविर स्थल पर ही उन्हें निशुल्क ट्राइसाइकिल भेंट की गई। इस पर जीवन लाल ने कहा कि अब मुझे खेत जाने या गांव में कहीं भी आने-जाने के लिए दूसरों का मुँह नहीं ताकना पड़ेगा। यह सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि मेरे लिए नए पैर हैं जो मुझे आत्मनिर्भर बनाएंगे। ट्राइसाइकिल पाकर भावुक हुए जीवन लाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उनका कहना है कि सरकार की इस संवेदनशीलता ने उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ दिया है। धमतरी के इस सुशासन तिहार ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब प्रशासन द्वार तक पहुँचता है, तो अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का जीवन वाकई बदल जाता है। जीवन लाल की यह कहानी प्रदेश के हजारों दिव्यांगजनों के लिए प्रेरणा और सुशासन के प्रति अटूट विश्वास का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जशपुर जिले में 65 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

❑ **एक मूकबधिर जोड़े सहित हिंदू एवं ईसाई समुदाय के नवदंपत्तियों ने साथ निभाने की ली जीवनभर की शपथ**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जशपुर जिले में शुक्रवार को सामूहिक विवाह समारोहों का आयोजन किया गया। जशपुर जिले के विभिन्न परियोजना क्षेत्रों में आयोजित इन कार्यक्रमों में कुल 65 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। इनमें हिंदू एवं ईसाई दोनों समुदायों के जोड़ों का विवाह पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया।

इस आयोजन की विशेष बात यह रही कि बगीचा परियोजना क्षेत्र में एक दिव्यांग (मूकबधिर) जोड़े ने भी विवाह बंधन में बंधकर सभी के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की। समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद और समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की।

परियोजना बगीचा में 13 हिंदू एवं 7 ईसाई समुदाय के कुल 20 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। परियोजना कांसाबेल में 9 हिंदू एवं 3 ईसाई समुदाय के कुल 12 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इसी प्रकार परियोजना बागबहार में 6 हिंदू एवं 26 ईसाई समुदाय के कुल 32 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।

कार्यक्रमों में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सामाजिक समरसता, सादगी और सहयोग की भावना को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण पहल है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित इस योजना के तहत प्रत्येक जोड़े के लिए 50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसमें 8 हजार रुपये विवाह आयोजन व्यय, 7 हजार रुपये की उपयोगी उपहार सामग्री तथा 35 हजार रुपये की राशि वधु के नाम चेक के रूप में प्रदान की जाती है। साथ ही नवदंपत्तियों को वैवाहिक प्रमाण पत्र भी दिया जाता है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सम्मानपूर्वक विवाह संपन्न कराने का प्रभावी माध्यम बन रही है। इस योजना से न केवल परिवारों को आर्थिक सहयोग मिल रहा है, बल्कि समाज में सामूहिक विवाह की सकारात्मक परंपरा को भी बढ़ावा मिल रहा है।

घोघरा डेम में हाथी शावक की मृत्यु वन विभाग ने की त्वरित कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल परिक्षेत्र अंतर्गत सिंघीझाप स्थित घोघरा डेम में लगभग 6 माह के एक हाथी शावक की डूबने से मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 7 मई 2026 को लगभग 20 हाथियों का एक दल बोजिया परिसर से सिंघीझाप क्षेत्र की ओर गया था। देर रात यह दल वापस लौटते समय घोघरा डेम के पानी में उतरा, जहां संभवतः शावक की डूबने से मृत्यु हो गई। इसके बाद हाथियों का अधिकांश दल लोटान क्षेत्र की ओर चला गया, जबकि कुछ हाथी वहीं आसपास रुके रहे। कल 8 मई को नियमित गश्त के दौरान हाथी ट्रैकर्स ने घोघरा डेम में शावक को मृत अवस्था में देखा और इसकी सूचना तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की तीन सदस्यीय टीम को मौके पर बुलाया गया। टीम में डॉ. आशिष राठिया, डॉ. विवेक नायक और डॉ. अनिल कुमार सिंह शामिल थे। विशेषज्ञ टीम की उपस्थिति में हाथी शावक का पोस्टमार्टम कराया गया। मृत्यु के वास्तविक कारणों की जांच के लिए विषरा नमूने भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान , इज्जतनगर बरेली (उत्तर प्रदेश) तथा नानाजी देशमुख वेटनरी साइंस यूनिवर्सिटी, जबलपुर के वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ विभाग को भेजे जा रहे हैं।

कार्यालय नगर पंचायत भटगांव जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

Email-cmonpbhatgaon01@gmail.com

क्रमांक /333/न.पं.भ./ राजस्व / 2026-27 — भटगांव दिनांक 07.05.2026

// परिक्षेत्रवार वार्षिक भाड़ा मूल्य की संशोधित दरे - धारा 126/ धारा 129 //

- (बजट में अंगीकृत संशोधित दर 01 अप्रैल 2026 से लागू) -

क्र.	निर्माण की गुणवत्ता के आधार उपयोग के आधार अवस्थिति के आधार वार्षिक भाड़ा मुल्य	पक्का मकान	अर्द्ध पक्का	कच्चा मकान	खुली भूमि
01	व्यवसायिक प्रयोजन के भवन मुख्य सड़क / बाजार पर	36	22	11	15
	आवासीय प्रयोजन के भवन मुख्य सड़क / बाजार पर	27	18	9	12
02	व्यवसायिक प्रयोजन के मवन मुख्य सड़क / बाजार पर स्थित न हो।	22	15	7	10
	आवासीय प्रयोजन के भवन मुख्य सड़क / बाजार पर स्थित न हो।	18	13	6	8

01. पक्का - RCC/RBC पत्थर की छतयुक्त मकान भवन ।
02. आंशिक /अर्द्ध पक्का - सीमेंट/लोहे की चार या कवेलू टाईल्स की छतयुक्त भवन।
03. कच्चा - जो उपरोक्त दोनो वर्गो में नहीं।
04. 31 मार्च तक जमा नहीं करने की स्थिति में 10 प्रतिशत ब्याज समस्त करों पर।
05. भवनों के रख रखाव के प्रयोजन से कुल वार्षिक मूल्य में 10 प्रतिशत की छुट एवं खुली भूमि पर 10 प्रतिशत की छूट लागु नही है।
06. स्वंय के निवास हेतु मात्र आवासीय भवन पर नियमानुसार 50 प्रतिशत छुट ।
07. 500 वर्गफीट आवासीय कच्चा भवन होने पर संपत्ति कर से मुक्त है।
08. सम्पति कर की दरें वार्षिक भाड़ा मूल्य आवासीय / व्यावसायिक प्रयोजन के लिए-

क्र.	विवरण	दर प्रतिशत
1	0001 से 5000 तक	6%
2	5001 से 10000 तक	7%
3	10001 से 15000 तक	8%
4	15001 से 20000 तक	9%
5	20001 से ऊपर	10%

टीप - बन्दु क्र. 09 से 12 के भवन/भूमि पर परिक्षेत्र (जोन) क्र. 01 की दरे लागू होगी -

01. विशेष वर्ग के भवन में निम्नाकिंत प्रकार के भवन शामिल है माल / सूपरबाजार, मल्टीप्लैक्स/सिनेप्लेक्स, आटोमोबाईल, शोरूम / वित्तीय संस्था/ए.टी.एम. शादी हाल तथा 20 बिस्तरों वाले निजी चिकित्सालय।
02. उद्योग, अद्यौगिक क्षेत्र में स्थिापित किसी ईकाई द्वारा भूमि के किसी भाग का उपयोग शॉपिग काम्पलेक्स शोअम दुकान होटल या अन्य व्यवसायिक प्रयोजन के लिये जाने की दशा में उस पर समीपस्थ मोहल्ले / कॉलोनी के लिये निर्धारित व्यावसायिक दर लागू होगी।
03. यदि किसी भूमि या भवन का उपयोग उद्योग चलाने के लिये किया जा रहा है, तो उस पर संबंधित परिक्षेत्र की व्यावसायिक दर लागू होगी।
04. कालोनाईजर नये और शेमा मोहल्लों के संबंध में यदि किसी वार्ड में स्थिति नई कॉलोनी या किसी पुराने मोहल्ले का उल्लेख होने से रह गया हो तो ऐसी कॉलोनी / मोहल्ले पर सम्पत्तिकर का निर्धारण उसके समीपस्थ अधिक दर वाली कॉलोनी / मोहल्ले के लिये लागू दर के आधार पर किया जाएगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भटगांव, जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

// (धारा 126 / धारा 129) //

- (बजट में अंगीकृत निकाय क्षेत्रांतर्गत संशोधित दर 01 अप्रैल 2026 से लागू) -

1. विद्युत अनापत्ति शुल्क :-

क्र.	विवरण	शुल्क राशि
1.	कवेलु	200.00
2.	आवासीय पक्का	300.00
3.	व्यावसायिक	1500.00

2. पानी टेन्कर शुल्क :-

क्र.	विवरण	शुल्क राशि
1.	विवाह, जन्मोत्सव, मृत्युभोज एवं अन्य समस्त कार्यक्रमों एवं आयोजनों हेतु	500.00
2.	निर्माण कार्य	1000.00

3. वैक्यूम एम्पीटीयर से सेप्टीक टैंक सफाई कार्य :-

क्र.	विवरण	शुल्क राशि
1.	प्रथम ट्रीप	3500.00
2.	द्वितीय एवं अतिरिक्त ट्रीप	2500.00
3.	परिवहन शुल्क (प्रति कि.मी.) आने एवं जाने दोनों साईड का	15.00

4. बैंक हो लोडर :-

क्र.	विवरण	शुल्क राशि
1.	प्रति घंटा	1500.00
2.	परिवहन शुल्क (प्रति कि.मी.)	15.00

5. प्रदर्शन शुल्क:-

क्र.	विवरण	शुल्क राशि
1.	शास. भूमि एवं निजी भुमि पर (प्रति वर्गफुट)	10.00

6. होर्डिंग शुल्क :-

क्र.	विवरण	शुल्क राशि
1.	होडिंग लाईट रहित (प्रत्ति वर्गफुट)	100.00
2	होडिंग लाईट सहित (प्रति वर्गफुट)	150.00
3.	स्थापना शुल्क	5000.00
4.	नवीनीकरण शुल्क	5000.00
5.	फ्लेक्स प्रिटिंग (नार्मल - प्रति वर्गफुट)	15.00
6.	फ्लेक्स प्रिटिंग (ऊँचा - प्रति वर्गफुट)	20.00

7. सांस्कृतिक/सामुदायिक भवन शुल्क (प्रति दिवस) :-

क्र.	विवरण	शुल्क राशि
1.	विवाह हेतु वर पक्ष हेतु	5000.00
2	विवाह हेतु वधु पक्ष हेतु	5000.00
3.	जन्मोत्सव, मृत्युभोज, सेमीनार एवं अन्य कार्यक्रमों एवं आयोजनो हेतु	5000.00
4.	अमानत राशि	2000.00
5.	स्वच्छता शुल्क	500.00

8. सर्व समाज मांगलिक भवन शुल्क (प्रति दिवस):-

क्र.	विवरण	शुल्क राशि
1.	विवाह हेतु वर पक्ष हेतु	7500.00
2	विवाह हेतु वधु पक्ष हेतु	7500.00
3.	जन्मोत्सव, मृत्युभोज, सेमीनार एवं अन्य कार्यक्रमों एवं आयोजनो हेतु	5000.00
4.	अमानत राशि	5000.00
5.	स्वच्छता शुल्क	1000.00

9. टेण्डर आवेदन शुल्क :-

क्र.	विवरण	शुल्क राशि
1.	शुल्क	100.00

10. भूमि विकास शुल्क (प्रति वर्गफीट) :-

क्र.	विवरण	शुल्क राशि
1.	आवासीय शुल्क	10.00
2.	व्यावसायिक / औद्योगिक	15.00

टीप :- शासन के समस्त आदेशों एवं निर्देशों (राजपत्रों) के अनुसार शेष अन्य दरें लागु होगें।

-// युजर चार्ज (उपभोक्ता प्रभार) का विवरण //-

क्र.	उपभोक्ता संवर्ग	उपभोक्ता प्रभार प्रति माह रूपये में (नगर पंचायत)	टिप्पणियाँ
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	**आवास**		
(क)	क्षेत्रफल 500 वर्गफुट तक	40.00	अतिगरीब, निराश्रित (आश्रयहीन), विधवा, परित्यक्ता महिला, दिव्यांग एवं कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों को उपभोक्ता प्रभार के भुगतान से छुट रहेगी।
(ख)	क्षेत्रफल 501-1000 वर्गफुट के बीच	50.00	
(ग)	क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट से अधिक	70.00	
2.	**रेस्टोरेंट**		
(क)	ग्राहक कुर्सिया स्थापित न हो	210.00	-
(ख)	ग्राहक कुर्सियां 25 से कम	260.00	-
(ग)	ग्राहक कुर्सियां 26-50 के बीच	360.00	-
(घ)	ग्राहक कुर्सियां 50 से अधिक	560.00	-

3.	**होटल/लॉज / अतिथि गृह**				
	संवर्ग	प्रति कमरा	प्रति रेस्टोरेंट	प्रति बगीचा	प्रति बेंक्वेट हॉल
(क)	25 कमरों से कम	40.00	450.00	300.00	500.00
(ख)	25-50 कमरों से बीच		850.00	450.00	900.00
(ग)	50 कमरो से अधिक		1350.00	600.00	1700.00

4.	**धर्मशाला**		
(क)	प्रति कमरा	30.00	-
(ख)	प्रति हाल	300.00	-
5.	**बारात घर (बारात घर) / मैरिज हॉल**	3000.00	प्रत्येक कार्यक्रम के लिये अनुमति हेतु विहित शुल्क या अनापत्ति प्रमाण पत्र या कोई भी अन्य समाशोधन प्रभार, इत्यादि, वर्तमान, नियमों के अनुसार पृथक से देय होंगे।
6.	**शैक्षणिक संस्थाएं**		
(क)	प्राथमिक शाला (शास.)	80.00	-
(ख)	प्राथमिक शाला (निजी)	250.00	-
(ग)	उच्च/उच्चतर माध्यमिक शाला (शास.)	100.00	-
(घ)	उच्च/उच्चतर माध्यमिक शाला (निजी)	850.00	-
(ड)	महाविद्यालय (शास.)	120.00	-
(च)	महाविद्यालय (निजी)	1000.00	-
(छ)	विश्वविद्यालय (शास.)	160.00	-
(ज)	विश्वविद्यालय (निजी)	1600.00	-
(झ)	अन्य शैक्षणिक संस्थाएं (शास.	190.00	-
(ज)	अन्य शैक्षणिक संस्थाएं (निजी)	600.00	-

7.	**अस्पताल/नर्सिंग होम (जैव अपशिष्ट प्रबंधन को छोड़कर)**			
		भास	निजी.	
(क)	बिस्तर सुविधा न हो	350.00	380.00	-
(ख)	विस्तर 20 से कम	380.00	600.00	-
(ग)	बिस्तर 21-100 के बीच	450.00	1000.00	-
(घ)	बिस्तर 100 से अधिक	600.00	1400.00	-

क्रमशः ....

मतुआ से लेकर आदिवासी नेता तक बने शुभेंदु कैबिनेट का हिस्सा

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ पांच और भाजपा नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली।

1. अग्निमित्रा पॉल?

राजनीतिक भूमिका: वह पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। उन्हें कैबिनेट में अहम भूमिका मिलनी तय मानी जा रही है। वे कायस्थ हैं, जो कि बंगाल में भाजपा का एक अहम वोटर बेस माना जाता है।

चुनावी प्रदर्शन: उन्होंने आसनसोल दक्षिण विधानसभा सीट से जीत दर्ज की है, जहां उन्होंने तृणमूल कांग्रेस तापस बनर्जी को 40,839 वोटों के बड़े अंतर से हराया।

पृष्ठभूमि: राजनीति में आने से पहले वह एक फैशन डिजाइनर थीं। उनकी शैक्षिक योग्यता में बॉटनी में बी.एससी, फैशन टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा और एमबीए की डिग्री शामिल है।

2. दिलीप घोष

राजनीतिक भूमिका: दिलीप घोष आरएसएस के प्रचारक रहे हैं। पश्चिम बंगाल में भाजपा को एक मजबूत राजनीतिक ताकत बनाने और राज्य के आदिवासी क्षेत्रों व बूथ स्तर तक पार्टी का जमीनी नेटवर्क खड़ा करने का श्रेय उन्हें ही दिया जाता है।

नेतृत्व और सफलता: उन्होंने 2015 से 2021 तक बंगाल भाजपा अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 2016 में उन्होंने खड़गपुर सदर विधानसभा सीट जीती और 2019 में मेदिनीपुर से लोकसभा चुनाव जीता था।

हालिया चुनाव: 2024 के लोकसभा चुनावों में उन्होंने अपनी पुरानी सीट की जगह बर्दवान-दुर्गापुर से चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें टीएमसी के कीर्ति आजाद से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद 2026 के विधानसभा चुनाव में उन्हें खड़गपुर सदर सीट से उम्मीदवार बनाया गया।

3. निशिथ प्रमाणिक

राजनीतिक भूमिका: वह कूचबिहार क्षेत्र के एक प्रमुख नेता हैं, जिन्होंने 2021 से 2024 तक मोदी सरकार में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। वे राजवंशी समुदाय से आते हैं। वह 2019 से 2024 तक कूचबिहार से लोकसभा सांसद रहे। वह पश्चिम बंगाल विधानसभा के सदस्य भी रहे हैं। जहां 2021 में उन्होंने दिनहाटा से चुनाव जीता था। वहीं, 2026 में माथाभांगा से चुनाव जीते।

पृष्ठभूमि व विवाद: मार्च 2019 में भाजपा में शामिल होने से पहले वह तृणमूल कांग्रेस के सदस्य थे। 2021 में विपक्ष ने उनकी राष्ट्रीयता को लेकर आरोप लगाया था कि वह बांग्लादेशी नागरिक हैं, जिसे सत्ता पक्ष ने पूरी तरह निराधार बताया था।

4. अशोक कीर्तानिया

चुनावी प्रदर्शनः 2026 के चुनाव में उन्होंने उत्तर 24 परगना जिले की बनगांव उत्तर अनुसूचित जाति (एससी) आरक्षित सीट से तृणमूल कांग्रेस के विश्वजीत दास को हराकर जीत दर्ज की है। इससे पहले 2021 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने इसी सीट से टीएमसी के श्यामल रॉय को 10,488 वोटों से हराकर जीत हासिल की थी।

पृष्ठभूमि और संपत्ति: 52 वर्षीय अशोक कीर्तानिया पेशे से एक राजनेता और व्यवसायी हैं। उन्होंने 1993-94 में कलकत्ता विश्वविद्यालय से कला में बीए किया है। उनकी कुल घोषित संपत्ति लगभग 4 करोड़ रुपये से अधिक है।

5. क्षुदीराम टुडु

चुनावी प्रदर्शनः भाजपा के आदिवासी नेता 2026 के विधानसभा चुनावों में वह बांकुड़ा जिले की रानीबंध अनुसूचित जनजाति (एसटी) आरक्षित सीट से विजेता रहे हैं।

पृष्ठभूमि और संपत्ति: 55 वर्षीय क्षुदीराम टुडु पेशे से एक राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त स्कूल में शिक्षक हैं। उन्होंने 1994 में विद्यासागर विश्वविद्यालय से बीए. और 2000 में बर्दवान विश्वविद्यालय से बीएड किया। उनकी कुल घोषित संपत्ति लगभग 23 लाख रुपये है। उनके खिलाफ कोई भी आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

होर्मुज में गोलीबारी का शिकार हुआ भारतीय जहाज

नई दिल्ली/ए.। होर्मुज में एक और भारतीय जहाज गोलीबारी का शिकार हुआ है। नाविकों के एक संगठन के प्रतिनिधि के अनुसार, बीते शुक्रवार को यह घटना हुई, जब होर्मुज स्ट्रेट में दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में फंस जाने से गुजरात के एक नाविक की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। शिपिंग निदेशालय के अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि तो की, लेकिन इसके बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। उन्होंने बताया कि वे इस मामले में सहायता प्रदान कर रहे हैं। यह लकड़ी से बना जहाज था, जिसकी पहचान अल फैज नूर-ए-सुलेमानी 1 नाम से हुई है। इस जहाज में 18 लोगों का क्रू सवार था। यह 7 मई को दुबई से निकला था और यमन के मुक्कम की ओर जा रहा था, तभी 8 मई को रात करीब एक बजे, होर्मुज स्ट्रेट पार करते समय यह गोलीबारी की चपेट में आ गया। बता दें कि ईरान-अमेरिका युद्ध के बाद से ही होर्मुज टकराव का केंद्र बना हुआ है। ईरान ने लंबे समय से बिना इजाजत किसी भी जहाज को निकलने देने पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसकी वजह से कच्चे तेल के दामों में भी बढ़ोतरी हो रही है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर
जिला - उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
E-Mail ID (eekan-phe-cg.nic.in)

- ई-प्राक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना -
(चतुर्थ आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गन सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र-ए" में सम्पूर्ण सिविल कार्य सहित निम्नांकित ऑन लाईन निविदा आमंत्रित किया जाता हैं।

क्र.	निविदा क्रमांक / सिस्टम क्रमांक	योजना का नाम	अनुमानित लागत
01	02/190283	DESIGN, DRAWING, CONSTRUCTION, TESTING & COMMISSIONING OF JACKWELL(1 NO.) AT BLOCK CHARAMA INCLUSIVE OF ALL CIVIL WORKS CHARAMA AUGUMENTATION WATER SUPPLY SCHEME	40.94 लाख

उपरोक्त कार्य के निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत विवरण विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज तथा अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstste.gov.in से दिनाँक 06.05.2026 से दिनांक 30.05.2026 तक भरी जा सकती हैं।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड कांकेर
जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ0ग0)

जी-262700587/4

8.	**चिकित्सालय**		
(क)	चिकित्सालय	250.00	-
(ख)	पैथोलॉजी लेब	350.00	-
9.	**वाणिज्यिक स्थापना**		
(क)	वेंडर्स	40.00	-
(ख)	क्षेत्रफल 100 वर्गफुट तक	150.00	-
(ग)	क्षेत्रफल 100-300 वर्गफुट के बीच	200.00	-
(घ)	क्षेत्रफल 301-500 वर्गफुट के बीच	250.00	-
(ड)	क्षेत्रफल 500-1000 वर्गफुट के बीच	300.00	-
(च)	क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट से अधिक	500.00	-
(छ.)	शॉपिंग मॉल/कॉम्पलेक्स	00.70 प्रति वर्गफुट प्रतिमाह	-
10.	**सब्जी/फल/फूल/मुर्गा / मछली/मटन मार्केट**		
(क)	वेंडर्स	50.00	-
(ख)	क्षेत्रफल 100 वर्गफुट तक	210.00	-
(ग)	क्षेत्रफल 100-300 वर्गफुट के बीच	510.00	-
(घ)	क्षेत्रफल 301-500 वर्गफुट के बीच	810.00	-
(ङ)	क्षेत्रफल 500 वर्गफुट से अधिक	1060.00	-
(च)	एल.सी.वी. द्वारा सब्जी/फल/फूल/लोडिंग/अनलोडिंग	90.00	-
(छ)	ट्रक द्वारा सब्जी/फल/फूल/लोडिंग/अनलोडिंग	100.00	-
11.	**ब्यूटी पार्लर**	200.00	-
12.	**सिनेमाा थियेटर**	500.00	सिनेमा थियेटर के परिसर की अन्दर की दुकानों को पृथक वाणिज्यिक स्थापना के रूप में समझा जायेगा एवं स.क्र. 09 में विनिर्दिश्ट प्रभारों के अनुसार पृथक से प्रभारित किया जायेगा।
13.	**निजी मनोरंजन (आमोद) पार्क**		1300.00 -
14.	**आश्रम भाालाये (निजी)**	400.00	-
15.	**सर्कस/प्रदर्शनी/मेला/खुले स्थान में सार्वजनिक समारोह**	700.00	-
16.	**अन्य, जो ऊपर परिभाशित नहीं है**	जैसा कि नगर पंचायत द्वारा मुल्यांकित किया जावे।	

टीप - उपभोक्ता प्रभार की वसूली तालिका (प्रत्येक 03 वर्षो के पश्चात् उपभोक्ता प्रभार के प्रत्येक शीर्ष हेतु वृद्धि सहित)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भटगांव
जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

ममता सोशल मीडिया पर अब भी खुद को लिख रहीं मुख्यमंत्री

■ प्रोफाइल में किया बदलाव, पर नहीं हटाया सीएम वाला टैग

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल की राजनीति में बड़ा बदलाव हो चुका है। शुभेंदु अधिकारी ने राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। इसके बावजूद तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल से 'मुख्यमंत्री' का टैग नहीं हटाया है। वह आधिकारिक तौर पर अब राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री बन चुकी हैं, लेकिन फेसबुक और एक्स (X) पर वह अब भी खुद को 'माननीय मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल' बता रही हैं। ममता बनर्जी ने अपनी प्रोफाइल में कुछ बदलाव जरूर किए हैं। उन्होंने अपनी जानकारी में '15वीं, 16वीं और 17वीं विधानसभा' शब्द जोड़ दिए हैं। हालांकि, मुख्यमंत्री का टैग अब भी बरकरार है। चुनाव में हार के बाद भी उन्होंने पद छोड़ने से इनकार किया था, जिसकी झलक अब उनके सोशल मीडिया हैंडल पर भी दिख रही है। इससे पहले राज्यपाल आरएन रवि ने 17वीं विधानसभा को भंग कर दिया था। इस विधानसभा का कार्यकाल सात मई को ही पूरा हो गया था। राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद 174 (2)(बी) के तहत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किया था।

चुनाव करना पड़ा था हार का सामना

ममता बनर्जी 2011 से लगातार 15 साल तक सत्ता में रहीं। 2021 में वह तीसरी बार मुख्यमंत्री बनी थीं। लेकिन 2026 के चुनाव में उन्हें बड़ी हार का सामना करना पड़ा। भाजपा ने 293 में से 207 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया, जबकि टीएमसी केवल 80 सीटों पर सिमट गई। ममता बनर्जी खुद भवानीपुर सीट से चुनाव हार गईं। हार के बाद उन्होंने भाजपा और चुनाव आयोग पर सीटों की चोरी का आरोप लगाया था। अब राज्य में भाजपा की नई सरकार बन चुकी है और शुभेंदु अधिकारी ने कमान संभाल ली है। फिलहाल ममता बनर्जी का सोशल मीडिया स्टेटस चर्चा का विषय बना हुआ है।

पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा गिरफ्तार: रेड के दौरान ईडी ने किया अरेस्ट

चंडीगढ़ /ए.। पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार सुबह से अरोड़ा के चंडीगढ़ स्थित आवास पर ईडी की रेड चल रही है। सेक्टर दो में अरोड़ा के आवास पर सुबह करीब 20 गाड़ियों में टीम पहुंची है। मंत्री संजीव अरोड़ा पर महीने भर में ईडी की दूसरी कार्रवाई है। इससे पहले उनके लुधियाना के ठिकानों पर दबिश हुई थी। सूत्रों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय ने मंत्री संजीव अरोड़ा से जुड़ी कुछ कंपनियों में कथित वित्तीय अनियमितताओं का पता लगाया है। इनमें 157.12 करोड़ रुपये की फर्जी बिक्री और शेल कंपनियों के जरिए किए गए फर्जी निर्यात शामिल हैं।

एजेंसी को शक है कि फेमा नियमों का उल्लंघन करते हुए विदेशी संस्थाओं के ज़रिए पैसों की 'राउंड-ट्रिपिंग' की गई है। इसके चलते एजेंसी ने कई बैंक खाते अटैच कर लिए हैं, और साथ ही इस नेटवर्क से जुड़े डीमैट खाते और म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को भी फ्रीज कर दिया है। संगरूर में पत्रकारों से बातचीत में भगवंत मान ने चेतावनी देते हुए कहा कि पंजाब के भाईचारे को तोड़ने के भाजपा के मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे और पंजाब के साथ किए जा रहे अन्याय का पंजाबी कड़ा जवाब देंगे। मुख्यमंत्री ने भाजपा की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जब भी चुनाव करीब आते हैं तो भाजपा बम धमाकों, मानहानि के नोटिसों और ईडी की रेड जैसे हथकंडों का सहारा लेती है। उन्होंने कहा कि भाजपा मानहानि के नोटिस भेजकर डराना चाहती है, लेकिन हमें इनकी कोई परवाह नहीं है।

पंजाब नहीं झुकेगा-सीएम: वहीं इस रेड पर भड़के सीएम भगवंत मान ने ट्वीट कर भाजपा पर निशाना साधा है। सीएम ने एक्स पर लिखा-आज फिर बीजेपी की ईडी संजीव अरोड़ा के घर आई है। एक साल में यह तीसरी बार है जब बीजेपी की ईडी उनके घर आई है, और एक महीने में दूसरी बार। फिर भी उन्हें कुछ नहीं मिला। मैं मोदी जी से कहना चाहता हूं कि पंजाब गुरुओं की धरती है; औरंगजेब भी इसे झुका नहीं पाया था। यह भगत सिंह की धरती है, जिन्होंने अंग्रेजों के सामने कभी सिर नहीं झुकाया; इसलिए पंजाब मोदी की चालों के आगे कभी नहीं झुकेगा। पंजाब, ईडी और भाजपा के इस अनैतिक गठबंधन को खत्म कर देगा।

बड़ी प्रशासनिक सर्जरी और सामाजिक चेतना



साय सरकार में लम्बे समय बाद हुई बड़ी प्रशासनिक सर्जरी से नौकरशाही में कही खुशी कही गम का माहौल हैं। 2012 बैच की आईएएस अफसर सुश्री पुष्पा साहू का एक दिनी बदलाव सामाजिक और राजनीतिक बवंडर ले आया। एक दिन पहले कोरिया की कलेक्टर बनाई गई पुष्पा साहू को 24 घंटे के अन्दर ही वापस राजधानी ले आया गया। उनकी जगह 2016 बैच की रोक्तिमा यादव को पोस्ट किया गया है। अब सामाजिक या राजनीतिक चेतना का आलम ये है कि पहले कांग्रेस और फिर आम आदमी पार्टी (प्रदेश अध्यक्ष) से होते हुए भाजपा की दहलीज पर खड़े गोपाल साहू ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पुष्पा साहू की पोस्टिंग बदलने को साहू समाज की उपेक्षा कहा हैं। शायद गोपाल साहू को नहीं मालूम कि रोक्तिमा यादव भी पूर्व प्रांत संघ चालक बिसराराम यादव परिवार से हैं और उनके बेटे गजेन्द्र यादव अभी केबिनेट मंत्री है। और फिर प्रशासनिक व्यवस्था का अपना प्रोटोकाल तो है ही। वैसे भी रोक्तिमा यादव के एक बैच बाद 2017 बैच के चार डायरेक्ट आईएएस रोहित व्यास जशपुर, मयंक चतुर्वेदी रायगढ़, अमित कुमार दन्तेवाड़ा और कुणाल दुधावत कोंडागांव में पिछले एक साल से कलेक्टर हैं। सो प्रशासनिक दृष्टि के बदलाव स्वीकार्य होना चाहिए।

कही खुशी कही गम

ऐसा नहीं है कि नौकरशाही के इस भारी भरकम बदलाव से सब खुश ही है, कुछ को गम भी है लेकिन गम-ए-इजहार नहीं हो सकता सो स्वीकार्य है। पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी कलेक्टर को नगर निगम का कमिश्नर बनाया हो। बीजापुर कलेक्टर रहे सम्बित मिश्रा(2018) और रायपुर नगर निगम कमिश्नर रहे विश्वजीत (2019) को एक दूसरे से अदला बदली की गई। इसे बदलाव का नवाचार भी कह सकते है। बदलाव के तौर पर देखें तो पहली बार ऐसा हो रहा है कि आदेश जारी होने के बाद वापस भी हो रहे हैं। मसलन पिछले दिनों शासकीय कर्मियों को सामाजिक, राजनीतिक संगठनों में सक्रिय भागीदारी को लेकर निकला आदेश 24 घंटे में वापस हुआ। कमोबेश ऐसा ही पुष्पा साहू के लिए निकला कलेक्टर का आदेश 24 घंटे में रिवर्स हुआ। इससे यह तो साबित होता है कि सरकार बेहिचक अपनी त्रुटि मानकर जनअपेक्षाओ के अनुसार बदलाव कर लेती है। बहरहाल 43 अफसरों के जम्बो बदलाव से कही खुशी कही गम का माहौल है।

लेफ्ट राईट, लेफ्ट राईट, लेफ्ट राईट, जीत बंगाल में जश्न छत्तीसगढ़ में

बंगाल की जीत का जश्न छत्तीसगढ़ में मनाया जा रहा हैं। वैसे तो पूरे देश का राईट विंग इस जीत का जश्न मना रहा हैं। जब चुनाव बंगाल में हो तो लेफ्ट-राईट होना स्वाभाविक ही था। लेफ्ट की जमीन पर राईट का कब्जा होने पर जश्न तो बनता ही है। छत्तीसगढ़ से सत्ता और संगठन के 90 फीसदी नेता मंत्री कार्यकर्ता बंगाल में महिनों से जान हथेली पर लेकर डटे रहे और गाहे बगाहे सभा, बैठकों और अन्य राजनीतिक गतिविधियों के फोटो वीडियों सोशल मीडिया पर पोस्ट करते रहे। लेकिन इन सबके बीच भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल सन्तोष की बैठक का वह वीडियों खूब वायरल रहा, जिसमें उन्होंने कार्यकर्ताओं से हामी भरवाई कि डेमोक्रेसी मिडिल लाईन पर चलती हैं। स्ट्रीम लाईन को एक्सेप्ट नहीं करती। और वो मीडिल लाईन जनता का कल्याण हैं चाहे विधा कोई भी हो। सो उनका कहना है कि मीडिया में हमें कभी-कभी राईट विंग बोलते है वो हम नहीं है, क्योकि कभी हिटलर राईट विंगर था, हम नेशनलिस्ट है, राष्ट्रवादी है और आप चाहे तो इस शब्द को बंगाली में बता सकते हो। बीएल सन्तोष के उर्जा से भरे इस ओजस्वी बौद्धिक संबोधन का असर चुनाव परिणाम के रूप में धरातल पर दिखा भी। किसी भी विंग के बुद्धिजीवि को यू-ट्युब पर जाकर बीएल संतोष का ये भाषण सुनना चाहिए। बहरहाल छत्तीसगढ़ में सत्ता और संगठन बंगाल की जीत का जश्न मना रही है और हर दूसरा, तीसरा मंत्री, कार्यकर्ता एक दूसरे और, तीसरे से अपने अनुभव शेयर कर रहा हैं।

एनएच अफसरों के फूलने लगे हाथ-पांव

राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग का नया कारनामा सामने आया है। अब तक पुल और राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में गड़बड़ घोटाले की कालिख एनएच के अफसरों पर लगती रही है। लेकिन अब लापरवाही की नई मिसाल पेश कर दी गई है। धमतरी से जगदलपुर जाने के लिये केशकाल घाटी के लिये बायपास मार्ग तैयार करने 8 हजार से ज्यादा पेड़ कांटे गए हैं। हजारों पेड़ों की कटाई के बाद पता चला कि बायपास दूसरी जगह से होकर बनेगा। यानी जहां पेड़ कटने थे, वहां नहीं कटे बल्कि दूसरी जगह पर पेड़ों की कटाई कर दी गई। वन विभाग ने पेड़ों की कटाई के मामले में पौने तीन करोड़ रुपए वसूल किये हैं। अलाइनमेंट छोड़कर दूसरी जगह कटाई होने के मामले में अब यह रकम एनएच अफसरों से वसूल की जा सकती है। करोड़ों की वसूली और मामले की विस्तृत जांच के निर्देश के बाद अब एनएच के अफसरों के हाथ पांव फूलने लगे हैं।

35 किमी का सफर और घंटों का संघर्ष

दुर्ग से रायपुर के बीच 35 किलोमीटर की दूरी तय करना आज यात्रियों के लिए किसी मानसिक प्रताड़ना से कम नहीं है। विडंबना यह है कि जिस सफर को अधिकतम 45 मिनट में पूरा होना चाहिए, उसे तय करने में एक्सप्रेस और लोकल ट्रेनें 2 से 2.5 घंटे का समय ले रही हैं। यह लेटलतीफी अब केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के आर्थिक संकट का कारण बन रही है। रोज सफर करने वाले कर्मचारी समय पर दफ्तर नहीं पहुँच पा रहे हैं। लगातार 'हाफ-डे' लगने और वेतन कटने से उनकी आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। घंटों तक आउटर पर ट्रेन खड़ी रहने से यात्रियों में हताशा और तनाव बढ़ रहा है, जिसका सीधा असर उनके कार्यक्षमता और स्वास्थ्य पर पड़ता है। आधुनिक तकनीक और ट्रैक विस्तार के तमाम दावों के बावजूद हकीकत इन दावों से कोसों दूर है। एक्सप्रेस ट्रेनों का भी पैसेंजर की तरह चलना रेलवे प्रबंधन की विफलता को दर्शाता है। रेलवे मंडल को यह समझना होगा कि उनके लिए जो केवल 'मिनटों की देरी' है, वह एक मजदूर या मध्यमवर्गीय कर्मचारी के लिए 'रोजी-रोटी' का नुकसान है।

विधायक पर चढ़ा सत्ता का नशा

कुछ लोगों पर सत्ता का नशा ज्यादा ही चढ़कर बोलने लगता है। पद-सम्मान मिलते ही सत्ता मद में चूर होकर भाजपा की महापौर का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वो एक ठेले वाले को मारने की चेतावनी दे रही हैं। अब एक विधायक पर भी सत्ता का नशा चढ़ गया है। सुशासन तिहार के दौरान विधायक ने कह दिया कि रिश्वतखोर पटवारी को जूता मारेंगे। यह वीडियो वायरल होने के बाद पटवारी संघ ने सुशासन तिहार के बहिष्कार की चेतावनी दी है। जोश-जोश में फ्रंट फुट में खेल रहे विधायक अब बैकफुट पर आ गए हैं। खास बात ये है कि अब राजिम के पटवारी विधायक की पोलपट्टी खोलने पर आमादा हैं। कांग्रेसी भी बहती गंगा में हाथ धोने बेताब है।

शिक्षक बर्बाद कर रहे बच्चों का भविष्य

बच्चों को देश का भविष्य कहा जाता हैं। इस लिहाज से शिक्षक देश के भविष्य निर्माता हुए। मगर छत्तीसगढ़ के हजारों शिक्षक ऐसे हैं जो बच्चों के भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं। सरकारी स्कूलों में अच्छी-खासी तनखा पाने के बावजूद समय पर स्कूल न जाने, समय से पहले स्कूल से घर लौटने, क्लास के दौरान स्टाफ रूम में गपशप करने जैसी शिकायतों के साथ अक्सर बिना अवकाश लिये छुट्टी लेने के अनगिनत मामले पकड़े जा चुके हैं। छत्तीसगढ़ के 79 शिक्षकों को अगले 3 से 6 वर्ष के लिये मूल्यांकन सहित अन्य पारिश्रमिक कार्यों से बैन कर दिया गया है। इन शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षाओं में कापियां जांचते समय लापरवाही की। पुनर्मूल्यांकन के दौरान छात्रों के अंक 20 से 50 अंक बढ़ने पर यह कार्रवाई की गई। शिक्षा विभाग के अफसरों का एक वर्ग इन शिक्षकों के मूल्यांकन के तरीके की जांच के साथ-साथ शिक्षकीय क्षमता की जांच करने की मांग कर रहा है। सवाल ये है कि हर साल ट्रेनिंग के बावजूद शिक्षक कब ट्रेंड होंग?

कांग्रेसियों का भरोसा नहीं

कांग्रेस का उच्च कमान दिल्ली में बैठकर संगठन को मजबूत बनाने जितनी माथापच्ची करते हैं, निचले स्तर पर कांग्रेस नेता पार्टी की उतनी ही दुर्गति करने में लगे है। अभी कुछ महीने पहले संगठन सृजन के जरिये पूरे देश में जिला और ब्लाक स्तर के साथ-साथ मंडल, वार्ड और बूथ स्तर पर कांग्रेस संगठन का ढांचा नए सिरे से तैयार किया गया। अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी ऐसी सभी कमेटियों की जांच कर रही है। कई बार कांग्रेस नेताओं ने कमरे में बैठकर अलग-अलग स्तर की कमेटियां बनाकर लिस्ट भेज दी। बाद में पता चला कि लिस्ट में जिनके नाम हैं, वो भाजपा के लिये काम कर रहे हैं। कईयों को कांग्रेस कार्यकर्ता होने की जानकारी ही नहीं थी। इसीलिये, अब नई कमेटियों की जांच की जा रही है। बड़ी बात ये है कि असंतुष्ट नेता अंदरूनी स्तर पर चल रही छानबीन के बारे में मीडिया को जानकारी दे रहे हैं ताकि, एक-दूसरे पर भरोसा न होने के मामले को तूल दिया जा सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com